हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

शुक्ल पक्ष, विशाखा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • रविवार • 06 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 297 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

झारखण्ड सरकार
सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF JHARKHAND

हर झारखण्डी का अपना आवास

अबुआ आवास

बहुत तकलीफ में थे। मिट्टी का पूरा घर बारिश में टपकता था। मुझे फिर अबुआ आवास मिला। इसकी तीसरी किश्त मुझे मिल गयी है। जल्द मेरा घर भी बन जायेगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जी का बहुत-बहुत आभार, जोहार।

उर्मिला देवी, हजारीबाग

अबुआ आवास योजना अंतर्गत

25 लाख+

परिवारों को आवास

8 लाख आवास पर शुरू हुआ काम

तीन कमरों का पक्का मकान एवं रसोई घर का हो रहा निर्माण

₹2 लाख की सहायता राशि मिल रही प्रति आवास

PR No. 338157 / IPRD / 2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

वृषभनाथ फाउंडेशन ने नगर निगम की नीतियों पर सवाल उठाए, गौवंशों के संरक्षण की मांग

गया| बोधगया के खजवटी स्थित वृषभनाथ फाउंडेशन (जो बेसहारा गौवंशों के संरक्षण के लिए कार्यरत है) ने नगर निगम की नीतियों और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। संस्थान की संयुक्त सचिव नेहा कुमारी ने इस संबंध में नगर आयुक्त को पत्र भी लिखा। फाउंडेशन ने यह आरोप लगाया है कि गया के कई क्षेत्रों जैसे नादरागंज, करीमगंज, महरूफगंज आदि में गौवंशों का वध जारी है। यह न केवल बिहार पशु संरक्षण एवं सुधार अधिनियम 1955 का उल्लंघन है, बल्कि इससे पर्यावरण और स्वच्छता पर भी गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि नगर-निगम सड़क पर भटक रहे गौवंशों को पकड़कर संस्थान तक पहुंचा देती है, पर उनके मालिक का कोई विवरण नहीं होता। ऐसे में, जब कोई जुर्माना भरकर अपनी मवेशी वापस लेने आता है, तो यह सत्यापित नहीं हो पाता कि मवेशी उन्हीं की है या किसी और की। संस्था ने निगम से मांग की है कि ऐसे पशु स्वामी के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करें, ताकि पशुओं के अधिकारों का संरक्षण हो सके।

जीविका कैडर संघ ने किया प्रखंड मुख्यालय पर प्रदर्शन

मोहड़ा| प्रखंड मुख्यालय पर शुक्रवार को जीविका कैडर संघ के बैनर तले दर्जनों की संख्या में महिलाओं ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। सदस्यों ने बीडीओ से मिलकर जीविका के अधिकारियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। मौके पर प्रखंड जीविका कैडर संघ अध्यक्ष सावित्री देवी, सचिव गायत्री देवी, कोषाध्यक्ष संगीता कुमारी ने बताया कि कैडर संघ के आह्वान पर मोहड़ा प्रखंड में जीविका दीदी हड़ताल पर हैं। हड़ताल पर जाने पर जीविका के अधिकारी राकेश रंजन, बीपीएम अविनाश कुमार, सीसी कमलेश पासवान के द्वारा कार्य शुरू नहीं करने पर एफआईआर दर्ज कराने की धमकी दी जा रही है।

परिवहन योजना : दूसरे दिन 20 लाभुकों को सौंपा चयन पत्र

गया। बिहार सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी 'सीएम प्रखंड परिवहन योजना' के दूसरे चरण के तहत शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन जिला परिवहन कार्यालय में चयनित लाभुकों के बीच चयन पत्र का वितरण किया गया। जानकारी हो कि इस योजना के तहत 1-25 अगस्त तक विभाग द्वारा ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। डीटीओ राजेश कुमार ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य गांवों से प्रखंड मुख्यालयों तक यात्रियों के लिए सुगम बस सेवा प्रदान करना है। साथ ही, इससे बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार का अवसर भी मिलेगा। बताया कि योजना के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों से 183 लोगों ने आवेदन किया था। इसमें 72 लोगों का आवेदन चयन समिति द्वारा स्वीकृत की गई है। स्वीकृत आवेदकों को चयन-पत्र सौंपने की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू कर दी गई है। पहले दिन 10 आवेदकों ने जिला परिवहन कार्यालय से चयन पत्र प्राप्त किया था। वहीं दूसरे दिन शुक्रवार को करीब 20 लोगों ने चयन-पत्र प्राप्त किया। मौके पर मोटरयान निरीक्षक, प्रवर्तन निरीक्षक, प्रवर्तन अवर निरीक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।

महिला यात्री का बैग चोरी करने वाले दो चोरों को दबोचा

गया|रेल थाने की पुलिस ने गाड़ी संख्या 18624 अप हटिया-इस्लामपुर एक्सप्रेस में यात्रा कर रहीं दो महिला यात्री का बैग व पर्स चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से महिला यात्री का चोरी गया लैपटॉप, आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि बरामद हुए हैं। पकड़े गए दोनों चोर टनकुप्पा थाना क्षेत्र के बेलदार बिगहा के रहने वाले सौरभ पासवान (सरगना) व नितिश कुमार हैं। रेल डीएसपी आलोक कुमार सिंह ने बताया कि 30 सितंबर को हटिया-इस्लामपुर एक्सप्रेस में यात्रा कर रही झारखंड के लातेहार जिले के बरवाडीह की रहने वाली पल्लवी प्रियदर्शिनी ने गया रेल थाना में मामले की शिकायत दर्ज करायी थी ।

महिला से झगड़ा कर रहे बदमाशों ने ऑटो चालक पर चला दी गोली, जख्मी

करायपरसुराय|करायपरसुराय थाना अंतर्गत बिहौदी बिगहा पुल के समीप गुरुवार की शाम ऑटो सवार महिला से झगड़ा कर रहे बदमाशों ने बीच-बचाव करने पर चालक पर गोली चला दी। पिलेट चालक को मामूली रूप से जख्मी कर निकल गई। जख्मी चालक बाहापर निवासी गोरख यादव का पुत्र राजू कुमार है। चालक ने बताया कि शाम में उनके ऑटो पर दो महिला सवार हुईं। उसी दौरान एक युवक आकर महिलाओं से झगड़ा करने लगा। वह झगड़ा शांत कराने प्रयास कर रहे थे। उसी दौरान आक्रोशित हो बदमाश पिस्टल निकालकर, उन पर फायरिंग कर दिया। गोली उनके शरीर को मामूली रूप से जख्मी कर निकल गई। घटना में उनकी जान जा सकती थी। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि जख्मी चालक ने घटना की प्राथमिकी दर्ज कराई है। अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

स्मार्ट मीटर, महंगाई और बेरोजगारी के विरोध में कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा

टिकारी। मीटर, महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ शुक्रवार को कांग्रेसियों ने पदयात्रा निकाली। बनवारी आश्रम से डाकबंगला तक पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में शामिल कांग्रेसियों ने कहा कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है। नेताओं ने प्रीपेड मीटर की खामियों को गिनाते हुए सूबे की सरकार को घेरा। नेताओं ने पहले की तरह ही घरों व प्रतिष्ठानों में मीटर लगाये जाने की मांग की व स्मार्ट मीटर को हटाने की मांग की। नेताओं ने यह भी कहा कि जबरन लोगों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। उपभोक्ताओं के शोषण का आरोप लगाते हुए आम लोगों से इसका विरोध करने की अपील की गई। पदयात्रा में कांग्रेसी नेता सत्येंद्र नारायण, वृजमोहन शर्मा, बाल्मीकि प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष नाथुन पासवान, जगरुप यादव, सीताराम, मोहन पासवान, विमलेश शर्मा शामिल थे।

आइडिएशन चैलेंज में जीबीएम की छात्राओं का रहा बेहतर प्रदर्शन

गया। स्टार्टअप बिहार योजना के तहत गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गया के स्टार्ट अप सेल द्वारा छात्राओं के लिए आयोजित स्टार्टअप बिहार आइडिएशन चैलेंज प्रतियोगिता में जीबीएम कॉलेज की बीबीएम कक्षा उत्तीर्ण छात्रा रिया कुमारी प्रथम, बीकॉम सेमेस्टर वन की छात्रा कृतिका सिन्हा द्वितीय और सपना कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। स्टार्ट अप बिहार के कार्यक्रम समन्वयक डिस्ट्रिक्ट स्टार्टअप को-ऑर्डिनेटर सुशांत कुमार ने गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गया के स्टार्ट अप सेल द्वारा प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थानों पर चयनित इन तीनों छात्राओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. सहदेब बाउरी के संरक्षण और अर्थशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नगमा शादाब के संयोजन में चयनित तीनों छात्राओं को इस उपलब्धि के लिए सभी प्रोफेसरों व पीआरओ डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी आदि ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। बताया गया कि स्टार्टअप इंडिया, भारत सरकार की एक योजना है जिसके तहत देश में स्टार्टअप सपोर्ट हब विकसित किए गए हैं। इस योजना के तहत, महिला उद्यमियों और एससी और एसटी समुदायों के उद्यमियों को ऋण राशि दी जाती है।

जमीनी विवाद को लेकर गोलीबारी में एक घायल, 4 गिरफ्तार

♦ नालंदा में बदमाशों ने बाएं पैर में मारी गोली, फरार आरोपी को लेकर छापेमारी

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा जिले के चिकसौरा थाना क्षेत्र के भवानी बिगहा गांव में शुक्रवार को जमीनी विवाद को लेकर गोलीबारी में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल व्यक्ति की पहचान भवानी बिगहा गांव निवासी बिरजू यादव उर्फ बिरजू प्रसाद के पुत्र मनीष यादव (30) के रूप में हुई है। घटना को लेकर जानकारी मिली है कि घायल मनीष यादव अपनी जमीन पर था। इसी दौरान कुछ बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया और उसकी बाएं टांग में गोली मार दी। घटना की सूचना लोगों ने चिकसौरा थाना को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस जख्मी को अस्पताल ले गई: मामले की सूचना मिलते ही चिकसौरा थानाध्यक्ष बब्बन कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद मनीष को बेहतर इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है।

मामले में चार आरोपी गिरफ्तार: इस संबंध में चिकसौरा थानाध्यक्ष बब्बन कुमार ने बताया कि इस मामले में पुलिस ने जख्मी के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में पांच लोगों को आरोपी बनाया गया है। जिनमें से चार को गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। हिलसा डीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि यह घटना जमीनी विवाद के कारण हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पटना से एफएसएल की टीम को साक्ष्य संकलन के लिए बुलाया गया है।

छात्रों को रेल कोच मरम्मत की दी जानकारी

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के पीएमश्री केंद्रीय स्कूल के 127 छात्र शनिवार को हरेका स्थित रेलवे वर्कशॉप में शामिल हुए। इस भ्रमण के माध्यम से छात्रों को रेलवे कोच के निर्माण और मरम्मत की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने वर्कशॉप के विभिन्न खंडों का बारीकी से निरीक्षण किया। रेलवे के इंजीनियरों ने छात्रों को बताया कि कैसे कोचों को बनाया और मरम्मत किया जाता है। उन्होंने विभिन्न उपकरणों के बारे में जानकारी दी। रेलवे क्षेत्र में काम करने की टीम वर्क के महत्व पर भी जोर दिया। मालूम हो कि ये भ्रमण छात्रों के लिए एक शैक्षिक दौरा था। इसने छात्रों को सिखाया कि एक रेलवे कोच कैसे बनता है। इसमें कितनी मेहनत लगती है। इससे छात्रों के ज्ञान में बढ़ोतरी हुई है। उन्हें इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित किया गया है।

छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान में होती है बढ़ोतरी: विद्यालय के प्राचार्य सीबी कुमार ने बताया कि इस तरह के भ्रमण छात्रों के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इससे छात्रों का व्यावहारिक ज्ञान बढ़ता है। वे अपनी कक्षा में पढ़ी हुई चीजों को प्रत्यक्ष रूप से देख पाते हैं। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों में आनंद, अभिषेक, ए.के. गौतम, अमिता, शशि प्रताप, अमिता शेखर, नीलम, अमरनाथ, राजीव, सुरेन्द्र और गरिमा सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

गया में पेट्रोल पंप के कर्मचारियों का हड़ताल

निज संवाददाता। गया

गया शहर के मिर्जा गालिब कॉलेज स्थित भारत पेट्रोलियम पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने पेमेंट घोटाला का आरोप लगाया है। इसके साथ ही वो हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताली कर्मचारियों का कहना है कि हमारे खाते में भारत पेट्रोलियम कंपनी प्रत्येक महीने 15 हजार 159 रुपए कर्मचारियों के निजी खाते में सीधे तौर पर ट्रांसफर किए जाते हैं। लेकिन, पेट्रोल पंप मालिक के निर्देश पर यहां के मेन ऑपरेटर पंप कर्मियों को महीने के 290 रुपए के हिसाब से 9 हजार देते हैं। 6 हजार हर महीने हम लोगों से नकद वापस ले लिया जाता है। पूछने पर बताते हैं कि कंपनी के ऊपर के अफसरों को पैसा देना होता है।

विरोध करने पर नौकरी से हटाने की धमकी: नोजल मैन रविन्द्र कुमार ने बताया कि बीते 8 से 10 सालों से हम यहां काम कर रहे हैं। यहां से 6 हजार रूपए 46 कर्मचारी हर महीने वापस पैसा ले लेते है। जब इसका विरोध करते हैं , तो हम लोगों को जॉब से हटाने की भी धमकी दी जाती है। बीती रात इसका विरोध करने पर 3 गरीब कर्मचारियों को हटा दिया गया। नोजल मैंन ने बताया कि जब हम लोग इसका विरोध कंपनी के अधिकारियों से किया तो वहां से बोला गया कि हम लोग किसी प्रकार का पैसा का डिमांड नहीं करते हैं।

बिजली के खंभे से बस की टक्कर, 16 लोग घायल

♦ नालंदा से अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे सभी, चालक फरार

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में शुक्रवार को एक बस दुर्घटना में 16 लोग घायल हो गए है। इनमें से चार की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। हादसा उस समय हुआ है, जब एक अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे लोगों की बस बिजली के खंभे से टकरा गई। घटना के बाद चालक फरार है। स्थानीय पुलिस के अनुसार, बस चिकसौरा थाना क्षेत्र के आमात गांव से पटना के फतुहा श्मशान घाट जा रही थी। करायपरसुराय थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि डियावा-वेरथू रोड पर नेशरा गांव के पास एक अन्य वाहन को बचाने के प्रयास में बस अनियंत्रित होकर पलट गई है।

सभी घायल अस्पताल में भर्ती: गंभीर रूप से घायल चारों व्यक्तियों की पहचान अरुण यादव, फौदारी यादव, रामदेव यादव और नौलेश यादव के रूप में की गई है। सभी घायलों को पटना मेडिकल कॉलेज और PMCH में भर्ती कराया गया है। स्थानीय निवासियों ने तत्काल राहत काम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दुर्घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। पुलिस ने एंबुलेंस और अन्य वाहनों की मदद से घायलों को नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया।

बस चालक फरार: पुलिस ने बताया कि बस को कब्जे में ले लिया गया है। लेकिन, चालक मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने कहा कि चालक की तलाश की जारी है। मामले की जांच की जा रही है। यह दुर्घटना उस समय हुई जब आमात गांव की निवासी गोंदी देवी के अंतिम संस्कार के लिए लगभग 40 लोग फतुहा जा रहे थे। एक ऑटो रिक्शा को रास्ता देने के प्रयास में बस अनियंत्रित हो गई, जिसके परिणामस्वरूप यह घटना घटी।

आज से अलग-अलग थाना परिसर में लगेगा जॉब कैंप

निज संवाददाता। नालंदा

♦ सिक्योरिटी कंपनी 1020 युवकों का करेगी चयन, 27 हजार रुपए तक मिलेगी सैलरी

नालंदा जिले के बेरोजगार युवकों के लिए खुशखबरी है। जिले के सभी थाना परिसरों में 5 अक्टूबर से 7 नवंबर तक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में सुरक्षा और इंटेलिजेंस सेवाओं की एक प्रमुख कंपनी, सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विसेज लिमिटेड, 1020 युवकों को रोजगार देने जा रही है। भर्ती के लिए पुरुष अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। सुरक्षा जवान के पद के लिए मैट्रिक पास होना जरूरी है, जबकि सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए इंटरमीडिएट पास होना चाहिए। उम्र सीमा 19 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 15,500 से 27,000 रुपए तक का वेतन और अन्य सुविधाएं दी जाएगी।

एक महीने का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा: चयनित अभ्यर्थियों को बहियार (आरा) में स्थित कंपनी के प्रशिक्षण केंद्र में एक महीने का आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान रहने और खाने की सुविधा कंपनी देगी। प्रशिक्षण के बाद उन्हें देश के विभिन्न राज्यों में ड्यूटी पर तैनात किया जाएगा। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों को मैट्रिक का मार्कशीट, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और पासपोर्ट साइज फोटो लेकर निर्धारित तिथि और समय पर संबंधित थाना परिसर में पहुंचना होगा। जिला प्रशासन इस रोजगार मेले में पूरा सहयोग कर रहा है। प्रशासन का मानना है कि इस तरह के आयोजन से जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और बेरोजगारी की समस्या कम होगी।

कब कहां लगेगा रोजगार मेला: 05 अक्टूबर को चण्डी थाना परिसर, 06 अक्टूबर एकंगरसराय थाना परिसर , 08 अक्टूबर को हरनौत थाना परिसर , 09 अक्टूबर को हिलसा थाना परिसर , 10 अक्टूबर को इस्लामपुर थाना परिसर, 17 अक्टूबर को करायपरसुराय थाना परिसर, 18 अक्टूबर को कतरीसराय थाना परिसर, 19 अक्टूबर को लहेरी थाना परिसर, 20 अक्टूबर को नालंदा थाना परिसर, 21 अक्टूबर को नूरसराय थाना परिसर , 22 अक्टूबर को परवलपुर थाना परिसर, 23 अक्टूबर को राजगीर थाना परिसर, 24 अक्टूबर को सिलाव थाना परिसर , 25 अक्टूबर को बिंद थाना परिसर, 26 अक्टूबर को तेलहाड़ा थाना परिसर , 27 अक्टूबर को तेलमर थाना परिसर, 28 अक्टूबर को नगरनौसा थाना परिसर, 01 नवंबर को औंगारी थाना परिसर, 02 नवंबर को थरथरी थाना परिसर, 03 नवंबर को खुदागंज थाना परिसर, 04 नवंबर को छबीलापुर थाना परिसर, 05 नवंबर को बेन थाना परिसर, 06 नवंबर को मानपुर थाना परिसर, 07 नवंबर को बिहार शरीफ थाना परिसर 1

2 साल से गुम महिला बगहा में मिली

निज संवाददाता। बगहा

नालंदा जिले से दो साल पहले गुम हुई 40 वर्षीय महिला विभा कुमारी आखिरकार बगहा के रामनगर में सुरक्षित मिल गई। दो वर्षों तक बिहार से लेकर अलीगढ़ तक भटकने के बाद, विभा कुमारी रामनगर पहुंचीं। इस बीच, जब वह ट्रेन से उतरकर रामनगर में इधर-उधर भटक रही थीं, तब पुलिस की गश्ती टीम ने उन्हें देखा। पुलिस ने तुरंत महिला से पूछताछ की, जिसके दौरान विभा ने अपना नाम और पता बताया। इससे पता चला कि वह नालंदा जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र की निवासी हैं और दो साल पहले घर से भटक गई थीं। महिला ने बताया कि वह अलीगढ़ और अन्य कई स्थानों पर भटकती रहीं। इस घटना के बाद, उसके परिजनों ने नालंदा के सरमेरा थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रामनगर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए विभा के परिजनों से संपर्क किया, जिसके बाद उनके पिता रामनगर पहुंचे। पिता और बेटी का मिलन बेहद भावुक था। अपने पिता से मिलते ही विभा की आंखों में आंसू आ गए, और दोनों एक-दूसरे को देखकर भावुक हो उठे। विभा के पिता ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, "दो साल से हम अपनी बेटी को ढूंढ रहे थे। भगवान का शुक्र है कि वह सुरक्षित मिल गई। पुलिस ने हमारी बहुत मदद की, हम उनके आभारी हैं।"

बढ़ती आपराधिक घटनाओं के विरोध में खंजाहापुर बाजार बंद, पसरा सन्नाटा

प्रखंड के मुफ्फसिल और बुनियादगंज थाना क्षेत्र में बढ़ती आपराधिक घटनाओं के विरोध में खंजाहापुर के तमाम व्यापारिक प्रतिष्ठान शुक्रवार को बंद रहे। इसका असर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में देखा गया। बताया जा रहा है कि हाल के दिनों में लूट, छिनतई, हत्या, डकैती की कई वारदात हुईं हैं। लेकिन, पुलिस इसको लेकर गंभीर नहीं है। पुलिस का ध्यान बालू और शराब पर केंद्रित है। इस बाबत हम नेता व पार्षद प्रतिनिधि छोटू कुशवाहा ने कहा कि बुधवार को खंजाहापुर स्थित आरवीएम फ्यूचर निधि लिमिटेड में पांच की संख्या में रहे अपराधियों द्वारा ताबड़तोड़ फायरिंग कर लूट की वारदात को अंजाम दिया। इस घटना में प्रोपराइटर समेत चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए। बताया कि छह माह पूर्व भी यहां लूट की वारदात हुई थी। कहा कि अगर 48 घंटे के भीतर सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे बदमाशों को गिरफ्तार नहीं किया जाता है, तो यहां के समस्त व्यवसायी व किसान सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बताया कि आपराधिक घटनाओं के विरोध में मानपुर-टेउसा मार्ग स्थित सूर्यपोखरा से खंजाहापुर पेट्रोल पंप तक लगभग चार सौ छोटी-बड़ी दुकानें, निजी विद्यालय, सीएसपी आदि सभी बंद हैं। वहीं जिला पार्षद कुंदन चौधरी ने कहा कि अपराध नियंत्रण के प्रति पुलिस का रवैया सही नहीं है।

नालंदा में 11-20 नवंबर तक अंतर्राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप

निज संवाददाता। नालंदा



♦ भारत, चीन, जापान, मलेशिया, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया की टीम मैदान में होगी, निःशुल्क होगा एंट्री

प्राचीन मगध साम्राज्य की ऐतिहासिक नगरी राजगीर इस नवंबर एशियाई महिला हॉकी के इतिहास में एक नया अध्याय लिखने के लिए तैयार है। यहाँ 11 से 20 नवंबर तक आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप में एशिया की छह प्रमुख टीमें - भारत, चीन, जापान, मलेशिया, थाईलैंड और दक्षिण कोरिया अपनी श्रेष्ठता साबित करने के लिए मैदान में उतरेंगी। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने प्रतियोगिता के सभी मैच के लिए निःशुल्क प्रवेश की घोषणा की है। इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के हॉकी मैदान में लगभग 3,000 दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की गई है। प्रतिदिन तीन मैच आयोजित किए जाएंगे, जिनका सीधा प्रसारण भी किया जाएगा।

पांच सीतारा होटलों में ठहरने की व्यवस्था: खिलाड़ियों के लिए बोधगया के पांच सीतारा होटलों में ठहरने की व्यवस्था है। शहर के सौंदर्यीकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने की योजना चलाई जा रही है।

अतिक्रमण हटाने का काम भी शुरू कर दिया गया है: अनुमंडल पदाधिकारी कुमार ओमकेश्वर के अनुसार प्रतियोगिता के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था को पूर्णतः सुचारू रखा जाएगा। नेशनल हाईवे-82 से अवैध अतिक्रमण हटाया जा चुका है, जिससे सड़क की सुंदरता बढ़ी है। यह आयोजन न केवल बिहार के खेल इतिहास में एक मील का पत्थर साबित होगा, बल्कि राजगीर को अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर भी स्थापित करेगा। स्थानीय युवाओं में इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

Page 11

खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10

देश

इंडिया-बांग्लादेश : संजू सैमसन करेंगे ओपन, दो खिलाड़ियों का डेब्यू!

तीन महीने के प्रशिक्षण के बाद अब गंगा की लहरों पर कराएंगी पर्यटकों को सैर

शुक्ल पक्ष, विशाखा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • रविवार • 06 अक्टूबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 297 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

'कूष्मांडा'

मां दुर्गा का चौथा रूप 'कूष्मांडा'

नवरात्र के चौथे दिन दुर्गाजी के चतुर्थ स्वरूप मां कूष्मांडा की पूजा और अर्चना की जाती है। माना जाता है कि सृष्टि की उत्पत्ति से पूर्व जब चारों ओर अंधकार था तो मां दुर्गा ने इस अंड यानी ब्रह्मांड की रचना की थी। इसी कारण उन्हें कूष्मांडा कहा जाता है। सृष्टि की उत्पत्ति करने के कारण इन्हें आदिशक्ति नाम से भी अभिहित किया जाता है। इनकी आठ भुजाएं हैं और ये सिंह पर सवार हैं। सात हाथों में चक्र, गदा, धनुष, कमण्डल, कलश, बाण और कमल है।

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 22 कैरेट	1 किलो चांदी
₹ 77,670	₹97,000

आज का इतिहास

- 1862 : भारतीय दंड संहिता कानून पारित हुआ और एक जनवरी से लागू हुआ।
- 2014 : भारत और पाकिस्तान में चार नागरिकों की मौत के कारण पाकिस्तान और भारत की सीमाओं पर आग लग गई।

न्यूज बाइट्स

इंडिगो एयरलाइन का सर्वर डाउन

नई दिल्ली (ए.)। इंडिगो एयरलाइन का ऑनलाइन पैसेंजर सर्विस सिस्टम डाउन हो गया है। लोग एयरलाइन के टिकिट्स की ऑनलाइन बुकिंग और चेक-इन नहीं कर पा रहे हैं। एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट्स की उड़ान और ग्राउंड सर्विसेस भी प्रभावित हुई हैं। इसके चलते देशभर के एयरपोर्ट्स पर पैसेंजर्स की लंबी कतारें देखी गई हैं। एयरलाइन की तरफ से परेशानी के बारे में तो जानकारी दी गई है, लेकिन पैसेंजर्स के लिए कोई वैकल्पिक इंतजाम न हो पाने की वजह से वे घंटों तक एयरपोर्ट्स पर इंतजार कर रहे हैं।

बिहार के 15 जिले में खुलेंगे 20 स्क्रैपिंग सेंटर

पटना (ए.)। खटारा और दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों को स्क्रैप तो, किया जाएगा मगर उसका डाटा सुरक्षित रखा जाएगा, ताकि चोरी के वाहनों को स्क्रैप किए जाने से रोका जा सके। इसके लिए स्क्रैप केंद्रों पर गाडियों से जुड़े डाटा की जानकारी संग्रहित की जाएगी। परिवहन विभाग ने सभी स्क्रैप केंद्रों को इस बाबत निर्देश दिया है।

भारत में बने चिप्स जल्द ही दुनिया भर में पहुंचाए जाएंगे : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स (एआई) और सेमीकंडक्टर जैसी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और बहुत जल्द पांच सेमीकंडक्टर संयंत्र दुनिया के हर कोने में मेड इन इंडिया 'चिप्स' पहुंचाना शुरू कर देंगे। श्री मोदी ने यहां तीसरे कौटिल्य इकोनॉमिक्स कॉन्क्लेव 2024 को संबोधित करते हुए कहा, "हमारा मिशन एआई में अनुसंधान और कौशल विकास को बढ़ाना है। भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत कुल 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है।

नक्सलवाद के विरुद्ध बड़े ऑपरेशन की तैयारी में केन्द्र सरकार

केन्द्रीय गृह मंत्री कल वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ करेंगे बैठक

- बैठक में आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के सीएम लेंगे भाग
- 2024 के शुरूआती 9 महीनों में 723 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है और 812 गिरफ्तार किए गए हैं
- वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में अब तक 14,400 किलोमीटर सड़क निर्माण हो चुका है और करीब 6000 मोबाइल टावर लगाए जा चुके हैं
- वर्ष 2010 के मुक़ाबले हिंसा में 72% और मृत्यु में 86% कमी आई है, आज वामपंथी उग्रवाद अपनी अंतिम लड़ाई लड़ रहा है

एजेंसी | नई दिल्ली

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार, 7 अक्टूबर यानी कल नई दिल्ली के विज्ञान भवन में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री भाग लेंगे। साथ ही वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने में राज्यों का सहयोग कर रहे केन्द्रीय मंत्रालयों के 5 केन्द्रीय मंत्री और उच्चाधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में भाग लेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में केन्द्र सरकार, मार्च, 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के प्रति कटिबद्ध है। केन्द्र सरकार वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित सभी राज्यों को इस समस्या से निपटने में हरसंभव सहायता दे रही है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ इस तरह की पिछली समीक्षा बैठक की अध्यक्षता 06 अक्टूबर, 2023 को की थी। उस बैठक में गृह मंत्री ने वामपंथी उग्रवाद को जड़ से खत्म करने के लिए व्यापक दिशा निर्देश दिये थे। मोदी सरकार की रणनीति से वर्ष 2010 के मुक़ाबले 2023 में हिंसा में 72% और मृत्यु में 86% कमी आई है और आज वामपंथी उग्रवाद अपनी अंतिम लड़ाई लड़ रहा है। वर्ष 2024 में सुरक्षाबलों को नक्सलियों के विरुद्ध आशातीत सफलता मिली है। इस वर्ष अब तक 202 नक्सली मारे गए हैं और 2024 के शुरूआती 09 महीनों में 723 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। इसके साथ ही, 2024 में वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों की संख्या मात्र 38 रह गयी है। केन्द्र सरकार ने वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित राज्यों के दूरदराज़ के इलाकों तक विकास योजनाएं पहुंचाने के लिए भी ठोस कदम उठाए हैं। इन क्षेत्रों में सड़क और मोबाइल कनेक्टिविटी पर विशेष बल दिया जा रहा है। वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में अब तक 14,400 किलोमीटर सड़क निर्माण हो चुका है और करीब 6000 मोबाइल टावर लगाए जा चुके हैं।

नवरात्रि के अवसर पर सरकार ने दिया किसानों को तोहफा

किसानों को पीएम मोदी का तोहफा, पीएम किसान की 18वीं किस्त का पैसा जारी

- केंद्र सरकार की ओर से देश के किसानों को आर्थिक मदद के तौर पर पीएम किसान योजना के तहत साल में 6000 रुपये दिए जाते हैं।

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार 5 अक्टूबर को महाराष्ट्र के वाशिम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम किसान) की 18वीं किस्त का पैसा जारी कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने वाशिम में कृषि और पशुपालन से संबंधित कई पहलों का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त भी जारी की। इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय ग्रामीण विकास और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी इस अवसर पर मौजूद रहे थे।

केंद्र सरकार की ओर से देश के किसानों को आर्थिक मदद के तौर पर पीएम किसान योजना के तहत साल में 6000 रुपये दिए जाते हैं। ये पैसे तीन किस्तों में जारी किए जाते हैं। किसानों को प्रत्येक चार महीने पर 2000 रुपये दिए जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी की ओर से पीएम किसान का पैसा जारी किए जाने के बाद देश के करीब 9.4 करोड़ किसानों के खाते में 2000 रुपये डीबीटी के जरिए क्रेडिट कर दिए गए हैं। दशहरा से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने देश के 9.4 करोड़ किसानों को पैसा भेजकर तोहफा दिया है।

अब तक 3.45 लाख करोड़ रुपये वितरित

महाराष्ट्र के वाशिम जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पशुपालक एवं किसान सम्मान समारोह में पीएम किसान का पैसा जारी किया। इस कार्यक्रम में देश भर के करीब 2.5 करोड़ किसान वेबकास्ट के माध्यम से शामिल हुए। इनमें 732 कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), एक लाख से अधिक प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां और पांच लाख कॉमन सर्विस सेंटर शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी इसी कार्यक्रम में पीएम किसान की 18वीं किस्त का पैसा जारी करेंगे। पीएम-किसान की 18वीं किस्त जारी होने के साथ ही इस योजना के तहत कुल वितरण 3.45 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगा। इससे 9 करोड़ से अधिक किसानों को सहायता मिलेगी।

एक साल के अंदर बाइक एक्सिडेंट में 3203 की मौत

पटना (नि.सं.)। बिहार में बाइक राइड करने के दौरान हेलमेट पहनने की अनिवार्यता को कड़ाई से लागू कराया जाएगा। परिवहन सचिव संजय अग्रवाल ने रोड एक्सीडेंट पर अहम बैठक की। सड़क दुर्घटनाओं में बाइक सवारों की संख्या बढ़ रही है। इसको लेकर राज्य सरकार ने दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनने की अनिवार्यता को अधिक प्रभावी बनाने का निर्णय लिया है। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल के निर्देश पर सभी जिलों में विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य हेलमेट पहनने की प्रतिशतता को बढ़ाना और सुरक्षा को बढ़ावा देना है। परिवहन सचिव संजय अग्रवाल ने सभी जिलों के डीएम और जिला परिवहन पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में हेलमेट पहनने के प्रति जागरूकता फैलाएं। इसके पालन की सुनिश्चितता के लिए उचित कदम उठाएं।

बिहार में पहली बार वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का भव्य आगाज

मुख्यमंत्री ने किया 'लोगो' और 'शुभंकर' का अनावरण

निजसंवा संवाददाता | पटना

बिहार के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजधानी पटना स्थित 'संकल्प' भवन में वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी, 2024 के 'लोगो' और 'शुभंकर' का भव्य अनावरण किया। यह ट्रॉफी पहली बार बिहार की धरती पर आयोजित होने जा रही है, जिससे प्रदेश के खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। इस ऐतिहासिक आयोजन का मुख्य स्थल राजगीर का अत्याधुनिक खेल स्टेडियम होगा, जहां 11 से 20 नवंबर के बीच छह एशियाई देशों की महिला हॉकी टीमें इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। इस ट्रॉफी में भाग लेने वाले देशों में भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की महिला हॉकी टीमें शामिल हैं। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल खेल को बढ़ावा देना है, बल्कि महिला सशक्तिकरण को भी नई ऊँचाइयाँ प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री को प्रतियोगिता की व्यापक तैयारियों की जानकारी दी गई, जिसमें आयोजन स्थल, राजगीर स्टेडियम की उत्कृष्ट सुविधाओं का उल्लेख किया गया। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने मुख्यमंत्री को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन में बिहार की मेजबानी एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस आयोजन का शुभंकर 'गुड़िया', राज्य पक्षी गौरैया से प्रेरित है, जो बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाता है। गुड़िया के हाथ में हॉकी स्टिक, गोलकीपर का दस्ताना और उसकी सतर्क मुद्रा खेल की भावना को प्रकट करते हैं। यह न केवल महिला हॉकी खिलाड़ियों की मेहनत और कुशलता को दर्शाता है, बल्कि बिहार सरकार के महिला सशक्तिकरण की प्रतिबद्धता को भी प्रकट करता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस मौके पर अपने संबोधन में कहा, 'बिहार के लिए यह गर्व का क्षण है कि हम पहली बार वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी कर रहे हैं। राजगीर का खेल परिसर इस आयोजन के लिए एक आदर्श स्थल साबित होगा। मैं भारतीय महिला हॉकी टीम को शुभकामनाएं देता हूँ और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विदेशी खिलाड़ियों का बिहार में हार्दिक स्वागत करता हूँ। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि प्रतियोगिता में शामिल होने वाले खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए समुचित व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे ताकि सभी प्रतिभागी राज्य से एक सुखद अनुभव लेकर जाएं। भारतीय महिला हॉकी टीम की उपकप्तान नवनीत कौर ने भी इस अवसर पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया और कहा, 'राजगीर का खेल स्टेडियम अद्वितीय है। मैंने दुनिया के कई स्टेडियमों में खेला है, लेकिन राजगीर के इस स्टेडियम की आधुनिकता और पुरातन शैली का संयोजन कहीं और देखने को नहीं मिलता।

आयोजन के प्रतीक और लोगो की विशेषताएं

इस प्रतियोगिता के 'लोगो' में बिहार की गौरवशाली सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक बोधि वृक्ष और हॉकी स्टिक को शामिल किया गया है। बोधि वृक्ष ज्ञान, शक्ति, सद्भाव और विकास का प्रतीक है, जबकि हॉकी स्टिक भारत के राष्ट्रीय खेल हॉकी का प्रतीक है। यह लोगो बिहार की समृद्ध विरासत और प्रदेश की सर्वांगीण प्रगति का द्योतक है।

हाईकोर्ट ने शिक्षकों को प्रधानाध्यापक का प्रभार सौंपने पर लगाई रोक

निज संवाददाता | पटना

पटना हाई कोर्ट ने राज्य के माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में बिहार लोक सेवा आयोग(बीपीएससी) द्वारा नियुक्त शिक्षकों को प्रधानाध्यापक का प्रभार सौंपने के लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी आदेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दिया है। साथ ही 7 अक्टूबर, 2024 तक जवाब तलब किया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने इस आदेश को 4 सितंबर को जारी किया था। जस्टिस नानी तागिया की एकलपीठ ने किशोरी दास द्वारा दाखिल रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने बताया कि राज्य सरकार के शिक्षा निदेशालय द्वारा इस आशय का एक पत्र जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि राज्य के जिस किसी भी माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कोई भी नियोजित शिक्षक यदि प्रधानाध्यापक के प्रभार में है तो वह बीपीएससी द्वारा नियुक्त शिक्षक को प्रभार सौंप दें। बीपीएससी द्वारा नियुक्त शिक्षक, जो 1 वर्ष से कार्यरत हैं। जबकि नियमावली के अनुसार माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक पद के लिए न्यूनतम 8 वर्षों की सेवा अनुभव अनिवार्य है। इस अधिसूचना के अनुसार शिक्षा विभाग ने बीपीएससी द्वारा नियुक्त ऐसे शिक्षकों को प्रधानाध्यापक बनाए जाने की बात कही है, जिनका अनुभव मात्र एक वर्ष का ही है। जबकि माध्यमिक विद्यालयों में नियोजित शिक्षक, जिनका अनुभव पंद्रह से बीस वर्षों का है, उनसे प्रभारी प्रधानाध्यक्ष का पद वापस लेकर बीपीएससी के जरिये आये एक वर्ष से नियुक्त शिक्षकों को देने की बात कही गई है। कोर्ट को यह भी बताया गया कि सरकार ने प्रधानाध्यापकों के पद पर नियमित नियुक्ति करने के लिए जो परीक्षा आयोजित करवाई थी, उसका परिणाम अभी तक नहीं आया है।

जदयू ऑफिस में नई प्रदेश कार्यकारिणी की हुई पहली बैठक

नीतीश कुमार के नेतृत्व में 225 सीटें जीतने का टारगेट

निज संवाददाता | पटना

जदयू ऑफिस में शनिवार को नई प्रदेश कार्यकारिणी की पहली बैठक हुई। बैठक में सीएम नीतीश कुमार राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा समेत सभी मंत्री, सांसद और विधायक मौजूद शामिल हुए। इनके साथ पार्टी के 400 मेंबर भी इस बैठक में हिस्सा लिया। मीटिंग में ललन सिंह नहीं आए। आज की बैठक में आनेवाले विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई। पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि नई कार्यसमिति की पहली बैठक थी। सीएम 45 मिनट तक बोले। 2025 में एनडीए के लिए 220 सीट से ज्यादा सीट जीतने का लक्ष्य दिया गया है। नीतीश कुमार ने कहा कि 2010 में 206 सीटें एनडीए ने जीती थीं।उस सनय तीर-धनुष को लेकर कुछ कंट्रोवर्सी भी हो गई थी। दरअसल, तब झामुमो और जदयू के चुनाव सिंबल को लेकर के कुछ विवाद हुआ था। अपने भाषण में सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि उनकी हमेशा से कोशिश रही है बिहार को विशेष राज्य का दर्जा या विशेष आर्थिक सहायता मिले। केंद्र सरकार की तरफ से जो विशेष आर्थिक सहायता दी गई है। इसके लिए नीतीश कुमार ने अपनी कार्य समिति की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष धन्यवाद किया है।

अब जदयू के भीतर ही अशोक चौधरी का विरोध शुरू हो गया है। खगड़िया के परबत्ता से विधायक डॉ. संजीव ने कहा कि पार्टी के भीतर एक-दो लोग जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करते हैं। भूमिहारों के लिए बयान देते हैं। इसका सख्त विरोध मैं पहले भी करता था और आज भी कर रहा हूं।

भ्रष्टाचार मामले में बैंककर्मी को सजा

पटना (नि.सं.)। पटना स्थित केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने धोखाधड़ीपूर्वक जालसाजी एवं अपने पद का भ्रष्ट दुरुपयोग कर बैंक को लाखों रुपये का नुकसान पहुंचाने के मामले में एक राष्ट्रीयकृत बैंक के तत्कालीन विशेष सहायक को आज सात वर्षों के सश्रम कारावास के साथ ही तीन लाख दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। सीबीआई की विशेष अदालत संख्या (एक) के न्यायाधीश अविनाश कुमार ने मामले में सुनवाई के बाद पटना के फ्रेजर रोड स्थित यूको बैंक के तत्कालीन विशेष सहायक ए. के. विश्वास को भारतीय दंड विधान की धारा 420, 467, 468, 471, 477ए और भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धारा 13 (1)डी सह पठित धारा 13(2) के तहत दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है।

सरकारी विभागों पर बिजली कंपनी का 1456 करोड़ बकाया

- राज्य के सरकारी विभागों पर बिजली कंपनी का 1455 करोड़ 79 लाख रुपये बकाया है।

निज संवाददाता | पटना

राज्य के सरकारी विभागों पर बिजली कंपनी के करोड़ों रुपये बकाया हैं। सरकारी कनेक्शन में राज्य के मंत्रियों से लेकर अधिकारी और सरकारी महकमा शामिल हैं। राज्य में एक लाख 87 हजार 640 सरकारी बिजली उपभोक्ता (कनेक्शन) हैं। इन पर कंपनी के 1455 करोड़ 79 लाख बकाया हैं। एक सरकारी कनेक्शन पर औसतन 77 हजार का बकाया है। हाल ही में सरकारी विभागों पर बकाया राशि की उच्चस्तरीय समीक्षा हुई। इसमें पाया गया कि वैसे तो अमूमन सभी सरकारी विभागों पर बिजली कंपनी का बकाया है, लेकिन कुछ ऐसे विभाग हैं जिसमें भुगतान के नाम पर कंपनी को नगण्य राशि मिल रही है। इन विभागों में पंचायती राज, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग और शिक्षा विभाग शामिल हैं। इन विभागों की ओर से पैसा भुगतान नहीं होने के कारण बिजली कंपनी ने संबंधित जिलाधिकारियों को कहा है कि वह राशि भुगतान की पहल करें। दक्षिण बिहार के अधीन 81 हजार 696 सरकारी उपभोक्ता हैं। इन पर 793.78 करोड़ बकाया है। उत्तर बिहार में एक लाख पांच हजार 944 उपभोक्ता हैं। इन पर 662 करोड़ एक लाख बकाया है। सबसे अधिक पटना जिले में 9035 उपभोक्ताओं पर 196 करोड़ 40 लाख बकाया हैं। नालंदा में 9035 पर 119 करोड़ पांच लाख तो भागलपुर के 5460 पर 107 करोड़ 98 लाख तथा गया में 9831 पर 73 करोड़ 88 लाख का बकाया है। हर घर नल का जल योजना के तहत भी बिजली कंपनी को पैसा नहीं मिल पा रहा है। पंचायती राज और लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की इस योजना में उत्तर बिहार में 60 हजार 671 कनेक्शन हैं और इन पर 205 करोड़ का बकाया है। दक्षिण बिहार में 45 हजार 81 कनेक्शन हैं और इन पर 255 करोड़ का बकाया है।

सरकारी भवनों में लगेगा स्मार्ट प्रीपेड मीटर

बकाया वसूली में हो रही परेशानी को देखते हुए ही राज्य सरकार ने सभी सरकारी भवनों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का निर्णय लिया है। बीते दिनों राज्य कैबिनेट से इसकी मंजूरी मिल चुकी है। बिजली कंपनी ने 30 नवम्बर तक सभी सरकारी उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर देने का निर्णय लिया है। बीते दिनों मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने समीक्षा बैठक कर हर हाल में इस तिथि तक स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का अल्टीमेटम दिया था।

घरेलू उपभोक्ता के लिए जल्द हो सकता लागू

दिन में 8 घंटे 20% तक सस्ती बिजली मिलेगी, शाम 5 से 11 बजे तक होगी मंहगी

निज संवाददाता | पटना

बिहार में घरेलू उपभोक्ताओं को दिन में सस्ती और शाम में महंगी बिजली मिलेगी। इसकी तैयारी बिजली कंपनी ने शुरू कर दी है। बिजली कंपनी मुख्यालय के अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल औद्योगिक इकाइयों को टाइम ऑफ डे टैरिफ (टीओडी) की सुविधा मिल रही है। अब यह सुविधा राज्य के घरेलू उपभोक्ताओं को देने पर विचार किया जा रहा है। नवंबर में बिहार विद्युत विनियामक आयोग को दिए जाने वाले टैरिफ प्रस्ताव में इसको शामिल किया जा सकता है। आयोग की अनुमति मिलने के बाद नई व्यवस्था लागू होगी। इसका सीधा फायदा आम लोगों को मिलेगा। अधिकारियों के मुताबिक, यह कंज्यूमर की इच्छा पर निर्भर करेगा। जो उपभोक्ता इस मोड में आना चाहेंगे, उनको टीओडी का लाभ मिलेगा। जो उपभोक्ता रूफटॉप सोलर लगाकर अपने छत पर ग्रिड कनेक्टेड बिजली उत्पादन करते हैं, वैसे उपभोक्ताओं को नेट मीटरिंग से पोस्ट पेड की सुविधा मिलेगी। राज्य में फिलहाल 2.7 करोड़ बिजली उपभोक्ता हैं। जिसमें 50% ग्रामीण और 33% शहरी क्षेत्र में हैं। बिहार विद्युत विनियामक आयोग की अनुमति के बाद ही यह नई व्यवस्था लागू होगी।

केंद्र और राज्य सरकार की ओर से सोलर पावर प्लांट लगाने की पहल है। इसकी बिजली सस्ती है। इस कारण उपभोक्ताओं को ग्रीन एनर्जी सस्ती उपलब्ध होगी। टाइम ऑफ डे टैरिफ की व्यवस्था लागू होने से बिजली की पीक ऑर्वस में उपभोक्ता कपड़े धोने और खाना पकाने जैसे अधिक बिजली खपत वाले कामों को करने से परहेज कर सकेंगे। इससे वो अपने बिजली बिल में बचत कर पाएंगे। रात में थर्मल पावर प्लांट की बिजली मिलेगी। यह बिजली कोयला खपत होने के कारण महंगी है। ऐसे में रात के समय में एसी या अन्य इलेक्ट्रिक चीजों का इस्तेमाल करने पर अधिक बिजली बिल देना पड़ेगा। टाइम ऑफ डे टैरिफ बिजली की लागत को खपत के समय के आधार पर तय करने का एक तरीका है। इसमें पीक ऑवर में बिजली का रेट ज़्यादा होता है, जबकि ऑफ़-पीक ऑवर में कम । इस टैरिफ़ का मकसद, उपभोक्ताओं को मांग कम होने पर बिजली का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इससे ऊर्जा खपत और ग्रिड लोड को मैनेज करने में मदद मिलती है। दिन में जब सस्ती बिजली रहेगी तो उपभोक्ता अपना ज्यादातर काम करेंगे। अभी यह व्यवस्था व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए लागू है। आम उपभोक्ताओं के लिए भी लागू होगी तो उन्हें भी फायदा मिलना शुरू होगा।ओडी टैरिफ लागू होने के बाद भी स्मार्ट प्रीपेड को बदलने की जरूरत नहीं होगी। स्मार्ट प्रीपेड मीटर को सोलर प्लांट लगाने पर नेट मीटरिंग के रूप में उपभोक्ता उपयोग कर सकते हैं। फिर एवरेज बिजली बिल की समस्या समाप्त होगी।

स्मार्ट प्रीपेड मीटर : पैसा खत्म होने पर भी सात दिनों तक नहीं कटेगी बिजली

निज संवाददाता | पटना

स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर हो रहे आंदोलन के बीच बिजली कंपनी ने उपभोक्ताओं को एक बड़ी सुविधा देने का निर्णय लिया है। अब स्मार्ट मीटर में पैसा खत्म भी हो जाएगा तो उपभोक्ता सात दिनों तक बिजली का उपभोग कर सकेंगे। उनकी बिजली गुल नहीं होगी। अभी मीटर का पैसा खत्म होने पर तीन दिनों तक बिजली गुल नहीं होती है। सात दिनों तक बिजली गुल नहीं होने की सुविधा उपभोक्ताओं को इसी महीने से मिल सकती है। कंपनी के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, स्मार्ट प्रीपेड मीटर का पैसा खत्म होने के बाद भी सात दिनों तक बिजली की सुविधा बहाल बनाए रखने के लिए कंपनी ने अपने सॉफ्टवेयर को अपडेट करना शुरू कर दिया है। सॉफ्टवेयर अपडेट होते ही इसका ट्रायल किया जाएगा। ट्रायल में यह देखा जाएगा कि पैसा खत्म होने पर भी सात दिनों तक बिजली की सुविधा बहाल रहती है या नहीं। इस पूरी प्रक्रिया को करने में अधिकतम एक महीने का समय लग सकता है। कंपनी की कोशिश है कि इसी महीने से उपभोक्ताओं को यह सुविधा मिलने लगे। कंपनी का मानना है कि सात दिनों का ग्रेस पीरियड मिलने पर उपभोक्ताओं के बीच अफरातरफरी की स्थिति नहीं रहेगी। लोग आराम से बिजली मीटर को रिचार्ज करा सकेंगे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

बस-पिकअप की टक्कर में एक की मौत, डेढ़ दर्जन से अधिक घायल

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

आरा मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में एक शख्स की मौत हो गई। जबकि, डेढ़ दर्जन के करीब लोग घायल हुए हैं। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें आधा दर्जन बस यात्रियों की स्थिति गंभीर बनी हुई हैं। सासाराम से पटना जा रही बस में 20 से अधिक यात्री सवार थे। घटना नोखा थाना क्षेत्र के पेनार के पास हुई है। जानकारी के मुताबिक सासाराम-आरा स्टेट हाईवे पर जखनी पुल के पास बस, पिकअप और बाइक में टक्कर हो गई। जिसके बाद बस बिजली के पोल से टकराकर सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद कई लोग गंभीर रूप से घायल हो कर सड़क पर गिर गए थे। वहीं, कुछ लोग बस के अंदर फंसे हुए थे। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची नोखा थाना की डायल 112 की टीम ने घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ट्रॉमा सेंटर में सभी का इलाज चल रहा है। राजपुर की जिला पार्षद रेशमा कुमारी ने भी कुछ घायलों को अपनी गाड़ी से सदर अस्पताल पहुंचाया। मृतक की पहचान राजपुर थाना क्षेत्र के कर्मकिला निवासी कृष्णा राम उर्फ मुंशी राम (45) के रूप में हुई है। जबकि, गंभीर रूप से घायल में बस कंडक्टर सियादर यादव, मलवार निवासी विजय कुमार पंडित (55), सुअरा निवासी शुवमुनि कुमार(45), जमुई जिले के बटिया निवासी लालजी सिंह एवं छोटी सिंह शामिल हैं। डायल 112 के साथ सदर अस्पताल पहुंचे नोखा थाना के एएसआई विश्वनाथ पासवान ने बताया कि 'दुर्घटना को लेकर सूचना मिली थी। टीम ने सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि बस सासाराम से पटना जा रही थी। डेढ़ दर्जन से अधिक लोग घायल है। फिलहाल सभी घायलों की पहचान की जा रही है।

न्यूज बाइट्स

स्वर्ण व्यवसायी को गोली मारनेवालों की हुई पहचान

सासाराम (रोहतास) (नि. सं.)। दिनारा में स्वर्ण व्यवसायी को गोली मारने के मामले में पुलिस ने अपराधियों की पहचान कर ली है। सीसीटीवी फुटेज भी बरामद किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए रोहतास एसपी द्वारा कहा गया है कि सुबह साढ़े नौ के आसपास संतोष सेठ, पिता जर्नादन सेठ, गांव सैसड़, थाना दिनारा घर से काम पर जा रहे थे। घर से निकलते ही कुछ अपराधियों द्वारा उनका पीछा किया गया, उनको नहर के पास रोक कर उलझ गए, उलझने के क्रम में उनको गोली मार दी गई। उनको पहले इलाज के लिए बक्सर फिर वाराणसी ले जाया गया है। घटना में शामिल अपराधियों की पहचान की गई है, सीसीटीवी फुटेज भी मिला है। घटना का कारण आपसी दुश्मनी प्रतीत होता है, पुलिस को इसके साक्ष्य मिले हैं। एसपी ने बताया कि उनके द्वारा घटना स्थल का दौरा किया गया है। अपराधियों के धरपकड़ के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है। ज्ञात हो कि स्वर्ण व्यवसायी संतौश सेठ अपने घर से दुकान के लिए निकले थे। इस क्रम में जैसे ही वह सुरतपुर गांव के पास नहर किनारे पहुंचे, बाइक सवार अपराधियों से हुई झड़प में उनको गोली मार दी गई। सूचना पर पहुंचे परिजन पहने उन्हें इलाज के लिए बक्सर के सदर अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए बनारस से जाया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

ऊर्जा की प्रवाहिनी माता ब्रह्मचारिणी को दिया श्रद्धा समर्पण

नवादा (नि.सं.)। माता दुर्गा को समर्पित शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन माँ दुर्गा के ब्रह्माचारिणी स्वरूप की पूजा श्रद्धालुओं द्वारा आस्था और विश्वास के साथ की गई। माँ ब्रह्माचारिणी की कृपा पाने के लिए भक्तों ने व्रत रखा और पूरी श्रद्धा के साथ पूजा की। मान्यता है कि माँ ब्रह्मचारिणी संसार में ऊर्जा का प्रवाह करती हैं। इनकी कृपा से मनुष्य को आंतरिक शांति प्राप्त होती है। इस मान्यता के कारण पूरी आस्था से माता भक्तों ने पूजा-अर्चना की। पूजा को लेकर हर तरफ श्रद्धा की अविरल धारा बह रही है। जिले भर के सभी पूजा पंडालों और घरों में माता का पूजन अनुष्ठानपूर्वक किया जा रहा है। हर तरफ माता की आराधना के स्वर गूंज रहे हैं जबकि वैदिक मंत्रोच्चारण से माहौल सम्पूर्ण भक्तिमय बना हुआ है। शुभ मुहूर्त में विभिन्न मान्यताओं के अनुकूल पूजा रही जारी शारदीय नवरात्रि की द्वितीया तिथि के शुभ मुहूर्त के अनुकूल माता भक्तों ने पूजा-अर्चना की। शुभ मुहूर्त में विभिन्न मान्यताओं के अनुकूल पूजा जारी रही। श्रद्धालुओं ने सबसे पहले ब्रह्ममुहूर्त पर उठकर नित्यकर्म से निपट स्नानादि किया और फिर पूजा के लिए सबसे पहले आसन बिछाया, जिस पर बैठकर माँ की पूजा की। माता को फूल, अक्षत, रोली, चंदन आदि चढ़ाने के बाद ब्रह्मचारिणी माँ को भोगस्वरूप पंचामृत चढ़ाया गया। माता को शक्कर या पंचामृत का भोग लगा कर ऊँ ऐं नमः मंत्र का 108 बार जाप किया गया। साथ ही माता को पान, सुपारी, लौंग अर्पित की गयी। पूजा के उपरांत माँ ब्रह्मचारिणी की आरती कर सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इन अनुष्ठानों के साथ दूसरे दिन का पूजन समाप्त किया गया। माता का ब्रह्माचारिणी स्वरूप है अत्यंत दयालु शहर के ज्योतिषाचार्य पंडित धर्मेन्द्र झा ने बताया कि माँ ब्रह्माचारिणी को ज्ञान और तप की देवी कहा जाता है। माता अत्यंत दयालु हैं। ब्रह्म का मतलब तपस्या होता है, तो वहीं चारिणी का मतलब आचरण करने वाली। इस तरह ब्रह्माचारिणी का अर्थ है तप का आचरण करने वाली। माँ ब्रह्माचारिणी के दाहिने हाथ में मंत्र जपने की माला और बाएं में कमंडल है। इस मान्यता को लेकर माता भक्तों में यह धारण है कि जो भी जातक सच्चे मन से माँ ब्रह्माचारिणी की पूजा करते हैं, उन्हें धैर्य के साथ और ज्ञान की प्राप्ति होती है। इन मान्यताओं के कारण वैसे श्रद्धालुओं ने भी माता की पूजा की, जो नियमित पाठ नहीं कर रहे हैं। कई श्रद्धालुओं ने अपने आसपास के पूजा पंडालों अथवा किसी पड़ोसी के पूजा स्थल पर भी जा कर माता का पूजन विधान पूर्ण किया।

किसानों के हक के लिए लड़ता रहा है संगठन

निज संवाददाता | पकरीबरावां (नवादा)

पकरीबरावां प्रखंड के कबला गांव में भारतीय किसान संघ का जिला सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता भुनेश्वर सिंह ने की। सम्मेलन में संगठन मंत्री प्रकाश नारायण तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष ब्रहमदेव प्रसाद सिंह, कृषि आर्थिक शोध संस्थान प्रमुख मनोज कुमार, प्रांतीय महामंत्री पवन कुमार, प्रांतीय उपाध्यक्ष आनन्दी सिंह, प्रांतीय कार्यकारिणी बृजनंदन सिंह सहित अन्य शामिल हुए। किसान संघ के अधिकारियों ने भारतीय किसान संघ के महत्वपूर्ण कार्यों पर चर्चा की और कहा कि यह राष्ट्रीय संगठन है। इस बीच किसानों की समस्या एवं चुनौतियों पर चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय किसान संघ एक राष्ट्रव्यापी संगठन है। यह किसानों की हक एवं समस्याओं के लिए सदैव लड़ता रहा है। उन्होंने किसानों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही कृषि कार्यों में आने वाली परेशानियों पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान सर्वसम्मति से पकरीबरावां के बाजपुर गांव निवासी राजीव कुमार को भारतीय किसान संघ नवादा का जिलाध्यक्ष बनाया गया। इसके पूर्व वे जिला मंत्री पद पर रहे हैं। इसी तरह अरविन्द कुमार सिंह को जिला मंत्री, भुनेश्वर सिंह को कोषाध्यक्ष, कैलाश प्रसाद यादव एवं नागेंद्र कुमार को उपाध्यक्ष बनाया गया।

पूजा पंडालों में अग्नि सुरक्षा के प्रावधानों का करें पालन

नवादा (नि.सं.)। नवादा फायर ब्रिगेड के सहायक अग्निशमन पदाधिकारी सोम बहादुर तमांग ने सभी पूजा समितियों को पूजा पंडालों में अग्नि सुरक्षा के प्रावधानों के शतप्रतिशत अनुपालन का निर्देश दिया है। अग्निशमन पदाधिकारी ने निर्धारित मानकों के अनुरूप पूजा पंडालों के निर्माण का निर्देश दिया और इस संबंध में जारी दिशा निर्देशों की जानकारी पूजा समितियों को दी। कहा कि पंडालों के निर्माण के दौरान ज्वलनशील कपड़ों का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित है। साथ ही पंडालों के समीप किसी भी प्रकार की ज्वलनशील वस्तु नहीं रखी जाएगी। बिजली के मानक तारों का ही उपयोग वायरिंग में करना है। सभी पूजा पंडालों में अग्निशमन यंत्रों को निश्चित रूप से लगाना है। ड्रम व पानी भरकर बाल्टी पंडालों में हर हाल में रखना है। किसी भी प्रकार की आग संबंधी घटना होने पर तत्काल अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना देनी है। कई पूजा पंडालों का लिया जायजा अग्नि सुरक्षा हेतु दुर्गा पूजा के अवसर पर अग्निशमन पदाधिकारी एवं बिजली विभाग के कनीय अभियंता द्वारा शुक्रवार को शहर के विभिन्न पंडालों का निरीक्षण किया गया।

राजस्व कर्मचारी सैयद बादशाह व संतोष बने राजस्व अधिकारी

निज संवाददाता | सासाराम (रोहतास)

जिले के संझौली अंचल में सेवा देने वाले तीन राजस्व कर्मचारी राजस्व पदाधिकारी बने हैं। जिसमे दो तत्कालीन व एक वर्तमान कर्मचारी शामिल हैं। वैसे विभाग ने जिले में कुल पांच राजस्व कर्मचारियों को राजस्व अधिकारी ने प्रोन्नति दी है। पांच में तीन राजस्व कर्मचारियों ने संझौली में अपनी सेवाएं दी हैं। जो राजस्व अधिकारी बने हैं , उनमें सैयद बादशाह व राजीव रंजन ने यहां पूर्व के वर्षों में ही यहां से स्थानांतरित हुए थे। जबकि संतोष कुमार संझौली में फिलहाल पदस्थापित हैं। यहां से सेवा देने वाले पांच में तीन कर्मचारियों को विभाग द्वारा प्रोन्नति मिलने से अंचल कर्मचारियों में खुशी है। राजस्व कर्मचारी बनने की खबर मिलते ही अंचलकर्मियों ने उनका स्वागत किया। सीओ किशोर पासवान ने बताया कि खुशी कि बात है कि यहां सेवा देने वाले तीन राजस्व कर्मचारियों को राजस्व पदाधिकारी बनने का सौभाग्य मिला। तीनो कर्मचारियों का कार्यकाल अच्छा रहा था।

अतिक्रमण से रोह बाजार में लग रहा जाम, लोग परेशान

निज संवाददाता | रोह (नवादा)

अतिक्रमण से रोह बाजार में जाम की समस्या नासूर बनी हुई है। सड़क पर फल-सब्जी बेचने वालों का कब्जा रहने से सुबह से शाम तक जाम के झाम से लोग परेशान हैं। सिउर रोड के कॉर्नर पर अतिक्रमण का आलम यह है कि बड़े वाहनों को मोड़ने के दौरान हादसे की आशंका बनी रहती है। थोड़ी सी चूक होने पर फल-सब्जी खरीद रहे ग्राहक भारी वाहन के नीचे आ सकते हैं। वहीं फुटपाथ पर लगे फल-सब्जी के ठेले-खोमचे भी गाड़ी से दब सकते हैं। स्थानीय निवासी बताते हैं कि रोह बाजार में सिउर मोड़ पर हर वक्त खतरा बना हुआ है। यहां पर सड़क के उत्तर दिशा में और कोने पर फल विक्रेता सड़क पर खोमचे फैला कर दुकानदारी कर रहे हैं। बालू लेकर अनैला की ओर से आने वाले ट्रकों को पूरब दिशा की ओर मोड़ने में चालकों के पसीने छूट जाते हैं। क्योंकि मोड़ के दोनों कोने के अलावा सामने उत्तर दिशा में सड़क का अतिक्रमण कर लिया गया है। जहां ग्राहक सड़क पर ही खड़े होकर फल-सब्जी की खरीदारी करते हैं। ट्रक की लंबाई अधिक रहने के कारण वहां पर हादसे की संभावना बन जाती है। कई बार आगे पीछे करने के बाद ही चालक ट्रक को मोड़ पाते हैं।

नर्सिंग होम में जच्चा-बच्चा की मौत पर लीपापोती का प्रयास

» नर्सिंग होम में एक कथित झोला छाप चिकित्सक द्वारा ऑपरेशन किया गया, जिससे जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने क्लीनिक में तोड़फोड़ की।

निज संवाददाता | नवादा

पकरीबरावां के पटना क्लीनिक में 2 अक्टूबर को महादलित समाज से संबंधित प्रसव पीड़िता शोभा देवी (26 वर्ष) और उसके नवजात की मौत हो गई। इस घटना ने न केवल स्थानीय निवासियों को हिलाकर रख दिया है, बल्कि पुलिस कार्रवाई पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामले को लेकर चर्चा है कि कहीं लीपापोती का प्रयास तो नहीं किया जा रहा है। स्थानीय लोग अम्बरीष और धीमान की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। घटना के बाद, मृतका के परिवार ने स्वास्थ्य केंद्र में नाइंसाफी का सामना किया। जब परिवार ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने का प्रयास किया, तब वहां से उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन दलालों ने उन्हें पटना क्लीनिक पहुंचा दिया। इस नर्सिंग होम में एक कथित झोला छाप चिकित्सक द्वारा ऑपरेशन किया गया, जिससे जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने क्लीनिक में तोड़फोड़ की। इस घटना के संदर्भ में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। पहली प्राथमिकी कांड सं. 445/24 है, जो सीएचसी पकरीबरावां के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राम कुमार के आवेदन पर दर्ज की गई है। इसमें आशा कार्यकर्ता पुष्पा रानी, जसीम आलम, डॉ. संतोष कुमार और एम्बुलेंस चालक अभय कुमार को नामजद किया गया है। दूसरी प्राथमिकी कांड संख्या 447/24 है, जो चौकीदार भोली पासवान के बयान पर दर्ज की गई है, जिसमें क्लीनिक में हुई तोड़फोड़ का मामला है। हालांकि, दोनों एफआईआर में मृतका के परिवार का कोई सदस्य सूचक नहीं है, जिससे सवाल उठ रहे हैं कि क्यों मृतका के पति या परिवार के किसी सदस्य के बयान पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इस मामले में कई अनियमितताएं भी देखने को मिली हैं। डॉ. राम कुमार के लिखित प्रतिवेदन पर एफआईआर दर्ज करने में तीन घंटे की देरी क्यों हुई? चौकीदार का बयान 9:10 बजे दिया गया, फिर एफआईआर रात 12:50 बजे क्यों दर्ज हुई? एफआईआर में मृतका के परिवार के सदस्यों के नाम क्यों नहीं हैं? एफआईआर में एससी-एसटी एक्ट की धाराओं का उपयोग क्यों नहीं किया गया? डॉ. राम कुमार का वर्तमान और स्थाई एड्रेस एक क्यों है? इन सब सवालों के बीच थानाध्यक्ष अजय कुमार इस मामले के अनुसंधानकर्ता बने हुए हैं। वे पहले अधिकारी हैं, जो घटनास्थल पर पहुंचे थे, जिससे यह सवाल उठता है कि एफआईआर में इतनी अनियमितताएं कैसे हुईं। क्या यह महज एक मानवीय त्रुटि है या जानबूझकर किसी को बचाने का प्रयास किया जा रहा है? जब एसडीपीओ पकरीबरावां महेश चौधरी से इस मामले में सवाल पूछा गया, तो उनका उत्तर गोलमोल रहा। संतोषजनक जवाब न मिलने पर मामला एसपी अभिनव धीमान तक पहुंचा दिया गया है। अब देखना होगा कि उनके स्तर से क्या कार्रवाई होती है। इस मामले में पुलिस ने एक डॉक्टर पंकज कुमार सहित लगभग 10-11 लोगों को गिरफ्तार किया है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि महिला की मौत के मामले में गिरफ्तार कोई भी व्यक्ति कांड के नामजद आरोपी नहीं है। जिलावासियों को इस मामले में आगे की कार्रवाई का इंतजार है। स्थानीय लोगों का मानना है कि उन्हें न्याय मिलना चाहिए और इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय

उत्तर कोयल नहर प्रमंडल मदनपुर शिविर–औरंगाबाद

(E-mail ID-eenkcdmadanpur@gmail.com)

शुद्धि–पत्र (Corrigendum Letter)

इस कार्यालय द्वारा निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2024–25 जिसका PRNO-008434 (WRD) 2024–25 है को अपरिहार्य कारणवश संशोधन करते हुए इसका अवधि विस्तार किया जाता है जो निम्न प्रकार है :–

क्र0सं0	विवरणी	पूर्व में निर्धारित तिथि	संशोधित तिथि
1	निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि	दिनांक 03.10.2024 से 07.10. 2024 को 3:00 बजे अपराहन तक केवल बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर	दिनांक 23.10.2024 से 26.10. 2024 को 3:00 बजे अपराहन तक केवल बेवसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
2	प्रीबीड मीटिंग की तिथि समय एवं स्थान	दिनांक 04.10.2024 को 3:00 बजे अपराहन में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय उत्तर कोयल नहर प्रमंडल मदनपुर, शिविर–औरंगाबाद।	दिनांक 24.10.2024 को 3:00 बजे अपराहन में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय उत्तर कोयल नहर प्रमंडल मदनपुर, शिविर–औरंगाबाद।
3	तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक 09.10.2024 के अपराहन 3:30 बजे केवल वेबसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर	दिनांक 29.10.2024 के अपराहन 3:30 बजे केवल वेबसाइट www.eproc2.bihar.gov.in पर
4	कार्य समाप्ति की अवधि	20.02.2025	28.02.2025

निविदा में प्रकाशित अन्य नियम एवं शर्त पूर्वतः रहेगी।

PR. No. 009746 (WRD) 2024-25

कार्यपालक अभियंता
उत्तर कोयल नहर प्रमंडल मदनपुर
शिविर–औरंगाबाद

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

सिद्धेश्वर को मिला 'रवि प्रभाकर स्मृति सम्मान'

निज संवाददाता | पटना

लघुकथा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर दिए जाने वाला 'रवि प्रभाकर स्मृति सम्मान' इस वर्ष 2024 में पटना के सिद्धेश्वर को प्रदान किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उज्जैन, मध्य प्रदेश की सरल काव्यांजलि साहित्यिक संस्था द्वारा हर वर्ष हिंदी माह के अवसर पर प्रदान किया जाता है। संस्था ने सम्मान पत्र में लिखा, 'सिद्धेश्वर ने सृजन के कई मानक गढ़े हैं और मंथर-मंथर शिखर चढ़े हैं।' सिद्धेश्वर की पहचान लघुकथा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले एक बहुआयामी व्यक्तित्व के रूप में होती है। उन्होंने बिहार के पहले लघुकथा संकलन 'आदमीनामा' का संपादन कर इस विधा को एक नया आयाम दिया है। सिद्धेश्वर की लघुकथाओं में लोक और जमीन की सच्चाई को बेहद सजीव तरीके से प्रस्तुत किया गया है। उनके लेखन में करुणा, निर्धनता, और समकालीन यथार्थ की गहरी समझ झलकती है। वह सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार लघुकथा सम्मेलन आयोजित करते हुए साहित्यिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। कोरोना काल के दौरान भी सिद्धेश्वर ने पूरे देश में पहली बार लघुकथा पाठ की शुरुआत की और लघुकथा पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया, जो बिहार के लिए गर्व का विषय है।

दुर्गापूजा को लेकर शहर में निकाला गया फ्लैग मार्च

नवादा (नि.सं.)। शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गापूजा मनाने को लेकर शहर में शुक्रवार की शाम पुलिस का फ्लैग मार्च निकाला गया। नवादा सदर एसडीओ अखिलेश कुमार व एसडीपीओ एएसपी अनोज कुमार के नेतृत्व में पुलिस का पैदल मार्च शहर के विभिन्न इलाकों से गुजरा और लोगों को पूजा में शांति व भाईचारे का पैगाम दिया। नगर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार समेत विभिन्न थानों की पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट से निकला पैदल मार्च शहर के अस्पताल रोड, स्टेशन रोड, सोनारपट्टी, मुस्लिम रोड, कलाली रोड, रजौली बस स्टैंड, बड़ी दरगाह व सद्भावना चौक के अलावा गोंदापुर आदि विभिन्न इलाकों से गुजरा। इस दौरान पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों ने शहर के लोगों से दुर्गापूजा में अमन व चैन का माहौल बनाये रखने तथा विधि व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। असामाजिक तत्वों को चेतावनी पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों ने फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों से असत्य पर सत्य की विजय के त्यौहार दशहरे को खुशीपूर्वक मनाने की अपील की और दूसरे धर्म व संप्रदाय के लोगों की भावनाओं का भी सम्मान करने की अपील की।

पूर्व मध्य रेल

खुली ई–निविदा सूचना

खुली निविदा के द्वारा, बैच संख्या 27/24, दिनांक 04.10.2024.

भंडार सामग्रियों की आपूर्ति हेतु ई–टेण्डर सूचना–में सहभागिता "आई आर इ पी एस' के वेब पोर्टल www.ireps.gov.in के द्वारा सभी निविदाओं के बन्द होने का समय 14.00 बजे।

क्र. संख्या : 1, निविदा संख्या : 07235043, **सामग्री का विवरण** : फैब्रिकेशन एण्ड सप्लाई ऑफ 7000 एमएम ओआर स्विचेज [कर्व्ड] फॉर 1 इन 8.5 डायमंड क्रॉसिंग विद डबल स्लिप बीजी फॉर 60 केजी, **मात्रा** : 15 सेट, **निविदा जारी की तिथि एवं समय** : 30.08. 24/14:51,निविदा बंद की तिथि : 28.10.24

क्र. संख्या : 2, निविदा संख्या : 07235281, **सामग्री का विवरण** : फैब्रिकेशन एण्ड सप्लाई ऑफ 7000 एमएम ओआर स्विचेज [कर्व्ड] फॉर 1 इन 8.5 डायमंड क्रॉसिंग विद सिंगल स्लिप बीजी फॉर 60 केजी, **मात्रा** : 13 सेट, **निविदा जारी की तिथि एवं समय** : 30.08. 24/14:52,निविदा बंद की तिथि : 28.10.24

योग्य निविदाकर्ता आइआरइपीएस के वेब पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर अंतिम तिथि एवं समय के पूर्व अपना ऑफर ऑन लाइन दे सकते हैं। प्रेषिती और सामग्री का विवरण निविदा में उपरोक्त पोर्टल पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ सामग्री प्रबन्धक/विद्युत, पू.म.रेल

पीआर/01264/एचक्यू/भंडार/टी/24–25/36

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के तहत नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के तहत रंगिया मंडल की नलबाड़ी–बाइहाटा शाखा में दोहरी लाइन चालू करने के लिए, दिनांक 15.10.2024 से 7 दिनों के लिए बिफोर प्री–नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य, दिनांक 22.10.2024 से 3 दिनों के लिए प्री–नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य, दिनांक 25.10.2024 से 3 दिनों के लिए नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य और दिनांक 28.10.2024 एवं 29.10.2024 को 2 दिनों के लिए सीआरएस निरीक्षण कार्य का निष्पादन नलबाड़ी, घोगरापार, रंगिया, केंदुकोना और बाइहाटा स्टेशनों पर किया जाएगा। इसके फलस्वरूप, ट्रेनों के आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्था की गई है: ● **ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन: (1) 15626 अगरतला–देवघर साप्ताहिक एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 26.10.2024) **(2) 12552 कामाख्या – एसएमवीटी बेंगलुरु एसी सुपर फास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 23.10.2024) **(3) 15630 सिलघाट टाउन – ताम्बरम नागांव एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 25.10.2024) कामाख्या– गोवालपारा टाउन – न्यू बंगाईगांव होकर मार्ग परिवर्तित करेगी और रंगिया में नहीं रुकेगी। **(4) 15658 कामाख्या – दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल** (यात्रा शुरू दिनांक 23.10.2024 से 29.10.2024), **(5) 05671 गुवाहाटी – आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल** (यात्रा शुरू दिनांक 23.10.2024) कामाख्या–गोवालपारा टाउन – न्यू बंगाईगांव होकर मार्ग परिवर्तित करेगी और रंगिया, नलबाड़ी, बरपेटा रोड, बिजनी और बंगाईगांव में नहीं रुकेंगी। **(6) 15625 देवघर – अगरतला साप्ताहिक एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 14.10.2024, 21.10.2024, 28.10.2024), **(7) 12513 सिकंदराबाद – सिलचर एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 19.10.2024, 26.10.2024), **(8) 12551 एसएमवीटी बेंगलुरु – कामाख्या एसी सुपर फास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 19.10.2024, 26.10.2024) न्यू बंगाईगांव–गोवालपारा टाउन – कामाख्या होकर मार्ग परिवर्तित करेगी और रंगिया में नहीं रुकेंगी। **(9) 15960 डिब्रूगढ़– हावड़ा कामरूप एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 25.10.2024, 26.10.2024, 28.10.2024) कामाख्या – गोवालपारा टाउन – न्यू बंगाईगांव होकर मार्ग परिवर्तित करेगी और रंगिया, नलबाड़ी, तिहु, पाठशाला, बरपेटा रोड, सोरभोग और बंगाईगांव में नहीं रुकेगी। **(10) 15657 दिल्ली–कामाख्या ब्रह्मपुत्र मेल** (यात्रा शुरू दिनांक 13.10.2024, 14.10.2024, 15.10.2024, 19.10.2024 से 27.10.2024 तक), **(11) 05672 आनंद विहार टर्मिनल – गुवाहाटी स्पेशल** (यात्रा शुरू दिनांक 25.10.2024) न्यू बंगाईगांव – गोवालपारा टाउन – कामाख्या होकर मार्ग परिवर्तित करेगी और बंगाईगांव, बिजनी, बरपेटा रोड, नलबाड़ी और रंगिया में नहीं रुकेगी **(12) 15959 हावड़ा – डिब्रूगढ़ कामरूप एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 20.10.2024, 22.10.2024 से 24.10.2024 और 26.10.2024, 27.10.2024) न्यू बंगाईगांव – गोवालपारा टाउन – कामाख्या होकर मार्ग परिवर्तित करेगी और बंगाईगांव, सोरभोग, बरपेटा रोड, पाठशाला, तिहु, नलबाड़ी और रंगिया में नहीं रुकेगी। **(13) 12510 गुवाहाटी – एसएमवीटी बेंगलुरु सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 27.10.2024 से 29.10.2024), **(14) 20501 अगरतला – आनंद विहार टर्मिनल तेजस राजधानी एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 28.10.2024), **(15) 15648 गुवाहाटी – लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 29.10.2024), **(16) 13174 सबरूम – सियालदह कंचनजंगा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 29.10.2024) कामाख्या – गोवालपारा टाउन – न्यू बंगाईगांव होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी और रंगिया, बरपेटा रोड पर नहीं रुकेंगी। **(17) 12515 कोयंबटूर – सिलचर एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 27.10.2024), **(18) 13173 सियालदह – सबरूम कंचनजंगा एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 28.10.2024) न्यू बंगाईगांव – गोवालपारा टाउन – कामाख्या होकर मार्ग परिवर्तित करेगी और बरपेटा रोड, रंगिया में नहीं रुकेगी। **(19) 05931 कोलकाता – डिब्रूगढ़ स्पेशल** (यात्रा शुरू दिनांक 27.10.2024), **(20) 05932 डिब्रूगढ़ – कोलकाता स्पेशल** (यात्रा शुरू दिनांक 26.10.2024), **(21) 05952 न्यू तिनसुकिया – एसएमवीटी बेंगलुरु स्पेशल** (यात्रा शुरू दिनांक 24.10.2024) फुर्केटिंग – लुमडिंग – गुवाहाटी – गोवालपारा टाउन होकर मार्ग परिवर्तित करेंगी और धेमाजी, नॉर्थ लखीमपुर, हारमती, विश्वनाथ चाराली, रंगापाड़ा नॉर्थ, उदालगुड़ी, रंगिया में नहीं रुकेंगी। **(22) 15961 हावड़ा – डिब्रूगढ़ कामरूप एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 25.10.2024, 28.10.2024) गोवालपारा टाउन – गुवाहाटी – लुमडिंग – फुर्केटिंग होकर मार्ग परिवर्तित करेगी और धेमाजी, नॉर्थ लखीमपुर, हारमती, विश्वनाथ चाराली, रंगापाड़ा नॉर्थ, उदालगुड़ी, टांगला, रंगिया, नलबाड़ी, तिहु, पाठशाला, बरपेटा रोड, सोरभोग, बंगाईगांव में नहीं रुकेगी। **(23) 15962 डिब्रूगढ़ – हावड़ा कामरूप एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 25.10.2024, 28.10.2024) फुर्केटिंग – लुमडिंग – गुवाहाटी – गोवालपारा टाउन होकर मार्ग परिवर्तित करेगी और धेमाजी, नॉर्थ लखीमपुर, हारमती, विश्वनाथ चाराली, रंगापाड़ा नॉर्थ, उदालगुड़ी, टांगला, रंगिया, नलबाड़ी, तिहु, पाठशाला, बरपेटा रोड, सोरभोग, बंगाईगांव में नहीं रुकेगी। **(24) 15925 देवघर–डिब्रूगढ़ साप्ताहिक एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 24.10.2024) गोवालपारा टाउन – गुवाहाटी – लुमडिंग – फुर्केटिंग होकर मार्ग परिवर्तित करेगी और धेमाजी, नॉर्थ लखीमपुर, हारमती, विश्वनाथ चाराली, रंगापाड़ा नॉर्थ, उदालगड़ी, रंगिया, नलबाड़ी, बरपेटा रोड पर नहीं रुकेगी। **(25) 15930 न्यू तिनसुकिया – ताम्बरम एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 28.10.2024) फुर्केटिंग – लुमडिंग – गुवाहाटी – गोवालपाड़ा टाउन होकर मार्ग परिवर्तित करेगी और धेमाजी, नॉर्थ लखीमपुर, हारमती, विश्वनाथ चाराली, रंगापाड़ा नॉर्थ, न्यू मिसामारी, रंगिया में नहीं रुकेगी। **(26) 15929 ताम्बरम– न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 24.10.2024) गोवालपारा टाउन – गुवाहाटी – लुमडिंग – फुर्केटिंग होकर मार्ग परिवर्तित करेगी और धेमाजी, नॉर्थ लखीमपुर, हारमती, विश्वनाथ चाराली, रंगपाड़ा नॉर्थ, न्यू मिसामारी, रंगिया में नहीं रुकेगी। ● **ट्रेनों का पुनर्निर्धारण: (1) 15658 कामाख्या – दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल** (यात्रा शुरू दिनांक 21.10.2024 कामाख्या से 2 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। **(2) 15961 हावड़ा–डिब्रूगढ़ कामरूप एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 14.10.2024) हावड़ा से 2 घंटे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। ● **पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के तहत ट्रेनों का नियंत्रण: (1) 15961 हावड़ा–डिब्रूगढ़ कामरूप एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 21.10.2024) 1 घंटे 30 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **(2) 15959 हावड़ा–डिब्रूगढ़ कामरूप एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू दिनांक 15.10.2024) 2 घंटे के लिए नियंत्रित की जाएगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

न्यूज बाइट्स

आहर में डूबने से युवक की मौत , परिवार में मचा कोहराम

नवादा (नि.सं.)। जिले के अकबरपुर प्रखंड नेमदारगंज थाना क्षेत्र के बरेव देवी स्थान के पास आहर में डूबने से युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिलटा महतो के पुत्र 24 वर्षीय संदीप कुमार उर्फ गोरे के रूप में की गई है। मृतक शौच करने के लिए आहर के समीप गया था। बताया जाता है कि युवक आरती कुमारी को बता कर निकला था कि वह शौच करने आहर की ओर जा रहा है। काफी देर तक वह घर नहीं लौटा, जिसके बाद परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। इस बीच ग्रामीण बच्चों ने बताया कि एक युवक आहर में डूब रहा था। तब स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक को बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण किया करता था। उसकी मौत के बाद परिजनों के समक्ष परवरिश की चिंता सामने आ गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पूर्व विधायक अनिल सिंह ने घटना पर दुख जताया है।

बिजली की आंख मिचौली से उपभोक्ताओं का फूटा गुस्सा

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ताओं का गुस्सा अब लावा बनकर बाहर निकलने लगा है। जिसका परिणाम शनिवार को बस्ती बिगहा मोड़ के पास देखने को मिला। शनिवार के सुबह होते ही ओड़ो निवासी भाजपा नेता राजेंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में बस्ती बिगहा, ओड़ो, महादेव बिगहा, कोसला, फतेहपुर समेत दर्जनों गांवों के सैकड़ों लोगों ने बस्ती बिगहा मोड़ पर राजगीर बोधगया राष्ट्रीय राजमार्ग 82 को जाम कर दिया। जिससे आवागमन बुरी तरह से प्रभावित हो गया। तकरीबन चार घण्टे सड़क जाम रहा।सुबह साढ़े आठ बजे से 12 बजे दोपहर तक सड़क जाम रहा। ऐसे में दर्जनों गाडियां जाम में फसी रही। जाम में फसे लोग आंदोलनकरियों से रास्ता देने की अपील करते रहे। लेकिन, कोई मानने को तैयार नहीं था। सड़क जाम की खबर सुनकर, नारदीगंज बीडीओ देवानंद कुमार सिंह, सीओ मो रईस आलम, एसआई कमलेश कुमार, बिजली विभाग के जेई नवीन कुमार और हिसुआ थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह जाम स्थल पर पहुंचे और आंदोलन में शामिल लोगों को समझाने में जुट गए। काफी देर समझाने बुझाने के बाद भी लोग नही माने। जाम में शामिल लोग एक ही बात पर अड़े थे कि हमलोगों को एक नंबर फिटर से लाइन जोड़ा जाय। जिससे नारदीगंज बाजार को बिजली मिलती है। जब अधिकारियों ने एक नंबर फीटर से बिजली जोड़ने का आश्वासन दिया तब लोगों ने एक बजे पूर्वाह्न में जाकर जाम को हटाया। मौके पर वीरेंद्र सिंह, सत्यदेव सिंह, संतोष सिंह, रविंद्र सिंह,लक्ष्मी नारायण, संत शरण विश्वकर्मा, राहुल कुमार समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा सम्पन्न,आज मां कुष्मांडा की पूजा

रजौली (नवादा) (नि.सं.)। प्रखण्ड क्षेत्र के पुरानी बस स्टैंड, बजरंगबली चौक, संगत एवं नीचे बाजार, हरदिया एवं अमावां समेत अन्य मंदिरों एवं निजी आवास में नवरात्रि के तीसरे दिन शनिवार को मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना बड़े ही धूमधाम से सम्पन्न हुआ। पुजारी घनश्याम पाण्डेय ने बताया कि मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप को चंद्रघंटा के नाम से जानते हैं। नवरात्रि उपासना में तीसरे दिन इन्हीं के विग्रह की पूजा-अर्चना की जाती है। इस दिन मां को अन्य भोग के अलावा शक्कर और पंचामृत का भोग लगाना चाहिए। मान्यता है कि यह भोग लगाने से माँ दीर्घायु होने का वरदान देती हैं। इनके पूजन-अर्चन से व्यक्तित्व में वैराग्य, सदाचार और संयम बढ़ता है। वहीं नवरात्रि के तीसरे दिन में मां कुष्मांडा की पूजा किया जाना है।मां के इस रूप को काफी ओजस्वी माना जाता है। इस रूप की आभा से दुनियाभर रोशन हो सकती है। मां के इस रूप को इसलिए एक खास रंग से जोड़कर देखा जाता है। जैसे कि मां का ये रूप सबसे पहले तो मन में आशा जगाता है और फिर इसे देखकर एक अलग सी एनर्जी आती है। इतना ही नहीं मां मन को खुश कर देती हैं। पुजारी कहते हैं कि मां कुष्मांडा नारंगी रंग की साड़ी में बेहद खूबसूरत लगती है। इसकी आभा से पूरी दुनिया जगमगा जाती है। आप भी नवरात्रि के चौथे दिन इस रंग के कपड़े पहन सकते हैं। आप इस रंग में साड़ी, सूट और फिर कुर्ता पहन सकते हैं।साथ ही बताया कि मान्यता है कि मां कुष्मांड़ा की पूजा करने से व्यक्ति का बुद्धि और विवेक बढ़ता है।

अग्नि सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक

नवादा (नि.सं.)। जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा के निदेश के आलोक में जिला अग्निशमन पदाधिकारी, नवादा द्वारा दुर्गापूजा में अग्नि सुरक्षा हेतु ''क्या करें, क्या न करें'' से संबंधित ध्यान देने योग्य बातें बताया गया, जो निम्नवत है। पंडाल निर्माता पंडाल हमेशा भारतीय मानक ब्यूरो आई. एस. 8758-1993 के अनुरूप ही बनायें। फायर रिटारडेन्ट सोल्यूशन में उपचारित किया हुआ सूती कपड़े का पंडाल बनाया जाए। अग्नि निरोधक घोल हेतु सामग्री की भाग का अनुपात निम्नवत रहनी चाहिएः- अमोनियम सल्फेट - 04 भाग (मात्रा से), अमोनियम कार्बोनेट- 04 भाग (मात्रा से), बोरेक्स- 01 भाग (मात्रा से), बोरिक एसिड- 01 भाग (मात्रा से), एलम- 02 भाग (मात्रा से), पानी- 35 भाग (मात्रा से) होनी चाहिए। पंडाल के प्रत्येक 100 वर्ग मीटर स्थान पर अग्निशामक यंत्र 09 ली० क्षमता का अवश्य लगायें। पंडाल का निर्माण रेलवे लाईन, विद्युत सब स्टेशन, चिमनी या भट्टे से कम-से-कम 15 मीटर की दूरी पर हो। पंडाल के चारों तरफ 4-5 मीटर खुला स्थान अवश्य रखें। पंडाल में कम-से-कम तीन द्वार रखे जाएं-एक सामने दो पार्श्व में। प्रत्येक पंडाल के लिए अलग से फ्यूज सर्किट ब्रेकर लगाये जायें। बिजली की तार को अच्छे से टेपिंग करें। यदि संभव हो तो बिजली का तार पी०वी०सी० पाईप से गुजारा जाए। बिजली कट जाने पर स्पार्कलेस लाईट का प्रयोग करें। पुजा करते समय अगरबती, आरती, दिया आदि सावधानी से एवं सुरक्षित स्थान पर जलाएं। अगरबत्ती/आरती होने तक विशेष रूप से एक व्यक्ति का उस पर ध्यान दें। अस्थायी रसोई घर को पंडाल से 200 मी० की दूरी पर बनवायें। हवन कुण्ड के पास 04 (1000 लीटर) बड़े ड्रम पानी बाल्टी एवं मग के साथ अवश्य रखें। स्थानीय अग्निशमन केन्द्र का टेलीफोन नम्बर जगह-जगह अवश्य प्रदर्शित करें। रावण दहन वैसी जगह की जाय जहां पर पर्याप्त जगह हो। उसके लिए एक सुरक्षा घेरा बनाया जाय। पंडाल 03 मीटर से कम ऊंचाई का न लगाएं। पंडाल बनाने में सिन्थेटिक सामग्री से बने कपड़े या रस्सी का प्रयोग न करें। हैलोजन लाईट का प्रयोग पंडाल के अन्दर न करें। पंडाल बिजली की लाईन के नीचे किसी भी दशा में न लगायें। पंडाल परिसर में धुम्रपान न करें। पंडाल के अन्दर हवन कुण्ड का प्रयोग न करें। यदि अतिआवश्यक हो तो पंडाल से बाहर एवं खुले सुरक्षित स्थान पर किया जाए। किसी भी स्थिति में लाईट हेतु मोमबती, दिया आदि का प्रयोग न करें। किसी भी स्थिति में बिजली तार को खुला न रखें।

24 घंटे के अंदर 49 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

नवादा (नि.सं.)। पुलिस अधीक्षक, नवादा श्री अभिनव धीमान ने बताया कि 04 अक्टूवर 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या में 01, हत्या के प्रयास में 04, मद्य निषेध में 08 एवं अन्य गिरफ्तारी 36 कुल 49 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 71 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वाहन जॉच के क्रम में कुल 494 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 01 लाख 32 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत ट्रैक्टर 05, ठेला 03, अपहृत 01, चुलाई मशीन 01, गैस चूल्हा 01 एवं महुआ घोल विनष्ट 300 लीटर बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

थाना स्तर पर सम्पन्न हुई शांति समिति की बैठक

निज संवाददाता | नवादा

जिलाधिकारी नवादा आशुतोष कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान की संयुक्त अध्यक्षता में दुर्गा पूजा-2024 को शांतिपूर्ण और भाईचारे के वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए अकबरपुर, सिरदला थाना में शांति समिति की बैठक की गई। शांति समिति के आयोजकों से दुर्गा पूजा विसर्जन आदि के संबंध में बारी-बारी से सभी से फिडबैक और सुझाव लिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि विसर्जन स्थल पर पानी की गहराई प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के साथ समन्वय बनाकर जॉच कर लें ताकि विसर्जन के समय कोई अप्रिय घटना न घटे। जिलाधिकारी ने सभी सम्मानित सदस्यों का बात सुना और उन्होंने आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन की ओर से हर संभव मदद एवं समस्याओं का समाधान किया जायेगा। भीड़-भाड़ इलाके में एवं पूजा पंडालों में अधिक से अधिक वोलेंटियर का प्रतिनियुक्ति करना सुनिश्चित करेंगे। मेला में आने वाले बच्चे और बृद्धजनों के पॉकेट में पता और मोबाईल नम्बर अवश्य रख दें। विषम परिस्थितियों में काम आयेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि पूजा पंडाल निर्माण में सुरक्षा मानक बनाये रखने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर पर सोशल मीडिया पर नजर पूरी नजर रखी जायेगी। दुर्गा पूजा के अवसर पर विधि-व्यवस्था रखने हेतु अपने क्षेत्रांतर्गत हाट बाजारों, चौक-चौराहों एवं अन्य महत्वपूर्ण जगहों पर लागातार भ्रमणशील रहते हुए विधि-व्यवस्था बनाये रखेंगे। आपदा प्रबंधन विभाग के गाईडलाईन के अनुसार पूजा पंडालों को विशेषकर जिन पंडालों में अधिक संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है, अग्निरोधी होना बनाने एवं आपात परिस्थिति हेतु पूर्व प्रबंधन करने का निदेश दिया गया। पूजा पंडालों में सीसीटीवी, अग्निशमन यंत्र तथा प्रवेश एवं निकास की समुचित व्यवस्था का उल्लेख करने का निदेश दिया गया। पूजा में मानक संचालन की प्रक्रिया का अनुपालन करना आवश्यक होगा। साफ-सफाई और लाईटिंग की भी व्यवस्था होगी। मेला में सभी प्रकार की आधारभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया। प्रतिमा के विसर्जन हेतु जो समय अनुज्ञपित पर अंकित होता है, जुलूश मार्ग का सत्यापन करने तथा यदि कोई व्यवधान है तो उसका समाधान करने का निर्देश दिया गया। पूजा स्थलों पर जुलूशों का शत्-प्रतिशत लाईसेंस होना सुनिश्चित करने एवं विसर्जन जुलूश के क्रम में बिजली के तारों/पूजा पंडालों में शॉर्ट सर्किट से भी दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, इस दृष्टिकोण से भी प्रबंधन करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक, नवादा ने कहा कि सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया यथा-फेसबुक, व्हाट्सएप् इत्यादि पर निगरानी एवं समय रहते कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निश्चित किया गया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा में अत्यधिक भीड़ को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था निर्बाध रूप से रहे। सभी पूजा पंडालों में एवं भीड़-भाड़ इलाकों में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। मेला में पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी के साथ-साथ महिला तथा पुरूष पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह वाला मैसेज नहीं फैलायें अन्यथा प्राथमिकी दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई की जायेगी। नवयुवक अति उत्साह में कोई गलत कार्य न करें। अविभावक इसपर अवश्य ध्यान दें। भीड़ वाले स्थलों पर पर्याप्त संख्या में सिविल ड्रेस में पुलिस बल तैनात रहेगा। पुराने रूट चार्ट का अनुपालन करना होगा। वाईकर्स पर पैनी नजर रहेगी। छेड़-छाड़ करने वाले व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। सभी पूजा पंडालों में माईक से आवश्यक सूचना प्रसारित करेंगे। नवमी और दशमी को पर्याप्त भीड़ को देखते हुए काफी संख्या में बाहर से भी पुलिस की प्रतिनियुक्ति की जा रही है। सभी थाना परिसर में कार्यक्रम का संचालन आदित्य कुमार पियूष अनुमंडल पदाधिकारी रजौली के द्वारा किया गया। सभी पूजा पंडाल के आयोजकों को शर्तों का अनुपालन करना होगा। जिला नियंत्रण कक्ष भीड़ वाले स्थलों पर संचालित होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अश्लील गाना नहीं बजाना है और बिना लाईसेंस का सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होगा। मेला में सभी प्रकार की आधारभूत सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। सभी थाना क्षेत्रों के पूजा समिति और शांति समिति के सदस्यों से बारी-बारी से फिडबैक लिया गया। बैठक में अपर समाहर्त्ता नवादा, एसडीपीओ रजौली, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, डीसीएलआर रजौली, संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष और काफी संख्या में शांति समिति, पूजा समिति के सम्मानित सदस्यगण आदि उपस्थित थे।

आगजनी काण्ड के खिलाफ भाकपा का प्रदर्शन

निज संवाददाता | नवादा

नवादा जिला के कृष्णानगर में घटित बहुचर्चित आगजनी काण्ड के खिलाफ शुक्रवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मा) के बैनर तले नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए प्रदर्शन रैली का आयोजन किया गया। यह रैली सीपीआई (मा) के जिला कार्यालय से निकल कर भगत सिंह चौक, प्रजातंत्र द्वार होते हुए समाहरणालय पर आकर समाप्त हुई। कृष्णा नगर के अग्नि पीड़ितों को न्याय दिलाने और अभी तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आने को लेकर पार्टी कार्यक्रताओ में काफी रोष देखा गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जिला प्रशासन भोजन, रैन बसेरा या मुआवजा देकर घटना की इतिश्री करना चाहता है किन्तु घटना का मौलिक सवाल जमीन विवाद है और उजड़े हुए महादलित परिवार को पुनः बसाने का है। रैली के बाद आम्बेडकर पार्क में एक जनसभा का भी आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने सरकार से आग्रह किया कि कृष्णा नगर में बसे भूमिहीनों को यथाशीघ्र जमीन का पर्चा दिया जाए और घटना की न्यायिक जांच कराई जाए। इसके साथ ही आग लगाने वाले अपराधियों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमे की सुनवाई कर केस का फैसला किया जाए और कानून सम्मत दंड दिया जाए।

युवकों को स्वरोजगार के लिये मिलेगा टुल किट

निज संवाददाता | नवादा

जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि श्रम संसाधन विभाग बिहार, पटना के नियोजन सेवा का विस्तार योजनान्तर्गत योग्य अभ्यर्थियों को निम्नलिखित शर्तों के अनुरूप स्वरोजगार हेतु टूल किट एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु स्टडी किट प्रदान कर रही है। उक्त हेतु वांछित योग्यता एवं शर्तें निम्नवत है :- टुलकिट योजना में इलेक्टिशिन, इलेक्ट्रोनिक्स, मोटररिपेयर, फिटर, मोबाईल रिपेयिरिंग, ब्यूटिशियन, एवं प्लम्बर इत्यादि ट्रेड हेतु ट्रांसजेंडर, दिव्यांगजन, अनुसूचितजाति, अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग, पिछड़ा वर्ग अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं महिला, उम्र सीमा 18 से 35 वर्ष, वार्षिक आय 180000/-रू0 से कम होनी चाहिए। शैक्षणिक योग्यता अथवा अभ्यर्थी केन्द्र सरकार अथवा राज्य से मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम तीन माह का सम्बद्ध ट्रेड में प्रशिक्षित। छः माह पूर्व जिला नियोजनालय नवादा में एनसीएस पोर्टल पर निबंधन होना अनिवार्य है। स्टडीकिट योजना में नौकरी के लिए यूपीएससी, बीपीएससी, रेलवे, बैंकिंग, एसएससी इत्यादि परीक्षाओं की तैयारी करने वाले कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी (ट्रांसजेंडर, दिव्यांगजन, महिला, अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से पिछड़ावर्ग, अत्यंत पिछड़ावर्ग एवं महिला) के लिए परीक्षावार अनुमान्य योग्यता, वार्षिक आय 180000/-रू0 से कम होनी चाहिए।

सिमरातरी उर्दू विद्यालय में बच्चे गायब, सात में चार शिक्षक मौजूद

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखण्ड मुख्यालय से सुदूरवर्ती पंचायत सवैयाटांड़ के सिमरातरी गांव स्थित प्राथमिक उर्दू विद्यालय में भारी अनियमितता व्याप्त है। विद्यालय में समय से पहले बच्चों की छुट्टी हो जाती है। बच्चों के साथ-साथ शिक्षकगण भी विद्यालय छोड़कर अपने निजी कार्यों में जुट जाते है। प्राथमिक उर्दू विद्यालय मुख्यालय से दूर रहने के कारण प्रभारी प्रधानाध्यापक कारी मो. मोबिन के द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही है। साथ ही उन्हें प्रखण्ड से लेकर जिला स्तर के पदाधिकारियो से जरा सा भी डर नहीं है। वहीं शिक्षकगण भी विद्यालय और देश के भविष्य कहे जाने वाले छात्र-छात्राओं को अंधकार में झोंककर कार्यालय में बैठकर गप्पे हांकने में व्यस्त रहते हैं। शनिवार के दिन लगभग 2:30 बजे विद्यालय में नामांकित 151 बच्चों में एक भी बच्चे उपस्थित नहीं थे।वहीं विद्यालय का हर कमरा खाली पड़ा था। विद्यालय के कार्यालय में शिक्षक ललन कुमार के अलावे शिक्षिका सुरैया तरन्नुम, नाजनी सबा व रेणु कुमारी आपस में बातचीत करते नजर आये। उनसे विद्यालय के बारे में पूछे जाने पर कहा गया कि प्रभारी प्रधानाध्यापक आकस्मिक छुट्टी पर हैं। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक कारी मो. मोबिन के छुट्टी रहने पर विद्यालय के देखरेख की जिम्मेंमदारी शिक्षक असलम खान पर थी, जो अपने निजी काम से विद्यालय छोड़कर चले गए थे एवं शिक्षक श्रवण कुमार को बीएलओ के मीटिंग में रहने की बात कही गई। वहीं विद्यालय में बचे शेष चार शिक्षक विद्यालय के बन्द होने के समय का इन्तेजार कर रहे थे। जबकि शिक्षकों ने ही बताया कि विद्यालय सुबह 9 बजे से लेकर 4:30 बजे तक का होता है। शनिवार को विद्यालय में नामांकित 151 बच्चों में 95 बच्चे विद्यालय आये थे और 2 बजे तक सभी बच्चे चले गए।साथ ही उन्होंने बताया कि शनिवार को मध्याह्न भोजन में बच्चों को खिचड़ी और चोखा खिलाया गया था। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि इस विद्यालय में सात शिक्षकों में कुछ लोग विद्यालय आकर चले जाते हैं। साथ ही कहा कि मध्याह्न भोजन में भी काफी अनियमितता बरती जाती है एवं जानबूझकर बच्चों को छुट्टी दे दी जाती है। जब ग्रामीणों द्वारा विरोध किया जाता है, तो शिक्षकगण कहते हैं कि जाओ और जहां शिकायत करना है करो, हमें कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। अब जब शिक्षकगण ही विद्यालय और बच्चों के प्रति कर्तव्यो छोड़कर स्वार्थी बने रहेंगे, तो ऐसे में बिहार में बेहतर शिक्षण व्यवस्था की कल्पना करना बेईमानी होगी। इस बाबत पर प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी ए. वर्षा से जब दूरभाष के माध्यम से जानकारी लेने का प्रयास किया गया, तो दो बार कॉल करने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिल पाया।

हिसुआ विधायक से मिले जिले भर के एम्बुलेंस कर्मचारी

निज संवाददाता | नरहट (नवादा)

शनिवार को जिले भर के एम्बुलेंस कर्मचारी हिसुआ विधायक नीतू कुमारी के नरहट स्थित आवास पर मिलकर अपनी समस्या से जुड़े आवेदन देकर समाधान की मांग की। कर्मचारियों ने बताया कि हम लोग सभी एम्बुलेंस कर्मचारी दस सालों से एम्बुलेंस के माध्यम से मरीज की सेवा कर रहे हैं। फिर भी इधर पांच माह से हम लोगों का मानदेय भुगतान नहीं किया गया है। कई बार कम्पनी बदलने से एम्बुलेंस स्टाफ का वेतन कम्पनी लेकर भाग गया है। कर्मचारियों ने बताया कि हम लोगों का जब तक वेतन का भुगतान नही होता है एवं एसीओ का ट्रांसफर रोकने का कार्य नही किया गया तो हम लोग सभी एम्बुलेंस कर्मचारी हड़ताल के लिए बाध्य हो जायेगें। उन्होंने बताया कि एम्बुलेंस पर कार्य कर हमारा जीवन यापन एवं बच्चों की परवरिश हो रहा है। इतना ही नही हम लोग 102 एम्बुलेंस को हैंड ओभर भी नही करेंगे इस मामले में हिसुआ कोंग्रेस विधायक नीतू कुमारी ने बताया कि हम एम्बुलेंस कर्मचारियों के साथ हैं। इनके समस्या को लेकर सिविल सर्जन से बात हुई है। सरकार एवं स्वास्थ्य मंत्री जी से भी आग्रह करेंगे। उन्होंने बताया कि एम्बुलेंस कर्मचारी ठीकेदार के अंदर में काम कर रहे थे। अब नया ठीकेदार आ गया है तो पुराने कर्मचारी को नही हटाएं और उनका बकाया वेतन का भी भुगतान जल्द करें। नया ठीकेदार आने से कर्मचारियों को हटाने एवं ट्रांसफर का डर सता रहा है। इन लोग लम्बे समय से काम कर रहे हैं। कोई शिकायत नही है तो हटा देने से इनके समक्ष आर्थिक संकट उतपन्न हो जाएगा। परिवार का भरण पोषण की समस्या उतपन्न हो जाएगी। विधायक ने बताया कि सभी विषयों पर सिविल सर्जन से बात कर एम्बुलेंस कर्मचारियों का समस्या का समाधन कराया जाएगा।

लग्जरी कार में रहे 183 बोतल शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के गढ़ दिबौर से उत्पाद एएसआई अजय कुमार व अर्चना सिन्हा ने लग्जरी कार में लदे 183 बोतल विदेशी शराब के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया। वहीं बस से शराब लेकर बिहार प्रवेश करने वाले दो लोगों को उत्पाद एएसआई पंचम लाल धीरज व राकेश कुमार ने गिरफ्तार किया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों द्वारा झारखण्ड से आनेवाली प्रत्येक वाहनों की सघन जांच की जाती है। उन्होंने कहा कि उत्पाद टीम संख्या दो ने गुप्त सूचना के आलोक में गढ़ दिबौर में एक ऑल्टो कार निबंधन संख्या जेएच02बीक्यू9529 की तलाशी लेने पर कार की डिक्की में रखे कार्टूनों से रॉयल स्टैग प्रीमियम व्हीस्की 375 एमएल का 124 बोतल और इंपिरियल ब्लू फाईनेस्ट ग्रेन व्हीस्की 375 एमएल के 59 बोतल कुल 183 बोतल बरामद किया गया। जब्त शराब की कुल मात्रा 68.25 लीटर पाया गया। गिरफ्तार शराब तस्करों में रंजीत दास, पिता स्वर्गीय सूरज दास, ग्राम उबटा मोड़, थाना चतरा सदर, जिला चतरा, जो कि वाहन स्वामी सह चालक भी है।

कुशा दुर्गा मंडप में किया गया प्रसाद का वितरण

निज संवाददाता | नरहट (नवादा)



प्रखण्ड में दुर्गापूजा को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। पूजा पंडालों में कलश स्थापना कर प्रति दिन पूजा आरती की जा रही है। शनिवार को प्रखण्ड के कुशा दुर्गा मंडप में पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया। ग्रामीण उत्साह के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना में जुटे हुए हैं। भव्य पंडाल का निर्माण को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पूजा कमिटी के लोग पंडाल लाईटिंग आदि व्यवस्था में जुटे हुए हैं। पूजा को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह है। बनियाबदलपुर दुर्गा मंडप में भी तैयारियां जोरों पर है। कलश स्थापना के दिन से बाबा भैरवानन्द जी महाराज सीने कलश रख माता की आराधना कर रहे हैं।

मां का तीसरा रूप चंद्रघंटा की भूमिका में लक्षिता राजलक्ष्मी

निज संवाददाता | नवादा

नगर के प्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्था सृजन आर्ट शकुंतला मेमोरियल म्यूजिक कॉलेज के प्रांगणनवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघण्टा की पूजा किया गया। माता चंद्रघंटा का रूप बाल कलाकार लक्षिता राजलक्ष्मी धारण किया। संस्था के निर्देशक विजय शंकर पाठक ने बताया कि माता चंद्रघंटा की आराधना करने सेआत्मविश्वास बढ़ता है कंपटीशन में भाग लेने वाले छात्रों को जो इंटरव्यू में बैठते हैं उनको माता चंद्रघंटा का अवश्य ध्यान करना चाहिए इससे आत्म बल बढ़ता है और ऊर्जा मिलती है। यह मां का तेजस्वी और शक्तिशाली रूप माना जाता है। उन्होंने बताया की देवी भागवत पुराण में बताया गया है कि मां का यह रूप बेहद सौम्य और शांत है, जो सुख-समृद्धि और आत्मविश्वास प्रदान करता है और सामाजिक प्रभाव भी बढ़ता है। लोग आपको सम्मान देना शुरू कर देते हैं। देवी भागवत पुराण में बताया गया है कि मां चंद्रघण्टा की पूजा करने से आपके सुख और भौतिक सुखों में वृद्धि होती है और मां दुर्गा समाज में आपका प्रभाव बढ़ाती हैं। मां का चंद्रघण्टा नाम कैसे पड़ा नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघण्टा की पूजा होती है। मां की पूजा से जीवन में सफलता मिलती है। मां के मस्तक पर घंटे के आकार का चंद्रमा है, इसलिए उन्हें चंद्रघण्टा कहते हैं। मां चंद्रघण्टा का रूप अलौकिक, तेजस्वी और ममतामयी माना जाता है। मां के इस रूप की पूजा करने से आपको जीवन के हर क्षेत्र में भरपूर कामयाबी प्राप्त होती है। मां की पूजा सूर्योदय से पहले करनी चाहिए। इस अवसर पर गोपाल कुमार सिंहा ,पवन कुमार सिंहा, नृत्य शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार, रिंकू कुमारी, जैस्मिन, मिली, काव्य, कनक, अपराजिता सहित अन्य कई मौजूद थे।

14 अक्टूबर को पेंशन दिवस का होगा आयोजन

निज संवाददाता | नवादा

प्रभारी सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, अमरनाथ कुमार ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभुकों हेतु प्रत्येक पंचायत एवं वार्डो (ग्रामीण एवं नगर) में माह अक्टूबर, 2024 के तीसरे सोमवार (दिनांक 14.10.2024) को पेंशन दिवस आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के आम शिकायतों को सूचीबद्ध करने के साथ-साथ उनके बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान भी किया जायेगा। उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, नवादा जिला, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, नवादा सदर, वारिसलीगंज एवं हिसुआ, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत रजौली को पेंशन दिवस आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। पेंशन दिवस के आयोजन की निर्धारित तिथि के पूर्व प्रखंडों, नगर परिषद एवं नगर पंचायतों द्वारा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित किया जाय। प्रत्येक पंचायत एवं वार्ड में आयोजित पेंशन दिवस में संबंधित पंचायत के पंचायत सचिव, पंचायत कार्यपालक सहायक, विकास मित्र तथा अन्य सक्षम कर्मी निर्धारित स्थल पर उपलब्ध रहेंगें एवं पेंशनधारियों द्वारा प्रदत्त सूचना/शिकायत विहित प्रपत्र में संकलित करेंगे। सभी पंचायतों एवं वार्डों द्वारा संकलित सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी को एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नवादा को उपलब्ध कराये जाने का निदेश दिया गया। एडीएसएस द्वारा सख्त निर्देश दिया गया कि केन्द्रीय पेंशन योजनाओं यथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना एवं राज्य पेंशन योजना यथा- मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, बिहार राज्य निःशक्तता पेंशन योजना एवं बिहार शताब्दी कुष्ठ कल्याण योजना के पेंशनधारियों की सूचना अलग-अलग संधारित करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि माह अक्टूबर, 2024 के तीसरे सोमवार (दिनांक 14.10.2024) एवं प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर एवं जनवरी माह के तीसरे सोमवार को सभी पंचायत/वार्ड (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र) में पेंशन दिवस आयोजित कराते हुए विहित प्रपत्र में सूचना सामाजिक सुरक्षा कोषांग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

सात शराब तस्करों समेत 11 गिरफ्तार, दो बाइक जब्त

निज संवाददाता | नवादा

नवादा की पुलिस ने शराब निर्माण व बिक्री के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी के क्रम में सात शराब तस्करों समेत कुल 11 लोगों को शराब से जुड़े अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार कर लिया। घटना गुरुवार की है। गुप्त सूचना पर पुलिस ने जिले के गोविन्दपुर, नेमदारगंज व थाली समेत कई थाना क्षेत्रों में छापेमारी की। इस दौरान कुल 208.5 लीटर देसी व विदेशी शराब बरामद की गयी। छापेमारी के दौरान शराब परिवहन में प्रयुक्त दो बाइक भी बरामद की गयी। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। ताजा घटनाक्रम में गोविन्दपुर पुलिस ने पिपरा गांव में छापेमारी कर बाइक से लायी जा रही तस्करी की 102 लीटर शराब बरामद किया। तस्कर भाग निकले। गिरफ्तारी नहीं की जा सकी। इधर, सिरदला के चैली गांव में छापेमारी कर एक महिला को 06 लीटर, हिसुआ के बगुली गांव में एक महिला समेत दो लोगों को 04 लीटर रूपौ के नावाडीह में बाइक से 06 लीटर विदेशी शराब के साथ दो लोगों व नरहट के गुरुचक गांव में छापेमारी में 4.5 लीटर महुआ शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

स्टैंड संचालक की हत्या में शामिल दो अपराधी गिरफ्तार

कोईलवर। कोईलवर चांदी थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया स्टेशन के समीप भदवर निवासी स्टैंड संचालक महावीर पांडेय की हत्या में शामिल दो अपराधी को आज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जिसे जेल भेज दिया गया। इस मामले में पुलिस ने भदवर निवासी स्व.गौरी यादव के पुत्र अशोक यादव उर्फ अशोक राय और निशा यादव उर्फ प्लेन यादव की गिरफ्तारी की है। हालांकि बाकी चार अभी भी पुलिस के पकड़ से बाहर है। उल्लेखनीय है की बुधवार की रात भदवर निवासी स्टैंड संचालक का शव स्टैंड से ही बरामद किया गया था। इस मामले में मृतक के पुत्र विजय कुमार पाण्डेय ने अपने पिता की सोए अवस्था में तकिया से दबा हत्या कर दिए जाने का आरोप लगाया गया है। रिवारवालों ने अपने पटीदार समेत गांव के छह लोगों पर गला दबा हत्या करने का आरोप लगाया है। परिवारवालों ने बताया कि कुल्हड़िया स्टेशन के पास उनकी निजी जमीन है जिस पर कई वर्षों से साइकिल स्टैंड चलाते आ रहे हैं। बगल में ही गांव के एक दूसरे साइकिल स्टैंड संचालक ने बीते दो वर्षों से उस जमीन पर जबरन कब्जा करने और साइकिल स्टैंड हटाने के लेकर कई बार विवाद हुआ है। इस मामले को लेकर पुत्र के बयान पर छह अपराधियों पर मामला दर्ज कराया गया है।

प्रॉपर्टी डीलर हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

आरा। टाउन थाना क्षेत्र के इब्राहिम नगर धरहरा मोहल्ला के रहने वाले 27 वर्षीय प्रॉपर्टी डीलर शशिकांत महतो की गोली मारकर हत्या करने के आरोप में हत्याकांड के मुख्य आरोपी को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी टाउन थाना क्षेत्र के इब्राहिमनगर धरहरा मोहल्ला के रहने वाला रामभवन महतो पिता भदई महतो है। एसपी मिस्टर राज ने बताया कि 23 सितंबर को टाउन थाना क्षेत्र के इब्राहिम नगर मोहल्ला के रहने वाले एक व्यक्ति कि गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद शशिकांत महतो के पिता छबिला महतो ने 5 लोगों को नामजद करते हुए एफआईआर दर्ज कराया था। जिसके बाद पुलिस ने घटना में लाइनर का काम करने के आरोप में अनिल कुमार को गिरफ्तार कर लिया था।

विश्राम गृह का मंत्री ने किया शिलान्यास

आरा। राज्य के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने शुक्रवार को आरा में वन प्रमंडल के विश्राम-गृह का शिलान्यास किया। साथ में बक्सर जिला के लिए कमलदह पोखरा पार्क में उन्नयन व विकास कार्यों का लोकार्पण किया। कृषि वानिकी योजना के 6 लाभुकों को चेक सौंपा। पौधरोपण भी किया। इसके पहले मंत्री प्रेम कुमार भोजपुर वन प्रमंडल के कार्यक्रम में शामिल होने धनुपरा में वन विभाग के रेस्ट हाउस पहुंच थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री प्रेम कुमार और सहायक वन संरक्षक नूपुर सैनी ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंत्री प्रेम कुमार ने जिले में लगभग 75 हजार पौधा लगाने वाले विश्व पर्यावरण बचाओ संस्थान के अध्यक्ष दीपक कुमार अकेला और ट्री-मैन बलराम कुशवाहा को पौधा देकर सम्मानित किया। कृषि वानिकी योजना के अंतर्गत लगाए गए पौधों के 3 वर्ष पूरा होने पर 70 प्रति पौधे के दर से 6 लाभुकों को प्रोत्साहन राशि का चेक दिया। लाभुकों में आलोक कुमार पांडेय को 9800, मो निजामुल हक को 132800, राजीव रंजन मिश्रा को 7050 रुपए, संतोष कुमार सुमन को 12460, सुरेश राय को 13300 व ज्ञानेंद्र कुमार सिंह को 95 हजार का चेक मिला। मौके पर वन क्षेत्र पदाधिकारी शिवनंदन चौधरी, जिला सहकारिता पदाधिकारी लवली कुमारी, कोऑपरेटिव बैंक के प्रबंध निदेशक शाहनवाज, भाजपा के जिला महामंत्री संतोष चंद्रवंशी, हरेराम चंद्रवंशी, जयशंकर चंद्रवंशी, निशांत सिंह सेंगर, दीपक कुमार अकेला, बलिराम चंद्रवंशी और अन्य थे। अब बिहार में वन क्षेत्र बढ़ाकर 15 प्रतिशत हो गयाः डॉ. प्रेम कुमार मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि अब बिहार में वन क्षेत्र बढ़कर 15 प्रतिशत हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आह्वान किया गया था कि हर व्यक्ति एक पेड़ जरूर लगाए। इसके बाद सहकारिता, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सभी विभागों से मिलकर पेड़ लगाने की अपील की और बिहार में 4 करोड़ 68 लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य वित्तीय वर्ष में रखा गया था जिसका 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। शेष 15 से 20 दिनों में निर्धारित लक्ष्य पूरा हो जाएगा। भोजपुर में पांच लाख और बक्सर में चार लाख अब तक पेड़ लग चुके हैं। जीविका दीदीयों की सराहना करते हुए कहा कि उनके लिए एक लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया था और उन्होंने एक लाख से अधिक पेड़ लगाया है। वहीं कृषि वानिकी के तहत डेढ़ लाख पेड़ लगाने के लक्ष्य को पूरा कर लिया गया है।

जब्त वाहनों के 21 को सुनवाई

आरा। शराब कांडों में जब्त किए गए वाहनों से संबंधित मुकदमों की सुनवाई को लेकर जिला दंडाधिकारी के कार्यालय में 21 अक्टूबर की तिथि का निर्धारण किया गया है। जिसकी जानकारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ने दिया है। जब्त वाहनों के स्वामित्व से संबंधित वाहन मालिक जिला दंडाधिकारी के कोर्ट में अपना पक्ष रख सकते हैं।

समीक्षा बैठक में मंत्री ने दिए लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

आरा। आरा मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने शुक्रवार को सहकारिता विभाग के अतिथि गृह, भोजपुर में सहकारिता विभाग से संबंधित विभागीय समीक्षा बैठक की। मंत्री ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में जिला सहकारिता पदाधिकारी से जानकारी ली। सर्वप्रथम जिला में निबंधित कुल सहकारी समितियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी। धान अधिप्राप्ति के संबंध में बताया गया कि जिलान्तर्गत पूरे राज्य में 12153 किसानों में 125 लाख एमटी धान की अधिप्राप्ति की गयी जो लक्ष्य का 70.06 प्रतिशत के करीब है। लक्ष्य के विरुद्ध कम अधिप्राप्ति का मुख्य कारण बाजार मूल्य का अधिक रहा था। कुल अधिप्राप्ति धान का लगभग 99.59 प्रतिशत चावल की आपूर्ति राज्य खाद्य निगम को कर दी गयी है। शेष 0.41 प्रतिशत अवशेष सीएमआर की स्थिति में संबंधित समितियों के कार्यकारिणी सदस्य सहित अध्यक्ष के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यपाई का निर्देश जिला सहाकारिता पदाधिकारी को दिया। इसी प्रकार गेहूं अधिप्राप्ति के लिए कुल 182 समितियों का चयन किया गया जिसने 43 समितियों द्वारा 73 किसानों से 257.3 एमटी गेहूं की अभिप्राप्ति की गयी थी छह प्रतिशत अर्थात 267.3 एमटी गेहूं की आपूर्ति राज्य खाद्य निगम भोजपुर को कर दी गयी है। जिले मुख्यमंत्री हरित कृषि संयंत्र योजनान्तर्गत कुल 103 समितियों कुल 425 संयंत्रों का निविदा आमंत्रण किया गया है। ग्रेसर प्रौद्योगिकी वो उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह योजना प्रारंभ की गयी है।

अभियंत्रण महाविद्यालय में विज्ञान मेला हुआ शुरू

बक्सर। कठिन परिश्रम करके ही छात्र सफलता हासिल कर सकते हैं। यह बात डीएम अंशुल अग्रवाल ने महदह पुलिस लाइन स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में 2 दिवसीय जिला स्तरीय विज्ञान मेला का उद्घाटन करते हुए कही। डीएम ने कहा कि तकनीकी के क्षेत्र में चुनौतियां भी है। चुनौतियों का सामना करने के लिए हौसला बुलंद होना चाहिए। इसके बाद सफलता हासिल होना हीं है।

एसडीओ धीरेन्द्र मिश्रा ने छात्रों को संस्थान के साथ बक्सर व बिहार के विकास के साथ-साथ नाम रौशन करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि व गणमान्य व्यक्तियों के स्वागत के साथ हुआ। संस्थान के प्राचार्य प्रो राम नरेश राय ने अतिथियों का स्वागत किया व सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उद्घाटन समारोह में संस्थान के छात्रों द्वारा कल्चरल नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसे सभी ने सराहना किया। कार्यक्रम का आयोजन कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार और जिला प्रशासन, बक्सर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। आयोजन का उद्देश्य छात्रों में विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाना व विज्ञान के क्षेत्र में उनकी सोच को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर संस्थान के अलावा अन्य विद्यालयों के छात्रों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान डीएम ने अन्य पदाधिकारियों के साथ छात्रों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। संस्थान के डीन प्रो रविन्द्र नाथ यादव ने सबको धन्यवाद दिया तथा आभार व्यक्त किया। इस आयोजन के समन्वयक सहायक प्रधानाध्यापक विकाश कुमार सिंह व संतोष प्रसाद ने संस्थान के सभी शिक्षक, कर्मचारी, छात्र के योगदान की सराहना की।

शशि हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, सिर में मारी थी गोली

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के टाउन थाना क्षेत्र के इब्राहिमनगर, धरहरा मोहल्ला क्षेत्र में शशिकांत महतो की हत्या हुई थी। हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी राम भवन महतो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी दिल्ली के नजफगढ़ थाना क्षेत्र से हुई। महतो टाउन के इब्राहिमपुर नगर मोहल्ला का निवासी है। उसकी गिरफ्तारी के लिए टाउन और डीआईयू टीम को वहां भेजा गया था। पुलिस से बचने के लिए दिल्ली में छिपकर रह रहा था। जानकारी शुक्रवार को एसपी राज ने पुलिस कार्यालय में पीसी कर दी।

इससे पहले साजिशकर्ता की हुई थी गिरफ्तारीः उन्होंने बताया कि जमीन विवाद में हत्या की थी। पूछताछ में संलिप्तता भी स्वीकार की है। पकड़े गए आरोपी की तलाश पुलिस छह वर्षों से कर रही थी। दूसरे मर्डर केस में भी वांछित था। इससे पहले पुलिस ने 26 सितंबर को शशिकांत महतो हत्याकांड में वांछित साजिशकर्ता कोईलवर के सकड्डी गांव निवासी अनिल चौधरी को पकड़ा था।

जमीन को लेकर चल रहा था विवाद

कार और मोबाइल किया था जब्तः कांड इस्तेमाल कार और मोबाइल को जब्त किया गया था। संलिप्त अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। मुख्य आरोपी राम भवन महतो ने अनिल चौधरी और छतीश महतो के साथ मिलकर प्लानिंग की थी। पार्टी के बहाने सुनसान जगह पर ले जाकर हत्या की थी। मृतक 27 वर्षीय शशिकांत महतो इब्राहिमनगर,धरहरा निवासी छबीला महतो के बेटे थे। पेशे से कृषि कार्य करते थे। घटनास्थल से एक खोखा जब्त किया गया था। मृतक की पत्नी के अनुसार उनके पति शशिकांत महतो 22 सितंबर को 11.40 बजे दिन में घर से दवा लाने के लिए बाइक से बाजार निकले थे।

जमीन हड़पने की नीयत से वारदातः संजय गांधी कॉलेज के उत्तर दिशा में लोकेशन मिला था। जब खोजबीन की गई थी तो वहां से शशिकांत महतो का शव बरामद किया गया था। सिर में गोली मारकर हत्या की गई थी। मृतक की पत्नी खुशबू कुमारी के बयान पर हुई प्राथमिकी में इब्राहिमनगर निवासी पट्टीदार राम भवन महतो समेत उनके करीबी गुर्गों छतीश महतो, लाल बुदन, हिमांशु और रोहित कुमार महतो समेत पांच को नामजद व अन्य अज्ञात को आरोपी बनाया गया था। जमीन हड़पने की नीयत से षड्यंत्र के तहत हत्या का आरोप लगाया था। सदर एएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था।

स्वर्ण व्यवसायी को गोली मारनेवालों की पहचान हुई, CCTV मिला

निज संवाददाता। सासाराम

रोहतास के दिनारा में स्वर्ण व्यवसायी को गोली मारने के मामले में पुलिस ने अपराधियों की पहचान कर ली है। सीसीटीवी फुटेज भी बरामद किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए रोहतास एसपी द्वारा कहा गया है कि सुबह साढ़े नौ के आसपास संतोष सेठ, पिता जर्नादन सेठ, गांव सैसड़, थाना दिनारा घर से काम पर जा रहे थे। घर से निकलते ही कुछ अपराधियों द्वारा उनका पीछा किया गया, उनको नहर के पास रोक कर उलझ गए, उलझने के क्रम में उनको गोली मार दी गई। उनको पहले इलाज के लिए बक्सर फिर वाराणसी ले जाया गया है। घटना में शामिल अपराधियों की पहचान की गई है, सीसीटीवी फुटेज भी मिला है। घटना का कारण आपसी दुश्मनी प्रतीत होता है, पुलिस को इसके साक्ष्य मिले हैं। एसपी ने बताया कि उनके द्वारा घटना स्थल का दौरा किया गया है। अपराधियों के धरपकड़ के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

नहर के पास मारी गोलीः ज्ञात हो कि स्वर्ण व्यवसायी संतौश सेठ अपने घर से दुकान के लिए निकले थे। इस क्रम में जैसे ही वह सुरतपुर गांव के पास नहर किनारे पहुंचे, बाइक सवार अपराधियों से हुई झड़प में उनको गोली मार दी गई। सूचना पर पहुंचे परिजन पहने उन्हें इलाज के लिए बक्सर के सदर अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक चिकित्सा के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए बनारस से जाया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

♦ रोहतास एसपी बोले- आपसी विवाद में हुई वारदात, आरोपियों की धरपकड़ के लिए रेड जारी

पुलिस पर हमला करने वाले महिला समेत 3 गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा

आरा शहर के टाउन थाना क्षेत्र के नाजीरगंज मोहल्ले में पुलिस पर हमला कर आरोपी मो. मेराज कुरैशी को छुड़ाया गया था। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अन्य की तलाश जारी है। पकड़े गए आरोपियों में नाजीरगंज निवासी अन्नू कुरैशी, उसके भाई सरवर कुरैशी व अनवरी खातून पति अकबर कुरैशी शामिल हैं। घायल एएसआई मो. अमजद अंसारी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज हुई थी। जिसमें कुरैशी समेत छह नामजद समेत 20 अज्ञात को आरोपी बनाया गया था।

तीन पुलिसकर्मी घायल हुए थेः दरअसल नाजीरगंज मोहल्ला में गुरुवार को शराब के नशे में धुत्त एक शख्स मो. मेराज कुरैशी मोहल्ले के ही एक दूसरे व्यक्ति मो. तालिक कुरैशी के साथ मारपीट कर रहा था। पुलिस ने मो. मेराज कुरैशी को पकड़ा था। पुलिस उसे थाने ला रही थी, इसी दौरान स्वजनों समेत अन्य करीबी लोग पुलिस से उलझ गए और मारपीट कर उसे छुड़ा लिया। धक्का-मुक्की में तीन पुलिसकर्मियों को मामूली रूप से चोट लगी थी। इधर, इंस्पेक्टर देवराज राय ने बताया कि सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने और पकड़े गए आरोपी को छुड़ाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करते हुए तीन की गिरफ्तारी हुई है। जबकि, तीन अन्य की तलाश जारी है।

बक्सर के कवलदाह पार्क में उतारे गए 6 पैडल नाव, 30 रुपए में उठाएंगे नौका विहार का आनंद

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिला मुख्यालय स्थित कमलदह पार्क के सरोवर में नौका विहार की सुविधा को नगर वासियों के लिए खोल दिया गया है। बिहार सरकार सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कवलदह पार्क में हुए विकास कार्यों का उद्घाटन किया। 20 साल पहले निर्माण हुए कवलदह पार्क का एक साल पहले वन विभाग द्वारा पुनर्निर्माण कराया गया है। जिसमें लोगों के मनोरंजन के लिए कई तरीके की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। पहले इस पार्क में एंट्री फ्री थी लेकिन अब नए तरीके से बनाए गए इस पार्क में एंट्री चार्ज देना पड़ता है।

30 रुपए में 20 मिनट तक नौका विहार का आनंदः वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुए उद्घाटन में बता दें कि इस पार्क में नौका विहार का आनंद लेने के लिए 30 रुपए का शुल्क देना पड़ेगा। इतने शुल्क में आप 20 मिनट तक बोटिंग कर सकते हैं। पार्क में बोटिंग के लिए छह नाव उतारा गया है। जिसमें कुछ नाव में एक साथ चार आदमी तो कुछ में एक साथ दो आदमी बैठ पैडल मार नौका बिहार का आनंद ले सकते है।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन

लाइफ जैकेट और गोताखोरों की सुविधा उपलब्धः बता दें कि पोखर में कुल छह पैडल वाले बोट उपलब्ध कराई गई हैं, जिनमें से एक बोट लाइफ गार्ड्स के लिए आरक्षित रहेगी।नौका विहार करने वालों को लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य होगा।कमलदह पार्क और तालाब के सौंदर्यीकरण के बाद से नगरवासी इस दिन का इंतजार कर रहे थे।इस अवसर पर वनपाल सारिका कुमारी, संजय पासवान, वनरक्षी नीतीश कुमार, अमिताभ सौरभ, रंजन कुमार समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

बक्सर के युवक की दुबई में मौत, नहीं पहुंचा शव, 3 महीने पहले मजदूरी करने गया था विदेश

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिले के खेवली गांव निवासी एक मजदूर की दुबई में मौत हो गई है। मृतक कामगर डुमरांव अनुमंडल के मुरार थाना क्षेत्र के खेवली गांव निवासी भरत सिंह का 37 वर्षीय पुत्र राजकुमार यादव है। जो तीन महीने पहले परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए मजदूरी करने दुबई गया था। मृतक दुबई जाने के एक महीने बाद घर पर रुपए भी भेजा था। मौत को लेकर परिजनों से जानकारी मिली है कि अचानक तबीयत खराब होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसके थोड़े समय बाद मौत हो जाने की सूचना मिली।

दुबई जाने के तीन महीने बाद मौतः इस घटना को लेकर मृतक की पत्नी माधुरी देवी ने बताया कि तीन महीने पहले जब घर से कमाने जा रहे थे तो बोले थे कि अच्छे रहना और खाना पीना खाते रहना। बच्चों को देखना। एक महीने बाद 25 हजार रुपए भी भेजे थे लेकिन तीन महीने बाद मौत की सूचना पर घर में कोहराम मचा हुआ है। अब परिजनों को शव इंतजार है। बेटा रितेश कुमार का कहना है कि पिता जी जाने से पहले बोले थे कि अच्छे से पढ़ाई करना। मैं पैसा भेजता रहूंगा। जब वो जा रहे थे तो स्टेशन छोड़ने मैं ही गया था।

अबतक शव की नहीं कोई सूचनाः मृतक के पिता भरत सिंह ने बताया कि साल के छठे महीने में 12 जून को कोरानसराय का पिंटू पासवान और एक अन्य युवक के साथ एजेंट के माध्यम राजकुमार दुबई गया था। 28 सितंबर को बताया कि उसकी तबीयत बहुत खराब हो गई है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, उसके अगले दिन 29 सितंबर को कंपनी वालों ने उसके घर फोन कर जानकारी दी कि इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। पिता ने रोते हुए आगे बताया कि कंपनी वालों ने शुक्रवार की रात तक शव भेजने की बात कही थी लेकिन अभी कोई सूचना नहीं मिली है। शव आने के इंतजार में पूरा गांव टकटकी लगाए बैठा है।

♦ 6 दिन से बॉडी के इंतजार में परिजन

महावीर पांडेय हत्याकांड में दो सगे भाई गिरफ्तार

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया स्थित साइकिल स्टैंड के संचालक महावीर पांडेय की हत्या मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी शुक्रवार को सदर एसडीपीओ टू रंजीत कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि चांदी के भदवर गांव निवासी अशोक यादव और निशा यादव उर्फ प्लेन यादव को गिरफ्तार किया गया है। दोनों सगे भाई हैं। चार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

बेटे ने प्राथमिकी दर्ज कराई थीः दरअसल, भदवर गांव निवासी महावीर पांडेय बुधवार की रात कुल्हड़िया स्थित अपने साइकिल स्टैंड में थे। उसी दौरान उनकी मौत हो गई थी। बाद में स्वजन की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। मृतक के बेटे विजय कुमार पांडेय ने केस दर्ज कराया। जिसमें भदवर गांव निवासी प्रमोद पांडेय, निशा यादव उर्फ प्लेन यादव, रमेश यादव, अशोक यादव, भूषण उर्फ गुड्डू और धर्मेन्द्र यादव को आरोपी बनाया था। मारपीट कर तकिया से मुंह दबाकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया था। जिसके आधार पर चांदी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर दो आरोपियों अशोक यादव और निशा यादव उर्फ प्लेन यादव को गिरफ्तार कर लिया है। चांदी के अपर थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि जमीन व स्टैंड के विवाद में हत्या का आरोप है।

बक्सर में पत्नी के हत्यारे को उम्र कैद की सजा

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर में कोर्ट ने पत्नी के हत्यारे को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा 20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। उसने अपनी पत्नी का गर्दन कुदाल से काट डाला था। मामला जिला व्यवहार न्यायालय में चल रहा था। शुक्रवार को सुनवाई हुई थी। अपर जिला सत्र न्यायाधीश 8 सुनील कुमार सिंह ने पुलिस और दोनों पक्षों के गवाहों को सुनने के बाद सूरज सिंह को दोषी करार दिया। मामला धनसोई थाना क्षेत्र के चकिया गांव का है। 2021 में वारदात हुई थी।

पत्नी के साथ हमेशा गाली-गलौज करता थाः अपर लोक अभियोजक ददन कुमार सिंह ने बताया कि धनसोई थाना क्षेत्र के चकिया गांव में 11 अक्टूबर 2021 को सूरज सिंह अपनी पत्नी शारदा देवी से गाली-गलौज कर रहा था। उसके साथ मारपीट करता था। शारदा देवी की शादी सूरज सिंह से 12 साल पहले हुई थी। इसी क्रम में शारदा देवी अपने भाई के साथ 2 साल पहले अपने गांव भानपुर थाना दिनारा रह रही थी। सास की तबीयत खराब होने के बाद फिर वह वापस ससुराल आई। जिसके के बाद सूरज ने फिर से गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी क्रम में एक दिन फिर पत्नी के साथ झगड़ा हुआ। कुदाल से मार कर अपनी पत्नी का गर्दन काट कर हत्या कर दी। मृतका के भाई सिकंदर सिंह ने आरोपियों के खिलाफ अक्टूबर 2021 में मामला दर्ज कराया था।

BJP संस्थापक कैलाशपति मिश्र की 101वीं जयंती, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल कार्यक्रम में हुए शामिल

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के ढकाईच गांव में भाजपा के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र की 101 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार की दोपहर दो बजे हुआ। इसमें बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, केंद्रीय राज्यमंत्री नित्यानंद राय, बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार, ब्रह्मपुर की पूर्व विधायिका दिलमणी देवी सहित अन्य कई नेतागण उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष भोला सिंह ने की। कार्यक्रम में स्व. कैलाशपति मिश्र की मनो स्मृति पर चर्चा की गई। केंद्रीय राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि स्व. मिश्रा ने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लिया था। इसके लिए उनको गिरफ्तार भी किया गया था। वह विधायक, मंत्री और दो राज्यों के राज्यपाल भी रहे थे। साल 2012 में 89 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया। भाजपा के स्व मिश्रा मजबूत स्तंभ के रूप में गिने जाते हैं।

विपक्ष के नेता घूम रहे हैं विदेशः भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यक्रम के बहाने बिहार की राजनीतिक सरगर्मी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार में बाढ़ आई हुई है। विपक्ष के नेता विदेश घूम रहे हैं। बाढ़ खत्म होने के बाद बिहार आकर फिर राजनीति शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश का चौतरफा विकास हो रहा है।

डुमरांव, रघुनाथपुर और चौसा रेलवे स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जीर्णोधार करने की बात हो, जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जाने की बात हो या फिर नावानगर को स्पेशल इकोनॉमिक जोन बनाने की। ऐसे दर्जनों विकास कार्यों से जिले को नई उपलब्धियां पीएम मोदी के कार्यकाल में मिल रही हैं। इस मौके पर भाजपा नेता संतोष मिश्रा, विनोद राय, प्रिंस पीयूष सहित सैकड़ों भाजपा नेता मौजूद रहें।

♦ कहा-देश का हो रहा विकास

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

मवेशी को बचाने में टोटो पलटा, दो लोग घायल

पीरपैंती। स्टेशन से मानिकपुर जाने वाली सड़क पर शुक्रवार को भैंस को बचाने के क्रम में टोटो पलट गया। इस हादसे में टोटो पर सवार पीरपैंती बाजार निवासी फिरदौस और सुमित कुमार घायल हो गए। घटना की सूचना थानाध्यक्ष नीरज कुमार को दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल पहुंचाया।

अब जोनल प्रभारी भी कूड़ा फेंकने वालों के विरुद्ध कर सकेंगे जुर्माना

भागलपुर। अब जोनल प्रभारी भी सड़क पर कूड़ा फेंकनेवालों पर लगा सकेंगे जुर्माना। नगर आयुक्त डॉ. प्रीति ने जोनल प्रभारियों से कहा है कि सड़क के किनारे गंदगी रोकने के लिए दुकानदारों को डस्टबिन रखने के लिए प्रेरित करें। उन्हें निगम के डस्टबिन में कूड़ा डालने कहें। यदि दुकानदार सड़क किनारे कूड़ा फेंकते हैं तो उन पर जुर्माना लगाएं। उन्होंने सभी जोनल प्रभारियों से रसीद बुक लेने के निर्देश दिए। दुर्गा पूजा के मौके पर शहर की बेहतर सफाई हो, इसे लेकर शुक्रवार को सभी शाखा प्रभारियों के साथ नगर आयुक्त ने बैठक की। उन्होंने दुर्गा पूजा समितियों के साथ बैठक में मिले सुझाव पर तीन दिन के अंदर पांच पूजा तक सभी कार्य पूरा करने के निर्देश प्रभारियों को दिए।इसके साथ ही उन्होंने बुडको के सहायक अभियंता को पत्र देकर कहा कि शहर में पानी की पाइपलाइन बिछाने की वजह से काटी गई सड़क को जल्द से जल्द मरम्मत कराएं।

हड़ताल टूटने के बाद कूड़ा का हो रहा उठाव

भागलपुर। नगर निगम के सफाईकर्मियों की हड़ताल तीसरे दिन गुरुवार को टूटने के बाद आधी रात से शहर की सफाई शुरू कर दी गई। शुक्रवार को भी दो पाली में कूड़ा उठाव हुआ, फिर भी शहर की गलियों में कूड़ा डंप है। क्योंकि एक दिन का कूड़ा ही शहर के हर इलाके से रोज उठाव नहीं हो पाता है। इसके लिए अगले दिन उन इलाकों में टीम जाती है, लेकिन तीन दिन का कूड़ा उठाव करने में अभी वक्त लग सकता है।

प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था हो गई है कमजोर : विधायक

मुंगेर। मुंगेर सहित पूरे प्रदेश में विधि व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। सरकार का इकबाल खत्म हो गया है। अपराधियों में पुलिस का भय समाप्त हो गया है। पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज काम नहीं कर रही है। पुलिसिंग कमजोर है। अपराधी बेखौफ होकर खुलेआम आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। खासकर विपक्ष के नेताओं को टारगेट किया जा रहा है। आम लोग भी महफूज नहीं हैं। राजद के प्रदेश महासचिव पंकज यादव को मॉर्निंग वॉक के दौरान सैंकड़ों लोगों की उपस्थिति में गोली मारना इसका जीता-जागता उदाहरण है। यह बातें शुक्रवार को जमालपुर के कांग्रेस विधायक डॉ अजय कुमार सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि यह तो गनीमत है कि पंकज यादव की जान बच गई। उन्होंने राजद महासचिव के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। वे उनसे मिलने पटना में अस्पताल भी गए थे। विधायक डॉ अजय ने कहा कि उन्होंने घटना के बाद एसपी से बात की और अविलंब घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने एसपी से क्षेत्र में कांबिंग ऑपरेशन चलाए जाने की जरूरत को आवश्यक बताया। जिस तरह से मिनी गन फैक्ट्री के लिए ऑपरेशन चलाया जाता है।

दशहरा के लिए गंगा जल लाने गए सगे मामा व भांजा की डूबकर मौत

भागलपुर। दशहरा के लिए गंगा जल भरने गए सगे मामा-भांजा की डूबने से मौत हो गई। दोनों बीते गुरुवार दोपहर को बरारी पुल घाट पर गए थे। शुक्रवार की सुबह एसडीआरएफ की टीम ने दोनों शव बरामद की है। परिजनों ने बरारी पुलिस कैंप में बयान दर्ज कराया गया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव की पहचान मृतक मामा सौरभ कुमार(19) अलीगंज महेशपुर निवासी गोपाल मंडल का पुत्र था। वहीं, मृतक भांजा अंकित राज (18) हरनाथपुर निवासी शंभु चौधरी का पुत्र था। पुलिस ने यूडी धारा में केस दर्ज किया है। परिजन घाट पर पहुंचे तो बाइक व कपड़ा दिखा अंकित के पिता शंभु चौधरी ने बताया कि गुरुवार सुबह दोनों मामा-भांजा गंगा जल लेने निकला थे। जब काफी देर बाद नहीं लौटे तो मोबाइल पर परिजनों ने कॉल किया लेकिन जवाब नहीं मिला। परिजन बरारी पुल घाट पर पहुंचे, जहां पता चला कि घाट पर एक बाइक व कपड़े पड़े हैं। स्थानीय लोगों से पता चला कि दो नहाने के क्रम में डूब गए हैं। इसके बाद परिजन एसडीआरएफ टीम को सूचना दी गई। शाम होने के चलते सर्च अभियान नहीं चलाया जा सका। शुक्रवार को पुल घाट से पहले सौरभ व अंकित का शव मिला।

कॉलेजों का अब लगातार होगा निरीक्षण दोषी प्राध्यापकों पर होगी कड़ी कार्रवाई

मुंगेर। मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी मुख्यालय में ज्यादा समय देने की बजाए कॉलेजों का निरीक्षण करेंगे। कॉलेजों में वे अनुशासन, संसाधन और सिलेबस के अनुसार कक्षा के संचालन की समीक्षा करेंगे। छात्रों की उपस्थिति परखने के साथ शिक्षकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति की भी जांच करेंगे। एक अक्टूबर को कुलपति प्रो. चौधरी ने कोशी कॉलेज खगड़िया और आरडी एंड डीजे कॉलेज स्थित स्नातक मूल्यांकन केन्द्र का औचक निरीक्षण किया था। कोशी कॉलेज में तो लेखा एवं सामान्य शाखा के कार्यों पर उन्होंने संतोष जताया था। मगर कॉलेज परिसर में पसरी गंदगी देख वे नाराज दिखे। उन्होंने परिसर को हरा-भरा एवं स्वच्छ बनाए रखने का निर्देश दिया। उसके बाद वे आरडी एंड डीजे कॉलेज परिसर में संचालित स्नातक मूल्यांकन केन्द्र का निरीक्षण करने पहुंच गए। हालांकि मूल्यांकन केन्द्र की व्यवस्था से तो वे संतुष्ट दिखे। मगर 125 साल के इतिहास को समेटे कॉलेज की खंडहर होती जा रही इमारतों पर उन्होंने अफसोस जाहिर किया। उन्होंने कॉलेज में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने और आधारभूत संरचनाओं को और स्तरीय बनाने में अपना सहयोग देने का प्रभारी प्राध्यापक को आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि प्रभार में रहने के बावजूद कम समय में ही विश्वविद्यालय की प्रशासनिक एवं शैक्षणिक व्यवस्था में गुणात्मक परिवर्तन लाना मेरी प्राथमिकता होगी। निरीक्षण इसी अभियान का हिस्सा है। बातचीत में प्रो. संजय चौधरी बताते हैं कि निरीक्षण के दौरान कॉलेजों में छात्रों की कक्षा में उपस्थिति भी परखेंगे। साथ ही प्राध्यापकों एवं कर्मियों की उपस्थिति भी खंगालेंगे। उन्होंने बताया कि कुछ कॉलेजों से निरंतर उन्हें शिकायत मिल रही है कि खुद प्रभारी प्राचार्य 2 बजे के बाद गायब पाए जाते हैं। साथ ही उनके आने का समय भी निश्चित नहीं होता है। जिससे कॉलेज का प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्य प्रभावित होता है। इसका प्रतिकूल प्रभाव कर्मियों एवं शिक्षकों पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि हर हाल में कार्यावधि का पालन करना होगा। बिना समुचित कारण के कार्य स्थल से नदारद रहने पर अनुशासनिक कार्रवाई होगी।

चावल कारोबारी से पांच लाख लूटने वाला गिरफ्तार

हाल-चाल पूछने के बहाने लूटपाट को दिया था अंजाम, पहले से दर्ज हैं कई और मामले

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर के ललमटिया थाना क्षेत्र स्थित पीपरपाती से नाथनगर जाने वाली मुख्य मार्ग में चावल कारोबारी से हुए पांच लाख की लूट मामले का आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। शामिल मधुसुधनपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले विक्रम तांती उर्फ विक्रांत को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दो अक्टूबर(बुधवार) को तीन बाइक सवार बेखौफ बदमाश दुकान पर पहुंचे, तीनों हथियार से लैस थे। दुकानदार गौतम से हाल-चाल जाना। उसके बाद बैग में रखे रुपए देने को कहा। विरोध करने पर बदमाशों ने जान मारने की धमकी दी। और फिर रुपए से भरे बैग लेकर फरार हो गया। पुलिस इस मामले में पांच अपराधियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इसमें महिला समेत पांच लोग शामिल थे। शनिवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर सिटी एसपी डॉक्टर के.रामदास ने बताया कि दो अक्टूबर को हुए ललमटिया थाना क्षेत्र के पीपरपंती से नाथनगर जाने वाली मुख्य मार्ग में बाइक नकाबपोश अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर प्राची चावल थोक विक्रेता गौतम कुमार की दुकान से 5 लाख रुपए की लूट कर ली थी। इस कांड में शामिल विक्रांत उर्फ विक्रांता को मधुसुदनपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि इस लूट कांड में संलिप्त पांच लोगों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान नूरपुर निवासी जागो तांती के पुत्र विक्रांत उर्फ विक्रांता के रूप में की गई है। विक्रांत अपराध की दुनिया का बेताज बादशाह बताया जाता है। जिस पर चोरी, हत्या, रंगदारी और एससी- एक्ट समेत कई मुकदमा दर्ज हैं।

बाइक चोर गिरोह ने मचा रखा है आतंक

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में इन दोनों बाइक चोर के कारण लोग काफी परेशान है। इसका मुख्य कारण है कि बाइक चोर लगातार जिले में अलग-अलग जगहों पर बाइक चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है। इस बीच एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें बाइक चोरी करते हुए युवक दिख रहा है। हालांकि बाइक मलिक के आ जाने के कारण चोरी होने से बच गया। जानकारी के अनुसार हवेली खड़गपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर के मुख्य गेट के पास कर्मचारी आवास के सामने एक चोरी बाइक चोरी की घटना को अंजाम दे रहा था। इस बीच वाहन मलिक के आ जाने से चोरी भाग जाता है। सिंहपुर गांव निवासी गाड़ी मालिक मुकेश कुमार ने कहा कि सोमवार की शाम सामुदायिक स्वास्थ्य कर्मचारी आवास के सामने उन्होंने अपनी बाइक लगाई थी। इस बीच कुछ खटखट की आवाज सुनाई दी। थोड़ी देर बाद बाहर आने पर जब बाइक पर नजर पड़ी तो वहां एक चोर मास्टर चाबी से लॉक खोल रहा था। शोर मचाने पर बाइक गिराकर चोर मौके से फरार हो गया।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोर की पहचान की जा रही है। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को भी दी गई है। हवेली खड़गपुर डीएसपी चंदन कुमार ने कहा कि घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। बाइक चोर की पहचान की जा रही है। जल्दी ही गिरफ्तारी की जाएगी।

पुलिस ने एक लुटेरा को किया गिरफ्तार

मुंगेर में मुफस्सिल थाने की पुलिस ने की कार्रवाई, भेजा गया जेल

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर के मुफस्सिल थाने की पुलिस ने एक लुटेरे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से लूटी हुई मोबाइल को भी बरामद किया है। गिरफ्तार लुटेरा की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मिर्जापुर बरदह गांव निवासी मो एकराम का बेटा मो औरंगजेब उर्फ मोटका के रूप में की गई है। शुक्रवार को प्रेसवार्ता के दौरान एसपी सैयद इमरान मसूद ने इसको लेकर जानकारी दी। एसपी ने कहा कि 3 अक्टूबर को कासिम बाजार थाना क्षेत्र के मोकबीरा निवासी ई-रिक्शा चालक जीतू कुमार ने मुफ्फसिल थाना में आवेदन दिया था। पीड़ित ने आवेदन में बताया कि मुर्गियाचक के पास दो युवक आए और चुरंबा मस्जिद के पास से लकड़ी लेकर बेनीगीर जाने की बात कह कर बैठ गए। वहीं चुरंबा जाने के दौरान उनको किसी का फोन आया। इसके बाद दोनों ने बोला कि शंकरपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के पास से होकर बेनिगीर चलो। इंजीनियरिंग कॉलेज शंकरपुर के पास सुनसान रास्ते में ई-रिक्शा को रोका और मारपीट कर मोबाइल लूट लिया। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पकड़ लिया है। पूछताछ में उसने अपना नाम मो औरंगजेब बताया है।

बिजली पोल से गिरकर यदुनंदन की हुई थी मौत, परिजनों ने लगाया था हत्या का आरोप

निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर पुलिस ने रघुनंदन प्रसाद सिंह की मौत मामले में खुलासा किया है। पुलिस ने पीसी में बताया कि 2 अक्टूबर को जगदीशपुर थाना क्षेत्र के मोतीपुर निवासी परशुराम सिंह के बेटे यदुनंदन प्रसाद सिंह की मौत हुई थी। दरअसल सुबालक चौधरी ने बिजली के पोल से लोहे का सामान चोरी करने के लिए यदुनंदन को फोन कर बुलाया था। इसी दौरान यदुनंदन पोल सहित गिर गया था। उसे इलाज के लिए मायागंज ले जाया गया था। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया था।

मृतक के परिजनों ने मारपीट और करंट लगाने का लगाया था आरोपः मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया था कि सुबालक चौधरी और बबलू यादव उसे बुला कर ले गए थे। मारपीट की और करंट लगाई। जिसके कारण उसकी मौत हो गई है। मृतक की पत्नी के बयान पर जगदीशपुर थाने में मामला दर्ज किया गया। मामले में विधि व्यवस्था डीएसपी, एफएसएल टीम और स्थानीय पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। अनुसंधान में बात सामने आई कि 2 अक्टूबर की सुबह 6:12 और 6:37 सुबालक चौधरी ने कॉल कर यदुनंदन सिंह को बिजली के पोल से लोहे का सामान चोरी करने के लिए बुलाया था। सुबालक चौधरी और मृतक सरकारी सामान चोरी करने के प्रयास में थे। इसी दौरान पोल सहित गिरने के कारण गंभीर रूप से जख्मी हो गए। प्राथमिक उपचार के लिए कजरेली बाजार में एक डॉक्टर के पास ले जाया गया। जहां उन्होंने मायागंज अस्पताल ले जाने को कहा। मायागंज में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कीः पुलिस ने आसपास के लोगों से भी पूछताछ की। लोगों ने पुलिस को बताया कि पोल से एक युवक दबा हुआ था। इसी दौरान सुबालक चौधरी व अन्य लोगों ने उसे निकालने की कोशिश की थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में आंतरिक अंगों में चोट के कारण मौत बताई गई है। मामले में अनुसंधान से CDR और आसपास के लोगों का बयान और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार प्रयास स्पष्ट होता है यह घटना सुबालक चौधरी के लापरवाही के कारण हुई है। इस आरोप में सुबालक चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

स्मार्ट मीटर नहीं लगाई, 2 गांव की काटी लाइट, रात भर मोमबत्ती जलाकर लोगों ने किया गुजारा

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में स्मार्ट मीटर नहीं लगाने पर बिजली विभाग द्वारा दो गांव की बिजली काट दी गई। इसके बाद कैंडल और लालटेन का सहारा लेकर ग्रामीणों का रात गुजारनी पड़ी। यहां तक कि स्कूली बच्चों को भी कैंडल का सहारा लेकर पढ़ाई करना पड़ा जिसका वीडियो सामने आया है। मामला असरगंज प्रखंड के रहमतपुर पंचायत के सादपुर वार्ड 6 और मसूदनपुर का है। यहां स्मार्ट मीटर नहीं लगाने पर बिजली विभाग द्वारा गांव की लाइट काट दी गई, जिसके कारण ग्रामीणों को अंधेरे में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार की दोपहर ढाई बजे विभाग ने गांव की लाइट काट दी। अंधेरा होने के बाद ग्रामीण अपने घर, दुकान में मोमबत्ती जलाकर लाइट का इंतजार कर रहे थे। जिस गांव में बिजली विभाग ने काटी है उस गांव की आबादी लगभग 1200 है, जिसमें महादलित परिवार ज्यादा है। ग्रामीणों का कहना है बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर हम ग्रामीणों पर दबाव बना रही है। दो दिन पूर्व में गांव का लाइन का कनेक्शन काट दी लेकिन फिर से जोड़ दिया, लेकिन आज फिर दोपहर से गांव की लाइट काट दी, जिसके कारण काफी परेशानी हो रही है। गांव में नल जल योजना के तहत पानी सप्लाई बंद हो गया, मोबाइल रिचार्ज नहीं हो रहा, छोटे छोटे बच्चे गर्मी से परेशान है। उन्होंने कहा कि इसको लेकर स्थानीय जेडीयू विधायक राजीव कुमार सिंह फोन कर जानकारी दी तो उन्होंने कहा की लाइन का कनेक्शन जोड़वा देते हैं लेकिन सरकार का जो नियम है कि आप लोग स्मार्ट मीटर अपने अपने घरों में लगवा लें। ग्रामीणों का कहना है कि स्मार्ट मीटर में रिचार्ज करना पड़ता है। उसमें अधिक बिल आता है जिसके कारण जितनी बिजली की खपत नहीं उससे ज्यादा रिचार्ज करना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में हम सभी ग्रामीण इसका जवाब देंगे।

सुल्तानगंज-तारापुर मुख्य मार्ग पर अचेत मिला टायर दुकान मालिक

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में सुल्तानगंज तारापुर के मुख्य मार्ग में असरगंज थाना क्षेत्र के रहमतपुर चौक के पास सड़क दुर्घटना में 60 वर्षीय व्यक्ति मौत हो गई। मृतक की पहचान मो समीम आलम उर्फ कल्लू के रूप में हुई जो तारापुर थाना क्षेत्र के गाजीपुर का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि मृतक सुल्तानगंज में टायर पंचर की दुकान है रोज की तरह ऑटो से अपने दुकान जा रहे थे। मामले की जानकारी मिलने के बाद परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र असरगंज पहुंचे। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मची हुई है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

पत्रांक..... दिनांक.....

प्रेष विज्ञप्ति
PR NO.-338001

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के अधीन अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना संख्या–01RV/2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ, दिनांक 04.10.2024 के द्वारा आमंत्रित निविदा में टेण्डर कॉल नं0 द्वितीय के स्थान पर तृतीय पढ़ा जाए एवं आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या में अंकित 24–25 को 23–24 पढ़ा जाय शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगा ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 338100 (Rural Development)24-25*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

पत्रांक..... दिनांक.....

प्रेस विज्ञप्ति
PR NO.-338001

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज के अधीन अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना संख्या–01RV/2024 –25/EE/ RWD/ DALTONGANJ, दिनांक 04.10.2024 के द्वारा आमंत्रित निविदा में टेण्डर कॉल नं0 द्वितीय के स्थान पर तृतीय पढ़ा जाए एवं आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या में अंकित 24–25 को 23–24 पढ़ा जाय शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगा ।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।

PR.NO.338120 Rural Development(24-25):D

कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)।
Email: - nphussainabad@gmail.com

ज्ञापांक ...../ दिनांक .....

अति अल्प दर आमंत्रण सूचना 2024–25

आयुष्माण आरोग्य मंदिर वार्ड सं0– 1, हुसैनाबाद नगर पंचायत को सुचारु संचालन एवं सुरक्षा दृष्टीकोण को देखते हुए निम्न समाग्रियों/वस्तुओं/उपकरणों की आवश्यकता है। इच्छुक दुकानदार/प्रतिष्ठान/आपूर्तिकर्ता जिसके पास वैध जी0 एस0 टी0 न0, आयकर रिटर्न (अद्यतन), आधार कार्ड, पैन कार्ड, हो वे अपना दर दिनांक– 12.10.2024 तक बन्द लिफाफे में अपना दर कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद में प्रस्तुत कर सकते हैं। आपूर्ति की जाने वाली वस्तु/सामग्री एवं उपकरण निम्नवत् हैं।

1- CCTV Camera (Hd Camera 2.5mp, DOM*4, BULLET*2, WITH 30 days storage capacity with 21/22/24 inch display, with 8ch dvr. with installed.)
2- Refrigerator (165/190) reputed company.
3- Invertor+ 2 PCS. Battery (150Ah)
4- Biometric Attandance Device.
5- Patient waiting chair 3 seater.
6- 6 Chair+ Table. (Plastic)
7- Wheel chair.
8- Printer (Laser Printer Hp)
9- Almirah- 01

प्रशासक,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 338127 (District) 24-25 (D)

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

संक्षिप्त समाचार

कोयला चोरी में उजागर होंगे कई चेहरे, सीबीआई जांच को लेकर सांसद ढुलू महतो का दावा

धनबाद, एजेंसी। झारखंड हाई कोर्ट ने धनबाद में कोयला चोरी और पुलिस की संलिप्तता की जांच सीबीआई से कराने का आदेश दिया है। इधर, धनबाद के सांसद ढुलू महतो ने कहा है कि सीबीआई सच सामने लाएगी, वे सभी चेहरे उजागर होंगे जो कोयला चोरी में संलिप्त हैं।

शुक्रवार को ढुलू ने पत्रकारों को बताया कि धनबाद में पदस्थापित रहे एसएसपी संजीव कुमार के कार्यकाल में कोयला चोरी खूब हुई। पुलिस और कोयला तस्करों का गठजोड़ सीबीआई जांच से खुल जाएगा।

पूर्व एसएसपी पर ढुलू ने कोयला चोरी के अलावा गोवंशियों की तस्करी में भी शामिल होने का आरोप मढ़ा। उनका कहना था कि संजीव कुमार के कार्यकाल में हजारों लोगों की जान अवैध खनन में गई।

बाघमारा में जब वे डीएसपी थे, वहां भी गलत काम किए। बावजूद सरकार ने पदोन्नति देते हुए डीएसपी से डीआईजी तक बना दिया। ऐसे अधिकारियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी ही चाहिए। उन्होंने धनबाद में कोयला चोरी के मामले को लोकसभा में उठाने की भी बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के इशारे पर पूर्व एसएसपी ने हमें भी झूठे मामले में फंसाने का काम किया है। यदि हम गलत हैं तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मेरे ऊपर भी सीबीआई जांच बैठा दें। महतो ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा से जुड़ा धनबाद का एक व्यक्ति लोहा और कोयला चोरी में शामिल है। राज्य सरकार की मदद के सहारे वह हर गलत काम कर रहा है। और तो और अपनी लोहे की फैक्ट्री बना रखी है। वहां से ही अवैध तरीके से लाए गए लोहे और कोयले की तस्करी होती है।

गोगो दीदी योजना का फॉर्म भराने का प्लान तैयार, 2100 रुपये प्रति माह देने जा रही बीजेपी

रांची, एजेंसी। भाजपा कार्यकर्ता रविवार से लोगों के घरों में जाकर महिलाओं से गोगो दीदी योजना का फार्म भराएंगे। इस योजना के तहत राज्य में भाजपा सरकार बनने पर महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रुपए देने की बात कही गई है। अपने चुनाव घोषणा पत्र में भाजपा इसे शामिल कर रही है। शुक्रवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में इसके लिए सभी जिलाध्यक्षों और विधानसभा प्रभारी को इसके लिए ट्रेनिंग दी गई। फार्म भराने का काम बूथ स्तर के कार्यकर्ता करेंगे।

मंडल और जिला स्तर से फार्म भराए जाने की प्रक्रिया की निगरानी की जाएगी। विधानसभा चुनाव का पहला चरण प्रारंभ होने से पहले भाजपा की योजना हर घर तक पहुंचकर फार्म भरा लेने की है। इस योजना के लिए भी न्यूनतम उम्र सीमा 18 वर्ष रखी गई है। इस अभियान के जरिए भाजपा राज्य की महिला मतदाताओं तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

भाजपा के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर पहली कैबिनेट में गोगो दीदी योजना को स्वीकृति दी जाएगी। इसके लिए प्रतिमाह 2100 रुपए की राशि दी जाएगी, जो सरकार बनने के पहले ही महीने से महिलाओं के अकाउंट में ट्रांसफर किया जाएगा।

बता दें कि हेमंत सोरेन सरकार राज्य की महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए की सम्मान राशि दे रही है, जिसे मंइयां योजना का नाम दिया गया है। भाजपा ने गोगो दीदी के नाम से योजना चलाने का वादा किया है। गोगो संताली भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ मां होता है।

झारखंड हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, सीआरपीएफ और पुलिस के 11 जवानों की हत्या के 4 अभियुक्तों को किया बरी

रांची, एजेंसी। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस आर मुखोपाध्याय व जस्टिस पीके श्रीवास्तव की खंडपीठ ने विस्फोट कर सीआरपीएफ और पुलिस के 11 जवानों की हत्या मामले में सजायाफ्ता चार अभियुक्तों को बरी कर दिया है।

शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए खंडपीठ ने इनके खिलाफ ठोस साक्ष्य नहीं होने और गवाहों के बयान को देखते हुए सभी को बरी करने का आदेश दिया। निचली अदालत ने चारों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। खंडपीठ ने जिन्हें बरी किया है, उनमें सुधवा असुर, सुना खेरवार, पूरन गंझू एवं अक्षय खेरवार शामिल हैं। लोहरदगा के सेन्हा थाना के धरधरिया में वर्ष 2011 विस्फोट कर सीआरपीएफ और पुलिस के 11 जवानों की हत्या कर दी गई थी।

अगर टिकट नहीं मिला तो क्या करेंगे भाजपा ने दावेदारों से पूछा सवाल; तो मिला गजब का जवाब

रांची, एजेंसी। विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी तय करने की प्रक्रिया में भाजपा ने शुक्रवार को सभी जिलों के पार्टी अध्यक्षों के साथ रायशुमारी की। रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने इस बैठक में सभी जिलाध्यक्षों से सवाल जवाब किए। छह प्रमंडलों के लिए हुई अलग-अलग बैठकों में हरेक विधानसभा सीट के लिए संभावित प्रत्याशियों का नाम पूछा गया। हिमंत ने पार्टी के नेताओं से पूछा कि अगर उन्हें टिकट नहीं मिला तो वो क्या करेंगे। बंद कमरे में हुई इस बैठक में कुछ जिलाध्यक्षों ने भी अपने को प्रत्याशी बताया।

कमलेश सिंह के योगदान से झारखंड में परिवर्तन को बल मिलेगा : हिमंता

रांची , एजेंसी। प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा और प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष व हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। उनके साथ सैकड़ों समर्थकों ने भी भाजपा की सदस्यता ली।

मौके पर हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि भाजपा के सदस्य के रूप में पूर्व से ही कमलेश सिंह रहे हैं। आज केवल तकनीकी औपचारिकता पूरी हुई है। धीरे-धीरे समय आ रहा है, चुनाव की घोषणा होगी। कमलेश से आग्रह है कि सबको साथ लेकर चलें। इस बार झारखंड में पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। सबका विश्वास हो तो परिवर्तन को कोई रोक नहीं सकता है। कमलेश के योगदान से परिवर्तन को बल मिलेगा। विकास के मापदंड पर प्रथम पांच राज्यों में झारखंड को ले जाना है।

सरमा ने कहा कि हमारे सामने बहुत बड़ा युद्ध है। इस युद्ध में कैसे हम जीत हासिल करें, यह संगठन में काम करने वाला एक-एक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी बनती है। हम पार्टी को सहयोग करें। हमें अपनी पसंद और नापसंद से ऊपर उठकर यह देखना चाहिए कि झारखंड को विकास की राह पर और अंधकार युग से बाहर ले जाने के लिए झारखंड में भाजपा की सरकार की जरूरत है। भाजपा की सरकार बनाने के लिए हर एक कार्यकर्ता के सहयोग की जरूरत है।

कमलेश के आने से भाजपा को बल मिलेगा : बाबूलाल मरांडी: प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वर्ष 2005 में सत्ता संकट थी। सरकार में रहते हुए कमलेश सिंह ने भाजपा का साथ दिया। भाजपा ने जब आवाज दी, तब कमलेश साथ देने के लिए तैयार रहे। उनके आने से झारखंड में भाजपा को नयी ऊर्जा पर ताकत मिलेगी। एनसीपी से बात करके ही कमलेश भाजपा ज्वाइन किए हैं। भारतीय जनता पार्टी में सभी का स्वागत है। जो संगठन के कार्यकर्ता हैं, वे बड़े लक्ष्य को देखें। झारखंड को मुश्किल से निकालना है।

झारखंड की तस्वीर और तकदीर भाजपा ही बदलेगी : कमलेश: विधायक कमलेश सिंह ने कहा कि देश की सबसे बड़ी पार्टी बीजेपी से जुड़कर गर्व महसूस हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। झारखंड की तस्वीर और तकदीर भाजपा ही बदलेगी। वे पूरे पलामू प्रमंडल में भाजपा की जीत सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा एक समुंद्र है। विरोधियों की कोई हैसियत नहीं है। एक सिपाही की तरह भाजपा से जुड़कर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में झारखंड में बेरोजगारी, लूट, घुसपैठिए, बलात्कार, हत्या बढ़ी है। चुनाव के वक्त जनता से झूठे वादे किए गए। उन्हें झूठा आश्वासन दिया गया। वर्तमान सरकार की कथनी और करनी में अंतर है। वे वहां लाचार महसूस कर रहे थे।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और ज्वाइनिंग कमेटी के संयोजक रविंद्र कुमार राय ने कहा कि भाजपा निराशा और हताशा में आशा का संचार करने वाली पार्टी है। पार्टी सबको साथ लेकर चलती है। भाजपा राज्य की निर्माता है। राज्य को बचाने और विकास करने की जिम्मेदारी भी भाजपा की ही है।

भाजपा ज्वाइन करने वालों में एनसीपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सूर्या सोनम सिंह, प्रदेश महासचिव गोपाल सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मन्नान खान, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती कुंदन कुमारी, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, प्रदेश संगठन मंत्री आदर्श सिंह, पलामू जिला अध्यक्ष संदीप पासवान सहित हाजी अब्बास अंसारी, विनय कुमार पासवान, बिमलेश सिंह, हंसराज कुमार सिंह, अभिषेक कुमार सिंह %हरि%, सोनू सिंह, जीशान हसन, रतनलाल, श्रीमती अंजली शर्मा, ओमप्रकाश राजवंशी, संजय सिंह, बिरेंद्र सिंह, रवि रंजन सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, अजीत सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह, हसनैन अंसारी, उदय मेहता, श्रीमती बबीता सिंह, अकबर खान, मनीष कुमार सिंह, सरोज मेहता, जनेश्वर भुईयां, रविंद्र कुमार सिंह, कान्हा सिंह, राणा नितेश सिंह, अजय कुमार सिंह के साथ पूरे झारखंड से हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

सिमरिया के छठे एसडीपीओ बने प्रदीप कुमार, किया पदभार ग्रहण

चतरा, एजेंसी। सिमरिया सीडीपीओ के रूप में प्रदीप कुमार ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया है। उन्होंने निवर्तमान एसडीपीओ अजय कुमार केसरी से पदभार लिया। मौके पर पत्थलगडा थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी, सिमरिया, कुंदा और लावालौंग थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे। इस मौके पर सीडीपीओ प्रदीप कुमार ने कहा कि उग्रवाद, अपराध और अफीम की खेती और तस्करी को रोकना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में क्षेत्र में अफीम की खेती नहीं होने दी जाएगी। पुलिस और प्रशासन ग्रामीणों के सहयोग से जहर की खेती को रोकेगी।

कल्याण गुरुकुल खूंटी के छात्रों को मिली नौकरी, प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

खूंटी, एजेंसी। मल्टी स्किल कल्याण गुरुकुल खूंटी के इलेक्ट्रिशियन बैच नंबर 70 के 30 विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार को संस्थान परिसर में भव्य ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान परीय प्राचार्य केशव चंद्र मोहंती ने ने सभी विद्यार्थियों को ऑफर लेटर प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वरीय प्राचार्य ने विद्यार्थियों को हरी झंडी दिखाकर बेंगलुरू, कोच्चि और पुणे के लिए रवाना किया। सीनियर प्रिंसिपल मोहंती ने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ी जाति कल्याण विभाग झारखंड सरकार और प्रेझा फाउंडेशन के सहयोग से पूरे झारखंड में 28 कल्याण गुरुकुल, आठ नर्सिंग कौशल कॉलेज और एक आईटीआई का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को रवाना हुए सभी छात्रों को शेभा लिमिटेड में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन के पद पर अच्छे वेतन पर नौकरी मिली है।

झारखंड में चौकीदारों की नियुक्ति को लेकर खुशखबरी, हाईकोर्ट ने दे दिया बड़ा निर्देश

रांची, एजेंसी। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस डा. एसएन पाठक की पीठ में शुक्रवार को चौकीदार नियुक्ति को लेकर दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद पीठ ने सरकार को छह दिसंबर तक राज्य में चौकीदारों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है।

प्रार्थियों की ओर से पीठ को बताया गया कि गृह सचिव ने हाई कोर्ट में यह अंडरटेकिंग दी थी कि तीन महीने में नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। अंडरटेकिंग देने के बाद भी नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं की गई। बता दें कि राज्यभर में कुल 4861 चौकीदारों की नियुक्ति होनी है। नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर प्रार्थियों ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है।

अग्निपथ योजना के तहत सेना भर्ती रैली (अग्निवीर) 6 दिसंबर से 10 दिसंबर तक इस्पात स्टेडियम सेक्टर 6 राउरकेला में आयोजित की जाएगी। जिसकी तैयारी बैठक आज एडीएम कार्यालय में जिला कलक्टर मनोज महाजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में भर्ती रैली के सफल आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी श्री महाजन ने पिछले 5 दिनों में विभिन्न जिलों से लगभग 2000 युवाओं के जुटने की संभावना को ध्यान में रखते हुए टेंट, स्वच्छ पेयजल, मोबाइल शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था पर जोर दिया। जहां उन्होंने आरएंडबी इंजीनियरों को बैरिकेड्स और टेंट बनाने का निर्देश दिया, वहीं पीने के पानी के लिए वाटको, स्वच्छता और मोबाइल शौचालयों के लिए आरडब्ल्यूएसएस, राउरकेला नगर निगम और सेल से अनुरोध किया गया।

टीपीडब्ल्यूडीएल अधिकारियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति की व्यवस्था करने का अनुरोध किया। इसके अलावा राउरकेला एसपी नितेश वाधवानी ने रैली के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा परिवहन, एम्बुलेंस और अग्निशमन विभाग की से दमकर की व्यवस्था पर चर्चा की गई। बैठक में एडीएम आशुतोष कुलकर्णि, उपजिलापाल पानपोष विजय नायक, कर्नल संदीप कुमार, डीएसडीईओ रमेश चंद्र किसान और विभिन्न विभागों अधिकारी मौजूद थे।

टुंडी में मारपीट मामले में पहुंची पुलिस को बंधक बनाया, पंचायती में सुलझा विवाद

धनबाद, एजेंसी। धनबाद जिले के पश्चिमी टुंडी मनियाडीह थाना क्षेत्र के डंडाटांड़ गांव में दो भाइयों के आपसी विवाद के बाद गांव दो गुटों में बंट गया. कहासुनी के बीच हुई जमकर हाथापाई के बाद विवाद और बढ़ गया. सूचना पर पहुंची पुलिस को भी ग्रामीणों ने बंधक बना लिया. इसकी जानकारी मिलने पर भारी संख्या में पुलिस पहुंची. प्रशासनिक अधिकारियों की पहल के बाद गांव में पंचायती कर मामले का निबटारा किया गया. बताया गया गांव के फिल्टर मुर्मू व पूरन मुर्मू भाई हैं. दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है. फिल्टर मुर्मू के साथ पूर्व मुखिया चंपा देवी के पति शिवशंकर सोरेन सहित 14 आदिवासी परिवार व पूरण मुर्मू के पक्ष में पूरे गांव वाले हैं. कहते हैं कि विवाद के कारण दोनों पक्षों में बातचीत खान-पान बंद था. गुरुवार को डंडाटांड गांव में फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन था. बड़ी संख्या में आसपास के गांवों के लोग व मेहमान डंडाटांड़ पहुंचे थे. एक मेहमान द्वारा टार्च जलाने को लेकर दोनों पक्ष भिड़ गये. बात कहासुनी व गाली-गलौज लेकर मारपीट तक पहुंच गई. शुक्रवार की सुबह फिल्टर मुर्मू व पूर्व मुखिया के पति ने मनियाडीह थाना पहुंचकर लिखित शिकायत की.

इस बाबत जब मनियाडीह पुलिस पहुंची तो लिखित शिकायत में कई निर्दोष लोगों के नाम सुनकर गांव वाले भड़क गए और पुलिस को ही बंधक बना लिया. गांव में तनाव बढ़ गया. मामला तूल पकड़ता देख पुलिस ने इसकी जानकारी वरीय अधिकारियों को दी. तब टुंडी बीडीओ शैलेन्द्र चौरसिया, सीओ जीतेन्द्र प्रसाद, धनबाद मुख्यलय वन के डीएसपी शंकर कामती, टुंडी थानेदार उमाशंकर, मनियाडीह थानेदार शिव कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस के जवान पहुंचे।

मॉडल स्कूल और सरकारी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खोलना मुख्य लक्ष्य : अजय नाथ शाहदेव

रांची, एजेंसी। कांग्रेस पार्टी के हटिया विधानसभा स्तरीय संवाद कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने अपनी ताकत दिखायी. संवाद कार्यक्रम में अजय शाहदेव ने हटिया विधानसभा क्षेत्र के लिए अपनी प्राथमिकताओं को लोगों के सामने रखा. उन्होंने कहा कि शिक्षा पर हर अमीर और गरीब का समान अधिकार है. अगर जनता उन्हें मौका देती है, तो हटिया विधानसभा में सभी सरकारी स्कूलों को मॉडल स्कूल की तर्ज पर विकसित करना उनका लक्ष्य है. कांग्रेस महासचिव ने कहा कि वे सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संगीत, खेल जैसी अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करायेंगे, ताकि यहां रहनेवाले गरीब परिवार के बच्चे भी राज्य और देश का नाम रोशन कर सकें. युवाओं की बेरोजगारी दूर करने के लिए उद्योग-धंधे स्थापित कराना भी उनकी प्राथमिकता सूची में है. हटिया क्षेत्र के लोगों के लिए हटिया में ही रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे. उन्होंने कहा कि वर्तमान में हटिया क्षेत्र की जनता इलाज के लिए रांची के सदर अस्पताल या रिम्स पर निर्भर है. क्षेत्र में एक भी अस्पताल नहीं है और यहां के जनप्रतिनिधि को इसकी कोई चिंता ही नहीं है.

हटिया क्षेत्र में एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खोलवाना उनका लक्ष्य है, ताकि लोगों को समय से बेहतर इलाज मिल सके.

भाजपा को झारखंड में पैर पसारने नहीं देना है: प्रदीप बलमुचू: हटिया विधानसभा स्तरीय संवाद कार्यक्रम में पूर्व सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू ने राज्य की हेमंत सरकार की उपलब्धियां गिनवायी. उन्होंने मंईयां सम्मान योजना, कृषि ऋण माफी, अबुआ आवास योजना, बिजली बिल माफी का जिक्र करते हुए कहा कि हटिया विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित है. केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले तो फ्री में गैस सिलेंडर दिया, फिर उसका दाम बढ़ा दिया. लेकिन झारखंड की हेमंत सरकार बचपन से बुढ़ापा तक जनता की फिक्र कर रही है.

हटिया विधायक व्यापारी हैं, भाजपा को झारखंड से खदेड़ना है : बंधु तिर्की: प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि हटिया विधानसभा सीट से हर हाल में अजय नाथ शाहदेव को विजयी बनाना है. उन्होंने वहां उपस्थित लोगों से अजय नाथ शाहदेव को समर्थन करने की अपील की. कहा कि हम सभी को अजय नाथ शाहदेव को समर्थन करना है. क्योंकि भाजपा के वर्तमान विधायक को जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना ही नहीं है. भाजपा विधायक मुख्य रूप से व्यापारी हैं. भाजपा को अप्रासंगिक बताते हुए तिर्की ने कहा कि भाजपा को झारखंड से खदेड़ना सभी लोगों की सामूहिक जिम्मेदारी है. अपनी खुली आंखों से सभी घटनाक्रम देख रही झारखंड की आम जनता आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा और उसके नेताओं को मुंहतोड़ जवाब देगी.

हटिया से अजय को जिताएं : गीताश्री उरांव

संवाद कार्यक्रम में पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने देश की संपत्ति अडानी-अंबानी के हाथों में सौंप दी है. केंद्र सरकार की लापरवाही के कारण ही देशभर में कोरोना फैला. कोराना में बाहर फंसे मजदूरों को हेमंत सोरेन की सरकार ने विमान से लाने का काम किया. उन्होंने केंद्र सरकार पर सरना धर्म कोड को लटकाने का आरोप लगाया. कहा कि हटिया में अजय नाथ शाहदेव को जिताएं. कहा कि हेमंत सोरेन को फिर से मुख्यमंत्री बनाना है. संवाद कार्यक्रम का संचालन रातू प्रखंड अध्यक्ष कुशल उरांव, नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष सहाबिर लोहरा और रातू मंडल अध्यक्ष अतुल राज ठाकुर ने किया.

संवाद कार्यक्रम में इन नेताओं की भी रही भागीदारी: संवाद कार्यक्रम में अमर उरांव, मेरी तिर्की, नीतू देवी, उषा देवी, शकुंतला देवी, लाल पृथ्वीनाथ शाहदेव, लाल रमेश नाथ शाहदेव, कुमार अतुल राज, कमल ठाकुर, गौतम उपाध्याय, दीपक ओझा, मेरी भगत, हुसे उरांव, रेणु तिर्की, लक्ष्मी नारायण भगत, सुखदेव उरांव, सबिता कुजूर, निरंजन कुमार, सुरेश गोप, अजीत उरांव, निकोलस एक्का, सुष्मिता तिर्की, अख्तर अंसारी, जसीम अंसारी, संजय साहू, हेमंत गाड़ी, सुदामा गोप, राजेश कुजूर, सोमा उरांव, रायमुनी किस्पोट्टा, अर्चना देवी, अकबर अली, गुलाम गौस अरशद, आशीष लकड़ा, विजय कच्छप, अभिराज, सुनील, अरविंद बाखला, रोशन तिर्की, शकील अंसारी, संतोष कुमार, मंजूर अंसारी, हकीम अंसारी, कर्मा लिंडा, विनीता तिर्की, मेनका गाड़ी, शैली, सरवरी, सुषमा, जतरी देवी, अजमुल हक, मोनाजिर हसन, राशिद अली, एनामुल अंसारी, सद्दाम अंसारी, रवि मुंडा, मनोज नायक सहित हजारों की संख्या में हटिया विधानसभा वासी उपस्थित थे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

विचार-मंथन

संपादकीय

युद्ध से भारत को नुकसान

हिज्बुल्ला प्रमुख हसन नसरल्लाह की मौत के बाद जिस बात की आशंका जताई जा रही थी, वह सही होती लग रही है। छोटी-सी गाजा पट्टी पर शुरू हुई लड़ाई बेकाबू जंग का रूप लेती जा रही है। ईरान काइजरायल पर ताजा हमला इस बात का साफ संकेत है कि दोनों पक्ष हमलों का जवाब हमलों से देने पर आमादा हैं। मगर युद्ध का फैलना खतरनाक होगा। यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि कम से कम जंग और तेज न हो, इसका दायरा और न फैले। सऊदी अरब और यूएई जैसे मुल्क अभी तक इस संघर्ष से दूरी बनाए हुए हैं, लेकिन युद्ध जिस तरह से फैल रहा है, उसमें अरब देशों का बहुत देर तक तटस्थ रहना शायद संभव न रह पाए। भारत के सामने सबसे बड़ी कूटनीतिक चुनौती होगी कि वहइजरायल और अरब वर्ल्ड के बीच किस तरह से संतुलन साधता है। हमास के साथ संघर्ष में शामिल होने के पहलेइजरायल और यूएई पास आते दिख रहे थे। आर्थिक और दूसरे क्षेत्रीय मुद्दों पर सहयोग के लिए 2021 में भारत,इजरायल, यूएई और अमेरिका ने मिलकर आई 22 फोरम गठित किया। इसी तरह, पिछले साल इंडिया-मिडल ईस्ट-यूरोप इकनॉमिक कॉरिडोर की घोषणा हुई थी। युद्ध का फैलाव इस तरह के प्रयासों के लिए तगड़ा झटका होगा। ईरान के संघर्ष में सीधे तौर पर शामिल होने से रेड सी ट्रेडिंग रूट पर असर पड़ने की आशंका है। यह इकलौती वजह काफी है भारत की चिंता बढ़ाने के लिए। यह समुद्री रास्ता हिंदुस्तान को यूरोप, उत्तरी अमेरिका, उत्तरी अफ्रीका और मध्य पूर्व से जोड़ता है। पिछले वित्तीय वर्ष में देश का करीब 50 प्रतिशत निर्यात और 30 प्रतिशत आयात इसी रूट से हुआ था। लाल सागर तक संकट खिंचने का मतलब होगा कारोबार के लिए लंबा समुद्री रास्ता तय करना। इससे ट्रांजिट कॉस्ट बढ़ जाएगी। किराये पर असर पड़ेगा, डिलिवरी में देरी होगी और कंपनियों का मुनाफा घटेगा। पिछले साल जब हूती विद्रोहियों ने रेड सी रूट पर जहाजों को निशाना बनाना शुरू किया था, तब भी व्यापार में काफी अड़चन आई थी। उसकी वजह से कंपनियों की सामान लाने ले जाने की लागत अभी तक बढ़ी ही है। इस बार तो खतरा पहले से कहीं ज्यादा गंभीर है। ईरान केइजरायल पर मिसाइल अटैक के बाद से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल देखी जा रही है, जबकि इससे पहले इसमें कमी आई थी। भारत अपनी तीन चौथाई से अधिक तेल जरूरतों के लिए विदेशी बाजारों पर निर्भर है। ऐसे में इसकी कीमत बढ़ने से भारतीय इकॉनमी पर दबाव बढ़ेगा। कुल मिलाकर, अगर यह युद्ध फैलता है तो आर्थिक संकट का दुष्चक्र शुरू होगा।

पराली धुएं का नहीं हुआ निदान

पिछले कुछ वर्षों से दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में पराली जलाने से होने वाले प्रदूषण का मुद्दा राजनीतिक रंग लेता रहा है। इस पर काबू पाने के लिए हर स्तर पर कदम उठाए जाने की बातें होती हैं, मगर हकीकत यह है कि यह समस्या इस वर्ष भी प्रदूषण के लिहाज से एक बड़ी चुनौती है। एक ओर ठंड आने के मद्देनजर प्रदूषण में बढ़ोतरी से निपटने के उपायों की घोषणाएं की जा रही हैं, दूसरी ओर पंजाब और हरियाणा में इस महीने पराली जलाने की घटनाओं में बढ़ोतरी से प्रदूषण के और जटिल होने की आशंका खड़ी हो रही है। दरअसल, इस मसले पर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया है कि पंद्रह से पच्चीस सितंबर के बीच पंजाब में पराली जलाने की घटनाएं पिछले वर्ष की समान अवधि के दौरान दस गुना ज्यादा दर्ज की गईं। वहीं हरियाणा में पिछले वर्ष के मुकाबले इसी अवधि में पांच गुना ज्यादा पराली जलाने की घटनाएं सामने आईं। पिछले वर्ष सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि पराली जलाने की घटनाओं पर नियंत्रण जरूरी है। शीर्ष अदालत ने यह सुनिश्चित करने के लिए न्यायिक निगरानी पर जोर दिया था, ताकि यह समस्या फिर न हो। सवाल है कि अगर दिल्ली और आसपास के इलाकों में हर वर्ष प्रदूषण की वजह से आम जनजीवन बाधित हो जाता है और पराली को उसका एक अहम कारक बताया जाता है तो उस पर काबू पाने को लेकर सिर्फ बातें क्यों होती रही हैं! आखिर क्या वजह है कि जहां इस मसले की गंभीरता को रेखांकित करके इसे कम या खत्म करने की बात होती है, वहीं इसके उलट इसमें और ज्यादा बढ़ोतरी ही दर्ज की जा रही है? हालत यह है कि इस संबंध में अदालतों के निर्देश भी अपने अमल के इंतजार में रह जाते हैं। गौरतलब है कि सितंबर से शुरू होकर आमतौर पर नवंबर तक पराली जलाने की घटनाएं सामने आती हैं। इसी के आसपास दिल्ली में प्रदूषण भी गहराने लगता है।

विश्व के वित्तीय एवं निवेश संस्थान भारत के आर्थिक विकास के अनुमानों को बढ़ा रहे हैं

(प्रह्लाद सबनानी)

वैश्विक स्तर पर वित्तीय संस्थानों द्वारा भारत के आर्थिक विकास दर के सम्बंध में लगाए जा रहे अनुमानों के अनुसार यदि भारत आगे आने वाले वर्षों में प्रतिवर्ष 6.7 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल करता है तो भारत वर्ष 2031 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। आज जब विश्व में कई विकसित एवं विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं में विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याएं दिखाई दे रही है, वैश्विक स्तर पर कई प्रकार की विपरीत परिस्थितियों के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। कई विदेशी एवं निवेश संस्थान भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि के सम्बंध में पूर्व में दिए गए अपने अनुमानों में संशोधन कर रहे हैं कि आगे आने वाले समय में भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास की गति और अधिक तेज होगी। विशेष रूप से कोरोना महामारी के पश्चात भारत ने आर्थिक विकास के क्षेत्र में तेज रफ्तार पकड़ ली है। भारत में आर्थिक क्षेत्र में सुधार कार्यक्रमों को लागू किया गया है। स्टैंडर्ड एवं पूअर (एसएंडपी) नामक विश्व विख्यात क्रेडिट रेटिंग संस्थान ने हाल ही में अपने एक प्रतिवेदन में बताया है कि भारत, केलेंडर वर्ष 2024 में एवं इसके बाद के वर्षों में 6.7 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर के साथ वर्ष 2031 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा तथा भारतीय अर्थव्यवस्था का वैश्विक अर्थव्यवस्था में योगदान वर्तमान के 3.6 प्रतिशत से बढ़कर 4.5 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच जाएगा। साथ ही, भारत में प्रति व्यक्ति आय भी बढ़कर उच्च मध्यम आय समूह की श्रेणी की हो जाएगी। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार भी वर्तमान के 3.92 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 7 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा। हालांकि एसएंडपी ने भारत में आर्थिक विकास दर के 6.7 प्रतिशत प्रतिवर्ष बढ़ने का अनुमान लगाया है जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर के 7.3 प्रतिशत के अनुमान के विरुद्ध 8.2 प्रतिशत की रही है। भारत में अब सरकारी क्षेत्र के साथ ही निजी क्षेत्र भी पूंजीगत खर्चों को बढ़ाने पर ध्यान देता हुआ दिखाई दे रहा है, इससे आगे आने वाले समय में केंद्र सरकार पर पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करने सम्बंधी दबाव कम होगा और केंद्र सरकार का बजटीय घाटा और अधिक तेजी से कम होगा, जिससे अंततः विदेशी निवेशक भारत में अपना निवेश बढ़ाने के लिए आकर्षित होंगे। इसी प्रकार, विश्व बैंक एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी वर्ष 2024, 2025 एवं 2026 में भारत के आर्थिक विकास सम्बंधी अपने अनुमानों के बढ़ाया है। विश्व बैंक का तो यह भी कहना है कि भारत ने केलेंडर वर्ष 2023 में विश्व के वार्धिक आर्थिक विकास में 16 प्रतिशत का योगदान दिया है और इस प्रकार भारत अब विश्व में आर्थिक विकास के इंजिन के रूप में कार्य करता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत ने वर्ष 2023 में 7.2 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल की थी, जो विश्व की अन्य उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं द्वारा इसी अवधि में हासिल की गई विकास दर से दुगुनी थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत की आर्थिक विकास दर के वर्ष 2024 के अपने पूर्व अनुमान 6.7 प्रतिशत की विकास दर को बढ़ा कर 7 प्रतिशत कर दिया है। ओईसीडी देशों के समूह ने भी वर्ष 2024 एवं 2025 में वैश्विक स्तर पर आर्थिक प्रगति के अनुमान जारी किए हैं। इन अनुमानों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर वर्ष 2024 एवं 2025 में सकल घरेलू उत्पाद में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की जा सकेगी। वहीं भारत की आर्थिक विकास दर वर्ष 2024 के 6.7 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2025 में 6.8 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। चीन की आर्थिक विकास दर वर्ष 2024 में 4.9 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2025 में 4.5 रहने की सम्भावना है। इसी प्रकार रूस एवं अमेरिका की आर्थिक विकास दर भी वर्ष 2024 में क्रमशः 3.7 प्रतिशत एवं 2.6 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2025 में क्रमशः 1.1 प्रतिशत एवं 1.6 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। कुल मिलाकर आज विश्व के लगभग समस्त वित्तीय एवं निवेश संस्थान आगे आने वाले वर्षों में भारत की आर्थिक विकास दर के बढ़ने के अनुमान लगा रहे हैं। वैश्विक स्तर पर वित्तीय संस्थानों द्वारा भारत के आर्थिक विकास दर के सम्बंध में लगाए जा रहे अनुमानों के अनुसार यदि भारत आगे आने वाले वर्षों में प्रतिवर्ष 6.7 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल करता है तो भारत वर्ष 2031 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसके ठीक विपरीत भारत ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल की थी एवं भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुसार भारत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7 प्रतिशत से अधिक की आर्थिक विकास दर हासिल करेगा, इस प्रकार तो भारत वर्ष 2031 के पूर्व ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। दूसरे, विश्व में भारत से आगे जापान एवं जर्मनी की अर्थव्यवस्थाएं हैं, आज इन दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं में कई प्रकार की समस्याएं दिखाई दे रही हैं जिनके चलते इन देशों की आर्थिक विकास दर आगे आने वाले कुछ वर्षों में शून्य रहने की सम्भावना दिखाई दे रही है। इस प्रकार, बहुत सम्भव है कि भारत मार्च 2025 तक जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ देगा एवं मार्च 2026 अथवा मार्च 2027 तक जर्मनी की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ देगा और भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए वर्ष 2031 तक इंतजार ही नहीं करना पड़ेगा। विश्व बैंक द्वारा जारी वैश्विक आर्थिक सम्भावना रिपोर्ट 2024 ने भी वित्तीय वर्ष 2025 में भारत को विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने के संकेत दिए हैं। पिछले तीन वर्षों में पहली बार वैश्विक अर्थव्यवस्था वर्ष 2024 में स्थिर होने के संकेत दे रही है। वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के वर्ष 2024-25 में 2.6 प्रतिशत एवं वर्ष 2025-26 में 2.7 प्रतिशत रहने की सम्भावना विश्व बैंक द्वारा की गई है। इसी प्रकार, मुद्रा स्फीति में भी धीरे धीरे कमी आने के संकेत मिल रहे हैं एवं यह वैश्विक स्तर पर औसतन 3.5 प्रतिशत रहने की सम्भावना है। मुद्रास्फीति उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति को कम करती है एवं उनके व्यय करने की क्षमता को भी हतोत्साहित करती है।

कई देशों को मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के लिए ब्याज दरों को बढ़ाना पड़ता है। उच्च ब्याज दरें मुद्रास्फीति को नियंत्रित तो करती हैं परंतु आर्थिक प्रगति को धीमा भी कर देती है जिससे रोजगार के अवसरों में कमी भी दृष्टिगोचर होती है। उक्त वर्णित वैश्विक आर्थिक सम्भावना रिपोर्ट 2024 के अनुसार दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत ने क्षेत्रीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

बिहार में बाढ़ का कहर

(विकास सिंह)

'हमर किस्मत हराएल कोसी धार मे, हम त' मारइ छी मुक्का कपार में', जल प्रलय का दंश झेल रहे कोसी क्षेत्र में यह लोकगीत सहज ही सुनाई दे देता है। इस मुखड़े का शाब्दिक अर्थ यह है कि मेरी किस्मत तो कोसी की धारा में खो गई और मैं तो बस केवल अपने भाग्य को ही कोसता हुं। व्यथा की ये गीत लोगों के जुबां पर बरबस ही आ गया है जब कोसी दियारा क्षेत्र में बाढ़ ने प्रलय मचा रखा है। बिहार में कोसी और गंडक नदी के बराज से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण कई निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं। कई दिनों से नेपाल और उत्तरी बिहार में भारी बारिश होने के कारण गंडक, कोसी, महानंदा और इनकी अन्य सहायक नदियों का पीनी सैलाब बनकर आसपास के इलाके को जलमग्न कर दिया है। बिहार के दियारा क्षेत्र में बाढ़ के कारण बदहाली का जो आलम दिखाई देता है वह इक्कीसवीं सदी के विकास के दावों पर एक तमाचे से कम नहीं है। सालों से बाढ़ की मार झेलते हुए शापित जीवन जीने को मजबूर दियारा के लोगों को आज तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है, विकास नहीं। बिहार के 534 प्रखंडों में से 127 प्रखंड दियरा या टाल क्षेत्र में आते हैं। सहरसा, खगड़िया, चंपारण, भागलपुर, कटिहार और पूर्णिया जैसे कई जिले में फैला हुआ है दियारा क्षेत्र। जहां हर साल गंगा, गंडक, कोसी, कमला और बागमती जैसी नदियां कहर बनकर टूटती है। बदहाली को नियति मान लोग अब किसी से शिकायत भी नहीं करते। बाढ़ की विभीषिका झेलता आ रहा दियारा का इलाका अमूमन अगस्त-सितम्बर के महीने में जलमग्न हो जाता है। लेकिन उस साल तो हद ही हो गया लगातार हो रही बारिश और नेपाल से पानी छोड़े जाने के कारण, कोसों तक सिर्फ पानी ही पानी नजर आ रहा है, गांव किसी टापू जैसे दिखाई दे रहे हैं। बाढ़ के समय गांव में रहना काले पानी की सजा भोगने से कम नहीं है। बाढ़ की सैलाब में गांव के गांव उजड़ गए हैं । लोगों को ऊँचे स्थान पर शरण लेनी पड़ रही है। खाद्यान्न की कमी के कारण भूखे पेट सोने तक की नौबत तो आ ही रही है। लोग हर वक्त आसमान में टक-टकी लगाए हैं कि कब सरकार का कोई नुमाइंदा चावल-आटे का थैला उपर से गिराएगा। गर्भवती महिलाएं और बीमारी से जूझ रहा व्यक्ति हर वक्त भगवान से प्रार्थना कर रहे हैं कि हे प्रभु बस किसी भी तरह बीत जाए ये बरसात का महीना। बच्चे, खासकर नवजात का हाल बुरा है। उनके के लिए दूध के लाले पड़ जाते हैं। पशुधन को बचाने के लिए ग्रामीण अपने मवेशियों को लेकर दूसरे गांवों को चले जाते हैं। वो तभी लौटते हैं, जब गांव के खेतों में घास उगने लगती है और मवेशियों के लिए चारे का इंतजाम हो जाता है। असल मुसीबत तो बाढ़ का पानी उतरने के साथ सामने आती है। महामारी फैलने का खौफ हमेशा बना रहता है। ना तो शौचालय के इंतजाम और ना ही साफ पीने का पानी उपलब्ध। दवा के अभाव में दम तोड़ देती है चारों तरफ कीचड़ और जानवरों की लाशें चलना फिरना दूभर कर देती हैं। बीच रास्ते में पड़ने वाली छोटी नदियों में तो सीने तक पानी होता है, ऐसे में सिर पर समान उठाए, छोटे बच्चों को कंधे पर बिठाकर नदी पार करने को मजबूर होते हैं लोग। दियारा वासियों की आर्थिक स्थिति भी काफी दयनीय है। कई परिवार ऐसे हैं जिनके पास तन ढंकने के लिए ढंग के कपड़े तक नहीं है। बाढ़ के कारण किसान अपने खेतों में सिर्फ एक बार ही फसल उगा पाते हैं। कुछ लोगों का गुजारा केवल दूध बेचकर ही चलता है। इलाके के अधिकतर नौजवान रोजी-रोटी की तलाश में गांव से पलायन कर चुके हैं। लेकिन अच्छी शिक्षा के अभाव में वो केवल मजदूर बनकर रह गए। ज्यादातर लड़के-लड़कियां आठवीं क्लास से आगे की पढ़ाई नहीं पढ़ पाते क्योंकि स्थानीय स्कूल में उससे आगे की शिक्षा का इंतजाम नहीं है। जहां ठीक ढंग से शिक्षा का इंतजाम नहीं है, वहां के लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधा की हालत क्या होगी।

आज का राशिफल

मेष

आज दिन शुभ है और आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा और आपके मन को सुकून मिलेगा। आज आपका मन कुछ नई योजनाओं में लगेगा और आपको उनमें सफलता प्राप्त होगी। कानूनी विवाद में आपकी विजय होगी और कहीं पर आपके ट्रांसफर को लेकर बात चल सकती है। दिन के उत्तरार्द्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी।

वृष

आज करियर में शुभ योग बन रहे हैं और कारोबार में आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपको कारोबार में अच्छा मुनाफा और धन सम्मान में वृद्धि होगी। समाज में शुभव्यय से आपकी कीर्ति बढ़ेगी और लोग आपको पहचानने लगेंगे। शाम तक बिजनस में कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है और आपके लिए तरक्की के योग बन जाएंगे। विशेष सम्मान और अधिकार आपको प्राप्त हो सकते हैं।

मिथुन

आज दिन काफी काफी क्रिएटिव है और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल जाएगा और आपके अधूरे कार्य पूर्ण हो जाएंगे। महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी। ऑफिस में आपके मन के अनुकूल वातावरण बनेगा और सभी लोग आपकी मदद करेंगे।

तुला

आज लाभ होगा और आपका दिन काफी रचनात्मक है। आपका पूरा दिन किसी रचनात्मक को पूरा करने में बीतेगा और आपको खुशी होगी। आपका दिन आनंद और खुशी में बीतेगा और रुके कार्य पूर्ण होने से आपको प्रसनन्ता होगी। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है आज वही करने को मिलेगा। आपको रिलैक्स करने में मदद मिलेगी। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी।

वृश्चिक

आज दिन काफी बिजी रहेगा और आप काफी भागदौड़ रहेंगे। धर्म आध्यात्म के मामले पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके काम में बाधा डालने की कोशिश कर सकते हैं। रात का समय आनंद और सुख समृद्धि में बीतेगा और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। शाम का समय मंगलमय कार्य में बीतेगा।

धनु

आज करियर में सूझबूझ से काम करने का है। आपसी वार्ता व्यवहार में संयम और सावधानी बरतें। आस-पास के लोगों से टकराव की नौबत न आएं इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें तो आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और आपको भाग्य का साथ मिलेगा। रात के समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

कर्क

आज दिन सामान्य है और आपको लाभ होगा। पार्टनरशिप में किया जाने वाला काम आपको लाभ देगा और हर कार्य में आपको किस्मत का साथ मिलेगा। रोजमर्रा के घरेलू कामों को निबटाने का आज सुनहरा मौका है। आपको संतान के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है और उसमें आगे चलकर आपको लाभ होगा।

सिंह

आज करियर में लाभ और सफलता का दिन है। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने अच्छे व्यवहार से आपको लाभ होगा। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब पा सकते हैं और उसमें आपको लाभ भी पूरा होगा। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा। आपके धन में वृद्धि होगी।

कन्या

आज लाभ होगा और आपको परिवार के मामले में लाभ होगा और कारोबार से जुड़ी योजनाओं में आपको लाभ होगा। खान-पान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद बीतेगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच समझ कर करें।

मकर

आज आर्थिक मामलों में लाभ का दिन है। आर्थिक स्थिति की बात करें तो आपका दिन लाभ से भरा होगा और कारोबार में योजनाएं सफल होने से आपको खुशी होगी। आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कार्यशील रहें। परिवार में सुख शांति और स्थिरता का आनन्द उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें।

कुंभ

आज सावधानी और सतर्कता का है। बिजनेस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठायें तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नये कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आसपास है, उसे पहचानना आपके हाथ में है। और उन पर काम भी आरंभ कर सकते हैं।

मीन

आज लाभ का दिन है और आपके आनंद और सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर आपका काम आरंभ हो सकता है। ज़मीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। आपको इनकी बातों पर ध्यान नहीं देना है और अपने मन की बात सुनकर कोई फैसला करें।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5513

	7			3			1	
1	3	9		8	2		6	
6							8	
7		2						1
			9		4			
8						9		6
	8							5
	5		1	4		2	9	7
	1			9			3	

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5512

6	1	3	7	5	9	8	2	4
4	8	9	2	1	6	3	7	5
5	2	7	8	3	4	6	1	9
9	6	5	1	7	8	4	3	2
3	7	8	5	4	2	9	6	1
1	4	2	6	9	3	7	5	8
2	5	4	9	6	7	1	8	3
7	9	1	3	8	5	2	4	6
8	3	6	4	2	1	5	9	7

वर्ग पहेली 5513

1	2	3	■	4	5	6	7
8			■	9			
	■	■	10	■		■	
11	12			13		14	■
15		■	16		■	17	
■	18	19	■	20	21		■
22			■	23		■	■
	■	24				■	25

संकेत: बाएं से दाएं
1. यह कर्नाटक तथा उत्तरी तमिलनाडू में बहने वाली एक नदी है जिसे दूसरी गंगा के नाम से भी जाना जाता है (3)
4. भारत के पांचवे बादशाह (4)
8. धोखा देकर माल लूटना (3)
9. लंबी गर्दन वाला एक जल पक्षी (4)
11. चापलूसी करना, खुशामद करना (7)
15. विश्वविद्यालय में संकायाध्यक्ष (2)
16. पुराणानुसार सात पातालों में से पहला (2)
17. जगत, संसार, दुनिया (2)
18. तरकारी, सब्जी (2)
20. अफीम के अर्क और पान के योग से बना एक नशीला पदार्थ (3)
22. वर्षा ऋतु में गाया जाने वाला एक गीत, काली आंखों वाली एक गाय (3)
23. इंन्दिय सुख की इच्छा, नौकरी (2)
24. इस देश का स्वतंत्रता दिवस भी 15 अगस्त है (4)
25. उत्तम पुरूष एक वचन सर्वनाम (1)

ऊपर से नीचे
1. दिखावटी चीज (5)
2. प्रबल मनोवेग, प्रवाह, शीघ्रता (2)
3. इस अभिनेत्री ने पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर मोहसीन खान से विवाह किया था (2)
4. सर्दी में ओढ़ा जाने वाली एक प्रकार का वस्त्र (2)
5. जिसका स्वामित्व हो, हक बताने वाला (4)
6. वारि, सलिल, पाली, पूर्वाषाढा नक्षत्र (2)
7. पशु वेग बढ़ाने के लिए की गई क्रिया (3)
10. एक दिवंगत खल एवं चरित्र अभिनेता (3)
12. जीन बनाने वाला कारीगर (4)
13. कलम से बनाए गए बेलबूटे (5)
14. मल्लाह, केवट, नाव खेने वाला (3)
19. निर्धन, दरिद्र, कंगाल (3)
21. बलपूर्वक शांत करने का काम (3)
22. शरीर का एक संवदी अंग, कान (2)

वर्ग पहेली 5512 का हल

ज	म्मू	क	श्मी	र	■	स्पे	न
ज	■	मा	■	वि	ना	श	क
दे	वा	ल	य	■	■	ल	ब
व	■	अ	दा	व	ती	■	ज
■	रो	म	■	ज	ज	■	नी
भा	■	रो	श	न	■	सा	■
र	■	ही	रा	■	स	हि	त
त	क्ष	■	बी	र	ब	ल	■

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

संक्षिप्त समाचार

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों पर जोरदार प्रहार जारी, इस साल 10 बड़ी मुठभेड़ों में 120 से ज्यादा नक्सली ढेर

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ में चल रहे अब तक के सबसे बड़े नक्सल ऑपरेशन में शुक्रवार को सुरक्षा बल के जवानों ने करीब 30 नक्सलियों को मार गिराया। नारायणपुर और दंतेवाड़ा की सीमा पर अबूझमाड़ क्षेत्र में यह मुठभेड़ नेंदूर एवं थुलथुली गांव के जंगलों में हुई। जिसमें देर शाम तक 28 नक्सलियों के शव बरामद हो चुके थे और सूत्रों का कहना है यह आंकड़ा बढ़ने की पूरी उम्मीद है। वैसे छत्तीसगढ़ में नक्सली मोर्चे पर यह साल सुरक्षाबलों के लिए बेहद कामयाबी भरा साबित हो रहा है। इस दौरान इस साल अबतक हुई कुल 10 बड़ी मुठभेड़ों में जवानों ने 100 से ज्यादा माओवादियों को मार गिराया है। इस खबर में हम आपको छत्तीसगढ़ में इस साल हुई उन दस बड़ी मुठभेड़ों के बारे में बता रहे हैं, जिनमें कम से कम 5 नक्सली मारे गए थे।

सड़कों के लिए केंद्र से मिली मदद पर हिमाचल सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने खुशी जाहिर की

शिमला, एजेंसी। हिमाचल प्रदेश सड़कों के लिए केंद्र से मिली मदद पर हिमाचल सरकार में मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए खुशी की बात है कि हम हिमाचल प्रदेश के हित में कोशिश कर रहे हैं। केंद्र सरकार से, केंद्रीय सड़क अवसंरचना निधि के रूप में, हिमाचल प्रदेश को सहायता मिली है। हिमाचल प्रदेश के लिए लगभग 300 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। इसमें कई सड़के और ब्रिज शामिल है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन और विभाग के प्रयासों से शिमला, हमीरपुर, कांगड़ा और मंडी जिलों में प्रमुख परियोजनाओं के लिये केंद्र से यह धनराशि मंजूर हुई है। विक्रमादित्य सिंह ने कहा, प्रधानमंत्री सड़क योजना का चौथे चरण का अंतिम खाका तैयार किया जा रहा है। हम उन सड़कों को अपग्रेड करेंगे जो प्रधानमंत्री सड़क योजना के पहले चरण के दौरान बनाई गई थीं ताकि गांव के इलाकों में अच्छी कनेक्टिविटी हो सके। उन्होंने कहा, मंजूर परियोजनाओं में राज्य के विभिन्न हिस्सों में संपर्क और बुनियादी ढांचे में सुधार के उद्देश्य से पांच सड़क और पुल कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग ने निरंतर इन परियोजनाओं की वकालत की और राज्य की बुनियादी ढांचा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये केंद्र सरकार के समक्ष मजबूती से प्रदेश का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि स्वीकृत कार्यों में शिमला में 52 किलोमीटर टिक्कर-जरोल-गहन-ननखड़ी-खमाडी सड़क के उन्नयन के लिये 54.87 करोड़ रुपये, हमीरपुर में 20 किलोमीटर सुजानपुर टीहरा-संधोल सड़क के लिये 41.10 करोड़ रुपये, हमीरपुर में 37 किलोमीटर नवगांव-बेरी सड़क के लिये 79.25 करोड़ रुपये, कांगड़ा में गज खड्ड पर 828 मीटर उच्च स्तरीय पुल के निर्माण के लिये 86.34 करोड़ रुपये तथा मंडी में 9.6 किलोमीटर बखरोट-करसोग-सनारली-सैंज सड़क के उन्नयन के लिये 31.80 करोड़ रुपये की धनराशि शामिल है।

हिमाचल शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए उत्तर प्रदेश के शिक्षा मॉडल का अनुसरण करेगा: मंत्री

शिमला, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के शिक्षा मॉडल का अध्ययन कर लौटे ठाकुर ने कहा कि उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी चर्चा की और सर्वोत्तम उपायों को साझा करने पर सहमति जताई। हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने यहां शुक्रवार को बताया कि पहाड़ी राज्य उत्तर प्रदेश के शिक्षा मॉडल का अनुसरण करेगा और दोनों प्रदेश शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए सर्वोत्तम उपायों को साझा करेंगे। उत्तर प्रदेश के शिक्षा मॉडल का अध्ययन कर लौटे ठाकुर ने कहा कि उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी चर्चा की और सर्वोत्तम उपायों को साझा करने पर सहमति जताई। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में की गई सकारात्मक पहल के क्रियान्वयन के संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श के बाद एक रूपरेखा तैयार की जाएगी।

महाराष्ट्र में नया बवाल- सीएम दल-बल आए, खाए-पीए और चले गए, अब तक ना चुकाया 1.58 करोड़ का बिल

मुंबई, एजेंसी।
स्विट्जरलैंड स्थित एक कंपनी ने महाराष्ट्र सरकार को 1.58 करोड़ रुपये के बिलों का कथित रूप से भुगतान नहीं करने पर कानूनी नोटिस भेजा है। यह बिल मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके कुछ मंत्रियों के दौरे से संबंधित है। इस साल जनवरी में सीएम शिंदे दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच में शामिल होने के लिए स्विट्जरलैंड की यात्रा पर गए थे। इस दौरान महाराष्ट्र का एक शिष्टमंडल भी उनके साथ गया था, जो राज्य में निवेश को आकर्षित करने के लिए उस बैठक में शामिल हुआ था। दावोस प्रवास के दौरान एक कंपनी ने इन लोगों का आतिथ्य सत्कार किया। शिष्टमंडल होटल में जहां ठहरा और खाया-पीया, उसका कथित तौर पर भुगतान नहीं किया गया। इसलिए उस कंपनी ने 1.58 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान करने में विफल रहने पर महाराष्ट्र सरकार को कानूनी नोटिस भेजा है।

आतिथ्य सत्कार करने वाली कंपनी ने 28 अगस्त को इस बारे में महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीस) महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कार्यालय, विदेश मंत्री एस जयशंकर और विश्व आर्थिक मंच सहित अन्य को नोटिस भेजते हुए आरोप लगाया है कि सरकारी कंपनी

एमआईडीस ने 1.58 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया है, जबकि स्विस कंपनी ने 15 से 19 जनवरी के बीच आयोजित विश्व आर्थिक मंच के सम्मेलन के दौरान उपलब्ध कराई गई सेवाओं के लिए बिल जमा कर दिए थे।

2 हफ्ते में दूसरी बार कल्याण बोर्ड दांव, जैन समुदाय पर क्यों शिंदे सरकार मेहरबान: नोटिस के अनुसार, कुल बिल में से 3.75 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है, जबकि 1.58 करोड़ रुपये की राशि बकाया है। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि संपर्क करने पर एमआईडीस के सीईओ पी वेलरासु ने इस तरह का कोई नोटिस मिलने से इनकार किया है। उन्होंने कहा, मुझे ऐसे किसी नोटिस की जानकारी नहीं है। हालांकि, एमआईडीसी वाउचर की जांच करेगा और आवश्यक कार्रवाई करेगा। मामले का गुण-दोष के आधार पर जल्द से जल्द फैसला किया जाएगा।

इधर, इस मामले पर राज्य के सियासी खेमे में खलबली मच गई है। शिवसेना यूबीटी के आदित्य ठाकरे और एनसीपी (एसपी) के विधायक रोहित पवार सहित विपक्षी महा विकास अघाड़ी विधायकों ने आरोप लगाया है कि सरकार ने दावोस यात्रा पर जरूरत से ज्यादा खर्च किया है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में पवार ने दावा किया कि इस घटना ने विश्व आर्थिक मंच पर राज्य की छवि खराब कर दी है और निवेशकों को एक बुरा संदेश दिया है।

'एक्स' पर पवार द्वारा पोस्ट किए गए नोटिस के कुछ हिस्सों के अनुसार, कंपनी 'एसकेएएच जीएमबीएच' को महाराष्ट्र प्रतिनिधिमंडल को खानपान और आतिथ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए एमआईडीसी द्वारा नियुक्त किया गया था। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे जो निवेशकों को आकर्षित करने के लिए दावोस गया था। इसमें कहा गया है कि 1,58,64,625.90 रुपये का बकाया भुगतान किया जाना है। इस बीच, राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने कहा कि यात्रा का आयोजन करने वाले महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) ने कहा है कि कंपनी के दावे के विपरीत दावोस यात्रा के दौरान कोई अतिरिक्त खर्च नहीं किया गया था।

प्राइवेट पार्ट से खून, सिर और चेहरे पर चोट के निशान; गाजियाबाद में अर्धनग्न हालत में मिली महिला की लाश

गाजियाबाद एजेंसी।
गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में 55 साल की एक महिला का शव अर्धनग्न अवस्था में मंडोला गांव के जंगल में पड़ा मिला। महिला एक फैक्टरी में नौकरी करती थी। उनके चेहरे और सिर पर भारी वस्तु से हमला किया गया। महिला के गुप्तांग से भी खून बह रहा था। परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 55 वर्षीय महिला जींस फैक्टरी में धागे काटने का काम करती थी। वह रोजाना सुबह आठ से दस बजे ऑटो या ई-रिक्शा से फैक्टरी जाती थी। रात में नौ बजे तक घर लौट आती थी। महिला के बेटे ने बताया कि गुरुवार रात में करीब 9.30 बजे तक मां घर नहीं लौटी। इसके बाद महिला के बेटे और पत्नी ने मां की सहकर्मी से मोबाइल पर बात की।

सहकर्मी ने बताया कि वह करीब 8.30 बजे फैक्टरी से घर के लिए निकल गई थी। बेटे ने बताया कि उसने युवाओं के साथ मिलकर घर के नजदीक ही दुर्गा पूजा का पंडाल लगाया है। वह पैदल कालका मंदिर दिल्ली से ज्योत लेकर आया था। इस कारण थका हुआ था और पंडाल में ही सो गया। शुक्रवार सुबह गांव के पास ही महिला का शव पड़े होने की सूचना मिली। वह मौके पर पहुंचा तो वहां उसकी मां का लहूलुहान शव अर्धनग्न अवस्था में पड़ा था। महिला की सोने की बाली भी गायब थी। परिजनों ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

महिला के छोटे बेटे ने बताया कि उसके पिता हापुड़ जनपद के सूधना गांव में एक फार्म हाऊस पर काम करते हैं और वहीं रहते हैं। उनका बड़ा भाई पत्नी और बच्चों के साथ शाहदरा में रहता है। समय बिताने के लिए ही उसकी मां फैक्टरी में धागे काटने का काम करती थी।

महामाया देवी मंदिर में नहीं चढ़ेगा बाहर का प्रसाद, समिति तैयार करेगी पैकेट

मोदीनगर , एजेंसी। मोदीनगर तहसील के गांव सीकरी खुर्द में स्थित महामाया देवी मंदिर में अब बाहर से लाया गया प्रसाद नहीं चढ़ाया जाएगा। शुक्रवार को मंदिर मेला समिति की बैठक में इसका फैसला लिया गया। बैठक में कहा गया कि मंदिर समिति द्वारा ही प्रसाद बनाकर बेचा जाएगा।

मोदीनगर तहसील परिसर में शुक्रवार को गांव सीकरी खुर्द महामाया देवी मंदिर मेला समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तय हुआ कि अब मंदिर परिसर में बाहर प्रसाद नहीं चढ़ाया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा ही प्रसाद बनाकर बेचा जाएगा। इसके अलावा मंदिर के पूजारियों का भी चयन किया गया। मंदिर परिसर में साफ सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर जोर दिया गया।

मोदीनगर तहसील परिसर स्थित सभागर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता ने किया। इसके अलावा बैठक में पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली,अधिशासी अधिकारी नरेन्द्र मोहन मिश्रा सहित पालिका के कई अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान सर्वसम्मत्ति से निर्णय लिया गया कि इस बार नवरात्रों में माता देवी के मंदिर में बाहर से आने वाला प्रसाद नहीं चढ़ाया जाएगा। मंदिर परिसर में प्रसाद बनाया जाएगा।

उपजिलाधिकारी ने बताया कि प्रसाद की कीमत विभिन्न श्रेणियों में तय कर दी गई। उन्होने बताया कि मंदिर परिसर में ही स्टॉल लगाए जाएगे। वहां पर 21 रुपये, 51 रुपये,101 रुपये, 201 व 501 रुपये का प्रसाद पैकेट तैयार किया जाएगा। प्रसाद जूट व कागज के थैलों में दिया जाएगा। मंदिर परिसर में पॉलीथीन का प्रयोग किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली ने बताया कि महामाया देवी मंदिर में वैष्णे देवी मंदिर की तर्ज पर प्रसाद वितरण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर परिसर में बने शौचालय हटाया जाएगा। उसे बाहर शिफ्ट किया जा रहा है। साफ सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष कदम उठाए जाए रहे है।

पेड़ पर चढ़ा था ताड़ी उतारने और वहीं थम गई जिंदगी: भभुआ में अजीबो-गरीब मौत

कैमूर (भभुआ), एजेंसी।
बिहार के भभुआ शहर के वार्ड नंबर 14 में ताड़ के पेड़ पर ताड़ी उतारने चढ़े एक व्यक्ति की अचानक मौत हो गई. आशंका जताई जा रही है कि उसे हार्ट अटैक आया था, जिससे उसकी मौके पर ही जान चली गई. लोगों ने उस व्यक्ति को काफी देर तक पेड़ से चिपका देखा तो अनहोनी की आशंका हुई. तत्काल इसकी सूचना दी गयी. मौके पर भभुआ एसडीओ विजय कुमार, डीएसपी शिव शंकर कुमार पहुंचे. सीढ़ी लगाकर शव को उतारा फिर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया.

भभुआ के डीएसपी शिव शंकर कुमार का कहना है कि सूचना मिली थी कि एक युवक की ताड़ के पेड़ पर ही मौत हो गई है. उसके बाद बिजली विभाग से वाहन सीढ़ी मांगा कर शव को उतारा गया. फिर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी. जिला प्रशासन हर सम्भव मदद परिजनों को करेगा. मृतक की पहचान प्रेम चौधरी के रूप में की गयी. सात वर्षों से

भभुआ में रह कर पेड़ से नीरा उतारने और बेचने का काम करता था. औरंगाबाद जिले सीढ़ी खैरा का रहने वाला था. परिजन के अनुसार 4 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे ताड़ी उतारने के लिए ताड़ के पेड़ पर चढ़ ही रहा था कि उसकी मौत हो गई. ताड़ के पेड़ पर लाश चिपके होने की सूचना पर पूरे इलाके में सनसनी फैल गई. पेड़ के पास बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई. सात माह पहले पत्नी की हुई थी मौतः मृतक के पुत्र कुंदन कुमार ने बताया कि उसके पिता करीब 3 बजे रूम से ताड़ी उतारने के लिए निकले थे. आधे घन्टे बाद ही उनकी मौत होने की सूचना मिली, जबकि उनकी तबीयत भी खराब नहीं थी. कुंदन ने बताया कि सात माह पहले ही उसकी मां भी गुजर गयी थी. उसे दो भाई और तीन बहन है. घर का खर्च कैसे चलेगा, इसको लेकर परेशान था. जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की. मृत प्रेम चौधरी के मकान मालिक आजाद कुमार ने बताया कि सात वर्षों से उसके मकान में रह रहा था. आज ताड़ी उतारने के दौरान ताड़ के पेड़ पर ही उसकी मौत हो गई. भभुआ नगर सभापति विकास उर्फ बबलू तिवारी ने बताया कि ताड़ के पेड़ पर ताड़ी उतारने के दौरान उसकी मौत हुई. पत्नी भी पहले ही गुजर चुकी है.

जम्मू-कश्मीर में सरकार गठन से पहले 5 विधायकों को मनोनीत करने पर हंगामा, विरोध में उतरी कांग्रेस

जम्मू-कश्मीर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर में सरकार गठन से पहले 5 विधायकों के मनोनीत करने के कदम पर राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस की ओर से इसका कड़ा विरोध किया जा रहा है। उसने ऐसे किसी भी फैसले को लोकतंत्र और संविधान के मूल सिद्धांतों पर हमला करार दिया। खबरों के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में पहली बार नई सरकार के गठन में पांच मनोनीत विधायकों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। केंद्र शासित प्रदेश में एक दशक के अंतराल के बाद चुनाव हुए हैं। गृह मंत्रालय की सलाह के आधार पर उपराज्यपाल इन सदस्यों को नामित करेंगे। जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 में पिछले साल 26 जुलाई 2023 को संशोधन करने के बाद यह प्रक्रिया शुरू की गई। 5 विधायकों को मनोनीत किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विधानसभा की सदस्य संख्या 95 हो जाएगी, जिससे सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 48 हो जाएगा। जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और मुख्य प्रवक्ता रवींद्र शर्मा ने कहा, 'हम जम्मू-कश्मीर में सरकार गठन से पहले उपराज्यपाल की ओर से पांच विधायकों को मनोनीत करने का विरोध करते हैं। ऐसा कोई भी कदम लोकतंत्र, जनादेश और संविधान के मूल सिद्धांतों पर हमला करने के समान है।' कांग्रेस नेता ने इस मुद्दे पर अपनी असहमति और विरोध जताया। साथ ही, इसका डटकर मुकाबला करने की घोषणा की। इस दौरान पार्टी नेता रमन भल्ला भी मौजूद थे। शर्मा ने कहा, 'संविधान के मुताबिक, उपराज्यपाल को मंत्रिपरिषद की सलाह पर कार्य करना चाहिए। चुनाव के बाद बहुमत या अल्पमत की स्थिति को बदलने के लिए मनोनयन के प्रावधान का दुरुपयोग करना हानिकारक होगा।

तीन महीने के प्रशिक्षण के बाद अब गंगा की लहरों पर कराएंगी पर्यटकों को सैर

निज संवाददाता | देहरादून

उत्तराखण्ड की बेटियां जल्द ही ऋषिकेश में गंगा नदी पर पर्यटकों को राफ्टिंग कराती नजर आएंगी। इसके लिए पर्यटन विभाग की ओर से 14 महिलाओं को व्वाइट वॉटर रिवर रॉफ्टिंग गाइड का प्रशिक्षण दिया गया है। जो अब पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद, बतौर प्रोफेशनल राफ्टिंग गाईड अपना करियर शुरू करने को तैयार हैं। ऋषिकेश हाल के समय में राफ्टिंग के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है, यहां हर साल पांच लाख से अधिक पर्यटक राफ़्टिंग के लिए आ रहे हैं, इस तरह राफ्टिंग गतिविधि, कारोबार के साथ ही रोजगार का भी जरिया बन रही है। लेकिन अब तक राफ्टिंग गाइड का काम पूरी तरह पुरूष ही कर रहे थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर पहली बार उत्तराखंड पर्यटन विभाग ने महिलाओं को रिवर राफ्टिंग गाइड का प्रशिक्षण दिया है। इसके बाद पयर्टन विभाग ने चुनिंदा 14 महिलाओं को अप्रैल से जून के बीच तीन महीने का निशुल्क प्रशिक्षण दिया। इसमें प्रशिक्षण के साथ ही रहने खाने का खर्च भी पर्यटन विभाग की ओर से उठाया गया। पौड़ी जिले में सिरांसू गांव निवासी प्रियंका राणा, वर्तमान में बीबीए कर रही हैं, प्रियंका क्याकिंग एथलीट हैं। प्रियंका बताती हैं कि उनके गांव के पास बड़ी संख्या में राफ्टिंग होती है, ऐस में जब उन्हे उत्तराखंड सरकार के अधीन महिलाओं को राफ्टिंग गार्डड का प्रशिक्षण दिए जाने की जानकारी मिली तो उन्होंने इसमें अपना पंजीकरण कर लिया। प्रियंका इसके लिए पुष्कर सिंह धामी सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहती हैं कि अब बतौर राफ्टिंग गाईड अपना करियर बनाना चाहती

हैं। रामनगर निवासी कामाक्षी गोयल वर्तमान में गोवा की नॉटिकल कंपनी में काम कर रही हैं। कामाक्षी बताती हैं कि वो पहले से ही वाइट वॉटर फील्ड में जॉब कर रही थी, इसलिए उन्होंने स्किल बढाने के लिए राफ्टिंग प्रशिक्षण लिया। इसके लिए उत्तराखण्ड सरकार की ओर से तीन महीने का प्रशिक्षण के साथ ही रहने खाने की सुविधा निशुल्क मिली। कामाक्षी इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में बडा प्रयास करार दे रही हैं।

केंद्र की मदद के बिना कांग्रेस एक दिन भी नहीं चला सकती हिमाचल सरकार: नड्डा

शिमला/बिलासपुर
केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस केंद्र के मदद के बिना एक दिन भी हिमाचल प्रदेश की सरकार नहीं चला सकती। बिलासपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई द्वारा आयोजित किए गए एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार राजस्व घाटे के अनुदान के तौर पर 500 करोड़ रुपये और वेतन और पेंशन भुगतान के लिए अनुदान के तौर पर 800 करोड़ रुपये देती है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दावा किया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अलग-अलग मौकों पर अलग-अलग बात करते हैं। उन्होंने कहा, जब वह हिमाचल प्रदेश में और चुनावों के दौरान बोलते हैं तो कहते हैं कि राज्य को केंद्र से कुछ नहीं मिलता, जबकि

दूसरी तरफ, दिल्ली में वह वित्तीय मदद के लिए आभार व्यक्त करते हैं, और अधिक मदद की गुहार लगाते हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस हिमाचल प्रदेश में केंद्र की मदद के बिना एक दिन भी सरकार नहीं चला सकती, लेकिन राज्य सरकार के पास इस बात का कोई हिसाब नहीं है कि पैसा कहां खर्च हो रहा है।

नड्डा ने कहा कि इस सितंबर में पहली तारीख को राज्य सरकार के कर्मचारियों का वेतन न देकर सुक्खू ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। उन्होंने इसे मौजूदा सरकार की सबसे बड़ी आपदा बताया। मंत्री ने यह भी दावा किया कि कांग्रेस शासित राज्यों में नशाखोरी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में 5,600 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्ती मामले में कांग्रेस के नेता की संलिप्तता पाई गई।

भाजपा नेता ने कहा, कांग्रेस है तो भ्रष्टाचार है, कांग्रेस (का मतलब)अपराधीकरण और कमीशन है। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार राज्य को पीछे को ओर ले जा रही है जहां पिछली भाजपा सरकार द्वारा शुरू किए गए सभी विकास कार्य ठप हो गए हैं या बंद हो गए हैं। केंद्र सरकार के 100 दिनों का रिपोर्ट कार्ड देते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि छह करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा गया है, जो हर वर्ष पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने तीन लाख करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, 12 औद्योगिक स्मार्ट शहर, तेज गति से वाहन चलाने के लिए अनुकूल आठ राष्ट्रीय गलियारों और आठ रूट पर रेल लाइन बिछाने को मंजूरी दी है।

गाजियाबाद में नवरात्र में कुट्टू के आटे से बने व्यंजन खाने से बिगड़ी तबीयत, कई परिवारों के 62 लोग बीमार

गाजियाबाद एजेंसी। गाजियाबाद के नंदग्राम में नवरात्र के व्रत के दौरान कुट्टू का आटा खाने से 62 लोग बीमार हो गए। कुट्टू से बने व्यंजन खाने के बाद दो बच्चों समेत 10 लोगों के शरीर कांपने लगे और उन्हें उल्टियां होने लगीं। आनन-फानन रिश्तेदारों और पड़ोसियों की सहायता से एमएमजी अस्पताल और नंदग्राम के मरियम अस्पताल लेकर पहुंचे। एमएमजी अस्पताल से सभी लोगों को छुट्टी दे दी गई। गुरुवार को नवरात्र के पहले दिन अनार सिंह के बेटे मनोज को छोड़कर सभी सदस्यों ने व्रत रखा था। रात को सभी ने कुट्टू के आटे से बनी पूड़ियां खाईं। कुछ ही देर बाद 60 वर्षीय पत्नी चंद्रवती, उनकी 30 वर्षीय बेटी कौशल, 34 वर्षीय मधु, 35 वर्षीय दामाद धर्म सैनी, साले का 19 वर्षीय बेटा जतिन और 16 वर्षीय बेटी किशोरी खुशी की हालत खराब होने लगी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

इंडिया-बांग्लादेश: संजू सैमसन करेंगे ओपन, दो खिलाड़ियों का डेब्यू !

नईदिल्ली, एजेंसी। बांग्लादेश के खिलाफ 2-0 से टेस्ट सीरीज जीतने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम बांग्लादेश के खिलाफ 3 मैचों की टी20आई सीरीज खेलने जा रही है जिसकी शुरुआत 6 अक्टूबर से होगी। भारत को पहला मैच ग्वालियर के श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में खेलना है। सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत की कोशिश होगी कि वो सीरीज की शुरुआत जीत के साथ करें। इस सीरीज में शुभमन गिल, ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव खेलते हुए नजर नहीं आएंगे जिन्हें आगे के शेड्यूल को देखते हुए आराम दिया गया है।

संजू-अभिषेक करेंगे ओपन

बांग्लादेश के खिलाफ इस टी20आई सीरीज के लिए भारतीय टीम में सिर्फ एक ही विशेषज्ञ ओपनिंग बल्लेबाज है और इसका मतलब है कि अभिषेक शर्मा का खेलना तय है। टीम में अन्य कोई ओपनर नहीं है ऐसे में संजू सैमसन भारत के लिए ओपनिंग कर सकते हैं और इसकी पूरी संभावना है। कप्तान सूर्यकुमार यादव तीसरे नंबर पर खेलेंगे तो वहीं रियान पराग चौथे नंबर पर खेलते हुए नजर आ सकते हैं। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या दो महीने से अधिक समय के बाद वापसी करेंगे और पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे, जबकि

रिंकू सिंह छठे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे।

हर्षित और मयंक का हो सकता है डेब्यू

पहले मैच में वाशिंगटन सुंदर को सातवें नंबर पर स्पिन-गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में शामिल किया जाना चाहिए, जबकि रवि बिश्नोई एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर होंगे, जिसका मतलब है कि वरुण चक्रवर्ती को अपनी वापसी के लिए इंतजार करना होगा। अर्शदीप सिंह तेज गेंदबाजी आक्रमण की जिम्मेदारी संभालेंगे जबकि उनका साथ हर्षित राणा और मयंक यादव दे सकते हैं। इस मैच के जरिए इस बात की संभावना है कि हर्षित राणा और मयंक यादव का डेब्यू होगा।

पहले मैच के लिए भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन

अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), रियान पराग, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, मयंक यादव।

बांग्लादेश टी-20 के लिए भारतीय टीम

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, हार्दिक पंड्या, रियान पराग, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा (विकेटकीपर) , अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव।

सार समाचार

कश्मीर में 38 साल बाद होगी क्रिकेट की वापसी, लीजेंड्स लीग में चौके-छक्के लगाते नजर आएंगे महान क्रिकेटर्स

नईदिल्ली, एजेंसी। श्रीनगर का बख्शी स्टेडियम लीजेंड्स लीग क्रिकेट के लिए तैयार है और बुधवार से टूर्नामेंट शुरू होने के साथ ही 38 साल बाद संघर्षग्रस्त कश्मीर घाटी में एक बार फिर क्रिकेट की वापसी होगी। श्रीनगर ने अब तक अपने इतिहास में केवल दो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की मेजबानी की है जिसमें पहला 1983 में और दूसरा मैच 1986 में खेला गया था।

सन् 1989 में उग्रवाद भड़कने के कारण यह क्षेत्र अराजकता में डूब गया। अब शहर एलएलसी के अंतिम चरण में 9 अक्टूबर से लगातार सात क्रिकेट मैचों की मेजबानी करेगा। यह एक टी20 क्रिकेट लीग है जिसमें हाल ही में संन्यास ले चुके महान क्रिकेटर शामिल हैं और जो इंडियन प्रीमियर लीग की तरह प्रसिद्ध हो रहा है। क्रिस गेल, सुरेश रैना, इरफान पठान, मार्टिन गुप्टिल, रॉस टेलर और इयान बेल जैसे 124 खिलाड़ियों वाली छह टीमें सुरम्य घाटी में जुटेंगी।

बारबाडोस 2026 में, गयाना 2025 में सीपीएल फाइनल की मेजबानी करेगा

त्रिनिदाद, एजेंसी। कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) ने पुष्टि की है कि बारबाडोस का प्रतिष्ठित केंसिंग्टन ओवल 2026 में पहली बार सीपीएल फाइनल की मेजबानी करेगा, जबकि गयाना का प्रोविडेंस स्टेडियम 2025 के फाइनल के लिए स्थल के रूप में काम करेगा, जो प्रतिष्ठित मैच की मेजबानी करने वाला लगातार चौथा वर्ष है।

यह घोषणा गत सीपीएल चैंपियन गयाना अमेज़न वारियर्स द्वारा 2024 के फाइनल में अपनी जगह पक्की करने से कुछ समय पहले की गई। गयाना के अध्यक्ष मोहम्मद इरफ़ान अली ने टीम की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और 2025 के फाइनल की मेजबानी को लेकर उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मैं इस अवसर पर गयाना अमेज़न वारियर्स को सफलता की कामना करना चाहता हूं क्योंकि हम लगातार दो बार से ऐसा करने की कोशिश कर रहे हैं।अन्य सभी टीमों के लिए, हम आपको शुभकामनाएं देते हैं क्योंकि हम एकता के साथ मिलकर खेलते हैं। मुझे यह घोषणा करते हुए भी बहुत खुशी हो रही है कि गयाना सीपीएल 2025 के फाइनल की मेजबानी करेगा।

सीपीएल: रहमानुल्लाह गुरबाज ने छक्कों की झड़ी लगाकर कटाया फाइनल का टिकट

नईदिल्ली, एजेंसी। अफगानिस्तानी टीम के ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज ने यही कहर नॉक आउट मुकाबले में बरपाया, जहां उनकी 18 गेंदों वाली पारी ने टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई.

गुरबाज ने सिर्फ 18 गेंदों में 4 शानदार छक्के लगाए और साथ ही 2 चौके भी जमाए. खास बात ये है कि जब वो आउट हुए तो टीम के सिर्फ 54 रन थे, जिसमें से 40 गुरबाज के थे. गुरबाज ने तेज शुरुआत दिला दी थी, जिसे आगे बढ़ाया मोईन और शे होप ने. मोईन तो संभल कर खेलते रहे लेकिन होप ने गुरबाज की तरह ताबड़तोड़ बैटिंग की. जीत से सिर्फ 2 रन पहले होप आउट हो गए.

पाकिस्तान की पूर्व कप्तान सिदरा नवाज ने कहा...

मुझे बाबर से ज्यादा विराट पसंद!

नई दिल्ली, एजेंसी । बाबर आजम या विराट कोहली, कौन है बेस्ट बल्लेबाज? यह सवाल काफी पुराना है लेकिन जब भी इस पर चर्चा होती है तो फैंस के बीच हमेशा जुनून देखने को मिलता है। अब इस सवाल का जवाब पाकिस्तान की पूर्व कप्तान सिदरा नवाज ने दिया है। सिदरा नवाज ने कहा, मुझे दोनों पसंद हैं, लेकिन व्यक्तिगत रूप से मैं विराट कोहली को चुनती हूं।

विराट कोहली ने खेल के इतिहास में शायद सबसे महान बल्लेबाजों में से एक के रूप में अपनी विरासत को मजबूत किया है। आईसीसी इवेंट से लेकर तीनों प्रारूपों में उनका प्रदर्शन सराहनीय है । कोहली का सबसे सफल प्रारूप वनडे रहा है क्योंकि उन्होंने 295 मैचों में 13,906 रन बनाए हैं। अप्रैल 2021 से पहले विराट कोहली ने दुनिया में नंबर एक रैंकिंग वाले वनडे बल्लेबाज के रूप में 1258 दिन बिताए थे। इसके बाद बाबर का यहां कब्जा था लेकिन हाल ही में सफेद गेंद की कप्तानी से हटने वाले पाकिस्तान के बल्लेबाज को 2023 में शुभमन गिल ने पीछे छोड़ दिया था, लेकिन दिसंबर 2023 में उन्होंने अपना स्थान फिर से हासिल कर लिया और अभी भी वनडे लीडरबोर्ड में शीर्ष पर हैं। महिला टी20 विश्व कप पर पूरी दुनिया के क्रिकेट फैंस की नजर है।

टूर्नामेंट में भारत की शुरुआत न्यूजीलैंड के हाथों 58 रन की करारी हार के साथ हुई और अब टीम का लक्ष्य पाकिस्तान के खिलाफ अपने अगले मुकाबले में वापसी करना होगा। दूसरी ओर, पाकिस्तान ने अपने पहले मुकाबले में श्रीलंका पर 31 रन की जीत दर्ज की है।

सिदरा नवाज नवाज का मानना है कि भले ही आंकड़े इस मुकाबले में भारत के पक्ष में हो, लेकिन पाकिस्तान की लय टीम इंडिया को मैच में दबाव में डाल सकती है।

शंघाई मास्टर्स:

अल्काराज़ ने शांग को हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया

शंघाई, एजेंसी। बीजिंग फाइनल में जानिक सिनर पर अपनी रोमांचक जीत के कुछ ही दिनों बाद, कार्लोस अल्काराज़ ने शंघाई मास्टर्स में अपना दबदबा जारी रखा और दूसरे दौर में चीन के उभरते सितारे शांग जुनचेंग को 6-2, 6-2 से आसानी से हरा दिया।

अल्काराज़, जो अपने 18 वर्षीय प्रतिद्वंद्वी से तीन साल बड़े हैं, ने स्वीकार किया कि एटीपी टूर पर खुद से कम उम्र के किसी खिलाड़ी का सामना करना असामान्य लगा। मैच के बाद अल्काराज़ ने कहा, मुझे अपने से कम उम्र के खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने की आदत नहीं है। वह हाल ही में अच्छा टेनिस खेल रहा है, उसने अपना पहला एटीपी (चेंगदू में खिताब) जीता है, इसलिए मुझे पूरा यकीन है कि वह रैंकिंग में ऊपर जाएगा। मैं इस तरह के मैच जीतने में सक्षम होने से खुश हूं।

शुरुआत से ही, अल्काराज़ ने शंघाई के दर्शकों के सामने शानदार खेल दिखाया, पहले नौ अंक जीतकर मैच की शुरुआत की और तुरंत ही शांग की सर्विस तोड़ दी। स्पैनियार्ड के आक्रामक नेट प्ले और शक्तिशाली रिटर्न ने उनके प्रतिद्वंद्वी को पूरे समय बैकफुट पर रखा। अल्काराज़ ने सात में से चार ब्रेक पॉइंट को बदला और अपने सभी सात नेट एप्रोच जीते। मैच का एक मुख्य आकर्षण दूसरे सेट की शुरुआत में आया जब अल्काराज़ ने पीछे हटने के लिए मजबूर होने के बाद एक शानदार बैकवर्ड फ्लिक किया और एक अंक बचाया।

उन्होंने उस रैली को जीत लिया और मैच में अपने सामने आए एकमात्र ब्रेक पॉइंट को बचाकर अपनी 3-1 की बढ़त बनाए रखी। शांग, जो स्पष्ट रूप से मात खा रहे थे, लेकिन अच्छे मूड में थे, अल्काराज़ के धमाकेदार रिटर्न के बाद केवल मुस्कुराए, जिससे तीसरे सीड के लिए एक और गेम पक्का हो गया। हार के बावजूद, शांग ने एक यादगार अनुभव के साथ कोर्ट छोड़ा। अल्काराज़ ने अपने प्रतिद्वंद्वी के बारे में कहा, नेट पर उन्होंने मुझसे कहा कि आपके साथ कोर्ट साझा करना खुशी की बात है। इस तरह की बातें जो मैं युवा खिलाड़ियों से सुनता हूं, वह बहुत बढ़िया है।

अल्काराज़, जिन्होंने यूएस ओपन में दूसरे दौर में आश्चर्यजनक रूप से बाहर होने के बाद से कोई मैच नहीं हारा है, अब तीसरे दौर में एक अन्य चीनी स्टार वू यिबिंग का सामना करेंगे।

ईरानी कप:

मुंबई ने 125 पर गंवा दिए थे 6 विकेट, कोटियान ने शतक जड़ा

नईदिल्ली, एजेंसी। ईरानी कप 2024 में रेस्ट ऑफ इंडिया के खिलाफ मुंबई ने शनिवार (5 अक्टूबर) को दूसरी पारी में 125 रन पर 6 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद तनुष कोटियान न सिर्फ शतक जड़ा बल्कि नंबर 10 के बल्लेबाज मोहित अवस्थी के साथ शतकीय साझेदारी करके 300 के पार पहुंचा दिया। ईरानी कप का शनिवार (5 अक्टूबर) को 5वां दिन था। मुंबई की बढ़त 428 रन की हो गई है। यह मैच ड्रॉ की ओर बढ़ गया है। ऐसा होने पर पहली पारी में बढ़त के आधार मुंबई अपने नाम खिताब कर लेगी।

रेस्ट ऑफ इंडिया ने पहली पारी में 416 रन बनाए थे। मुंबई की बल्लेबाजी की बात करें तो ओपनर पृथ्वी शॉ ने 76 रन बनाए। इसके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज नहीं चला। 5 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू पाए। तनुष कोटियान ने शतक जड़ दिया। यह उनका दूसरा प्रथम श्रेणी शतक है। उन्होंने कई अवसरों पर सिंगल लेने से रोकने के बावजूद मात्र 135 गेंदों पर शतक पूरा किया।

चोट या फिर सावधानी?

रणजी ट्रॉफी में बंगाल के लिए पहले दो मैच नहीं खेलेंगे मोहम्मद शमी

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी कब तक वापसी करेंगे? क्या रणजी ट्रॉफी में मोहम्मद शमी खेलते नजर आएंगे? मोहम्मद शमी की वापसी से जुड़ी बड़ी जानकारी सामने आ रही है. मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि रणजी ट्रॉफी के लिए बंगाल की 19 सदस्यीय टीम में मोहम्मद शमी को शामिल नहीं किया गया है.

हालांकि, यह 19 सदस्यीय स्क्वॉड महज पहले 2 मैचों के लिए है, लेकिन मोहम्मद शमी का नाम नहीं है. इस वक्त मोहम्मद शमी नेशनल क्रिकेट एकेडमी में अपनी फिटनेस पर काम कर रहे हैं. मोहम्मद शमी आखिरी बार भारत के लिए वनडे वर्ल्ड कप में नजर आए थे. इसके बाद तेज गेंदबाज को सर्जरी से गुजरना पड़ा. फिलहाल, मोहम्मद शमी बैंगलोर स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में अपनी फिटनेस पर काम कर रहे हैं.

पिछले दिनों ने मोहम्मद शमी ने कहा था कि वह भारतीय टीम में कमबैक से पहले घरेलू क्रिकेट में खेलना चाहते हैं, लेकिन अब सवाल है कि बंगाल रणजी ट्रॉफी टीम में मोहम्मद शमी का नाम क्यों नहीं है? क्या मोहम्मद शमी रिकवरी नहीं कर पाए हैं या फिर चयनकर्ता तेज गेंदबाज को लेकर सावधनी बरत रहे हैं?

पिछले दिनों मोहम्मद शमी ने ट्वीट किया था. इस ट्वीट में उन्होंने साफ किया कि वह फिर से चोटिल नहीं हुए हैं, वह वापसी के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, लेकिन क्या न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में मोहम्मद शमी वापसी करेंगे? टाइम्स ऑफ इंडिया की खबर के मुताबिक, मोहम्मद शमी तेजी से रिकवरी कर रहे हैं. बीसीसीआई के एक सीनियर ऑफिशियल ने बताया कि हमारा फोकस न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज पर है. बीसीसीआई के स्पेशलिस्ट मोहम्मद शमी पर लगातार नजर रख रहे हैं. साथ ही वह तेजी से रिकवरी कर रहे हैं.

आईओसी ने राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघों की मान्यता रद्द करने का आदेश दिया

नईदिल्ली, एजेंसी। आइओसी ने राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) को 30 सितंबर को भेजे गए एक पत्र में दोहराया कि जो राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ आईबीए के साथ संबंध समाप्त नहीं करेंगे, उन्हें 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में भाग नहीं लेने दिया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने अपने सदस्य देशों से निलंबित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से संबंध रखने वाले राष्ट्रीय महासंघों की मान्यता खत्म करने के लिए

कहा है जिससे इन दोनों खेल संस्थाओं के बीच चल रहा विवाद और गहरा गया है।

आइओसी ने राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) को 30 सितंबर को भेजे गए एक पत्र में दोहराया कि जो राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ आईबीए के साथ संबंध समाप्त नहीं करेंगे, उन्हें 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में भाग नहीं लेने दिया जाएगा। आईओसी ने अपने पत्र में कहा- एनओसी अब उन राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघों के साथ संबद्ध या संस्थागत संबंध नहीं बनाए रखेगा जो अभी भी आईबीए से संबद्ध है। कोई भी मुक्केबाज जिसका राष्ट्रीय महासंघ आईबीए से संबंध रखता है तो वह लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों में भाग नहीं ले पाएगा।

हमने अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेला: हरमनप्रीत

दुबई, एजेंसी। महिला टी20 विश्व कप की तैयारियों में, भारतीय खिलाड़ियों सहित कई लोगों ने इस बारे में बात की कि यह टूर्नामेंट के किसी भी संस्करण में खेलने वाली अब तक की सर्वश्रेष्ठ टीम थी, जिसने सभी आधार कवर किए थे। लेकिन टूर्नामेंट से पहले की पसंदीदा टीम हरमनप्रीत कौर और उनकी टीम ने ग्रुप ए में सभी पहलुओं में निराशाजनक प्रदर्शन के साथ खराब शुरुआत की और शुक्रवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में न्यूजीलैंड से 58 रनों की भारी हार का सामना करना पड़ा।

मैच खत्म होने के बाद निराश हरमनप्रीत ने कहा, हमने अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट नहीं खेला। आगे बढ़ने के लिए हम जानते हैं कि हर मैच महत्वपूर्ण है। हमने मौके बनाए लेकिन हम उन मौकों का फायदा नहीं उठा पाए। उन्होंने हमसे बेहतर क्रिकेट खेला, इसमें कोई शक नहीं है। (इन) फील्डिंग में हमने कुछ गलतियाँ कीं, इसलिए यह हमारे लिए आगे बढ़ने के लिए एक सीख है। हरमनप्रीत ने कहा, हमने कई बार 160-170 के लक्ष्य का पीछा किया है, हम उम्मीद कर रहे थे कि यह स्कोर बोर्ड पर होगा। बल्लेबाजी करते समय, हम जानते थे कि हममें से किसी को बल्लेबाजी करनी होगी, लेकिन हम लगातार विकेट खोते रहे।

हम जानते हैं कि यह समूह बेहतर प्रदर्शन करने में सक्षम है, यह वह शुरुआत नहीं थी जिसकी हम उम्मीद कर रहे थे, लेकिन हमें यहां से आगे बढ़ना होगा। न्यूजीलैंड के लिए, इस प्रारूप में अपनी दस मैचों की हार की लय को तोड़ने का इससे बेहतर तरीका नहीं हो सकता था कि वह एक सुस्त भारतीय टीम पर जीत हासिल करे। कप्तान सोफी डिवाइन ने न्यूजीलैंड की पारी के अंत में सूजी बेट्स और जॉर्जिया प्लिमर के बीच 67 रनों की ओपनिंग साझेदारी के बाद 36 गेंदों में नाबाद 57 रनों की पारी खेली, जिससे उन्होंने चिपचिपी पिच पर 160/4 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। मुझे लगा कि पारी के शुरूआती चरण में सुजी बेट्स और जॉर्जिया प्लिमर ने लय तय की। मैं और मेली (एमेलिया

केर) 7-12 ओवरों में शायद थोड़ी धीमी रहीं, लेकिन हम अंत में कड़ी मेहनत करने में सक्षम थे। सोफी ने प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिलने के बाद कहा, यह बहुत कठिन काम था, गति कम थी और गैप खोजने की कोशिश कर रहे थे। शुरुआत में थोड़ा असहज महसूस हुआ। योगदान देकर वाकई बहुत खुश हूं। हमने पिछले छह महीनों में बहुत मेहनत की है, टीम को उसका इनाम मिलता देखकर अच्छा लगा। दुबई की शाम को ठंडी हवा की मदद से तेज गेंदबाज रोजमेरी मैयर ने 4-19 विकेट, जबकि तेज गेंदबाज ली ताहुहू ने 3-15 विकेट और ऑफ स्पिनर ईडन कार्सन ने पहले चार ओवरों में भारतीय सलामी बल्लेबाजों को आउट करके मैच को खोल दिया।

मुझे इस समूह पर वास्तव में गर्व है। लोग हमारे हालिया परिणामों के बारे में बात कर रहे हैं, भारत जैसी विश्व स्तरीय टीम के खिलाफ़ खेलना, ऐसा प्रदर्शन करना, मैं अभिभूत हूं। हम लंबे समय से इस खेल को लक्ष्य बना रहे थे। मैदान पर उतरना और एक मार्कर बनाना (शानदार है), लेकिन हमें टूर्नामेंट में अभी लंबा रास्ता तय करना है। ह

में जॉर्जिया और सूजी से पावरप्ले में कुछ अच्छी शुरुआत मिली। उन्होंने शानदार इरादे दिखाए। फिर पारी को खत्म करना वाकई महत्वपूर्ण था, ब्रुक हॉलिडे और मैडी ग्रीन ने बेहतरीन खेल दिखाया। हम शायद 10 ओवर पार जा रहे थे, लेकिन हम जानते हैं कि उनकी लाइन-अप कितनी मजबूत है। हमने बल्लेबाजों से उनके सबसे मुश्किल शॉट खेलने के बारे में बात की और गेंदबाजों ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया।

भारत के पास ज़्यादा समय नहीं है - रविवार दोपहर पाकिस्तान के खिलाफ़ मैदान पर उतरने से पहले सिर्फ़ एक दिन का आराम है। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड के पास 8 अक्टूबर को गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया का सामना करने से पहले कुछ दिन हैं। हम उन्हें बहुत अच्छी तरह से जानते हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

न्यूज बाइट्स

दो बहनें लापता, थाने में दर्ज हुईं प्राथमिकी

हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)। विगत एक अक्टूबर को सासाराम कुदरा पथ पर चिलबिली गांव के पास हुई भीषण कार एक्सीडेंट में एक युवक की मौत व तीन युवक घायल हो गया था। प्राप्त जानकारी अनुसार हसपुरा प्रखंड क्षेत्र के टाल पंचायत अंतर्गत बाघाकॉल के बबन यादव के 25 वर्षीय पुत्र प्रवीण कुमार उर्फ छोटू कुमार की उस रोड एक्सीडेंट में मृत्यु हो गई थी,एवं उसके तीन दोस्त बुरी तरह से घायल हो गये थें,जिनका ईलाज वाराणसी में चल रहा था, जिनमें टिहुल बिगहा गांव के अवधेश सिंह के 20 वर्षीय घायल पुत्र सिकंदर कुमार ने शनिवार को दम तोड़ दिया, जबकि बाघाकॉल गाँव निवासी बैजनाथ सिंह का 22 वर्षीय घायल पुत्र सुजीत कुमार की मौत शुक्रवार को हीं हो गई थी। गाँव व आसपास के क्षेत्र में इस घटना को लेकर मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

कार के धक्के से रिटायर्ड शिक्षक घायल

हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)। हसपुरा थाना क्षेत्र के पचरुखिया-गोह मुख्य मार्ग पर मौआरी मोड़ के पास शनिवार को कार के धक्के से मौआरी गांव के रिटायर्ड शिक्षक रणधीर शर्मा घायल हो गए। उनका ईलाज दाऊदनगर में चल रहा है। जानकारी के अनुसार स्कूटी से वो अपने गाँव जा रहे थें । इसी क्रम में तेज रफ्तार से आ रही कार ने टक्कर मार दी।

देवर-देवरानी का झगड़ा सुलझाने गई भाभी को मारकर किया घायल

कुटुंबा (औरंगाबाद) (नि.सं.)। कुटुंबा प्रखंड के परसा मुरौली गांव में देवर और देवरानी के बीच हो रहे झगड़ा को सुलझाने गई भाभी पर उसके देवर ने हमला कर दिया। इस दौरान 26 वर्षीय महिला जख्मी हो गई। जिसकी पहचान उक्त गांव निवासी उदय तिवारी की पत्नी संध्या कुमारी के रूप में हुई है। जख्मी महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान महिला ने घटना की पूरी जानकारी दी। उसने बताया कि देवर-देवरानी के बीच का झगड़ा सुलझाने का प्रयास उसे महंगा पड़ा। मामले की जानकारी देती हुई संध्या कुमारी ने बताया कि एक वर्ष पूर्व ही उसकी शादी हुई है। घर में अक्सर उसका देवर अपनी पत्नी के साथ झगड़ा करते रहता है। शनिवार की सुबह करीब 11 बजे के आसपास दोनों पति-पत्नी आपस में झगड़ा कर रहे थे। घायल महिला संध्या कुमारी अपने दरवाजे पर खड़ी थी। इसी दौरान देवर और देवरानी आपस में झगड़ा कर रहे थे। तो वो उनदोनों के झगड़े को छुड़ाने गयी तो देवर गुस्सा गया और भाभी पर ही घर के किचेन से तावा से लाकर हमला कर दिया। जिससे वह जख्मी हो गई। घटना के बाद परिजनों ने जख्मी संध्या कुमारी को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उपचार किया। फिलहाल इस घटना की सूचना कुटुंबा थाना की पुलिस को दी गई है। पुलिस ने बताया कि आवेदन प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

दो बहनें लापता, थाने में हुई प्राथमिकी दर्ज

हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)। हसपुरा थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव निवासी दर्शन राम की दो बेटी मंगलवार से हीं लापता है। दोनों घर से पढ़ने निकली थी। इस संबंध में किशोरियों के पिता ने हसपुरा थाना में आवेदन देकर छानबीन करने की गुहार लगाई है। थाना में दिये आवेदन अनुसार दर्शन राम की 14वर्षीया पुत्री सोनाली कुमारी एवं 13 वर्षीया पुत्री अंजली कुमारी, जो 10वीं और 8 वीं कक्षा की छात्रा है। सोनाली गर्ल्स हाई स्कूल हसपुरा में पढ़ती है और अंजली डुमरा के स्कूल में पढ़ती है। मंगलवार को दोनों बहने टेम्पू पकड़ पढ़ने गई थी। शाम 6:00 बजे तक घर वापस नहीं लोटी, तो परिजनों ने खोजबीन करना शुरू किया।

डीएम ने प्रधान सहायकों के साथ बैठक कर की कार्यों की प्रगति की मासिक समीक्षा

चौकीदारों और दफादारों को एसीपी और एमसीपी के लाभ दिलाने के लिए 15 दिन का निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

समाहरणालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में प्रधान सहायकों की मासिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा और समीक्षा की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य था अंचल के प्रधान सहायकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा करना और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश देना। बैठक के आरंभ में जिलाधिकारी ने चौकीदारों एवं दफादारों को एसीपी (अंशदायी पेंशन योजना) और एमसीपी (मॉडिफाइड कंप्रिहेंसिव प्लान) के लाभ से संबंधित संचिकाओं को जल्द से जल्द सामान्य शाखा में भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इन संचिकाओं को 15 दिनों के भीतर निष्पादित कर संबंधित कर्मियों को लाभ पहुंचाया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने प्रधान सहायकों को उनके कार्य करने की शैली को सरल बनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सभी प्रधान सहायकों को अपने कार्यों की समीक्षा नियमित रूप से करनी चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या देरी न हो। साथ ही, सभी संबंधित मामलों की गंभीरता से समीक्षा करने का निर्देश भी दिया गया, जिसमें सीडब्ल्यूजेसी (सिविल रिट याचिकाएं), एमजेसी (मुकदमे से संबंधित मामले), डीसी विपत्र, उपयोगिता प्रमाण पत्र, लोकायुक्त से संबंधित मामलों के साथ-साथ जिला आपदा प्रबंधन, लोक शिकायतें, और विधानसभा व लोकसभा से संबंधित प्रश्न शामिल थे। जिलाधिकारी ने पेंशन एवं सेवांत लाभ, सामाजिक सुरक्षा, और आरटीपीएस (राइट टू पब्लिक सर्विस) से जुड़े मामलों पर भी विशेष ध्यान देने का आदेश दिया। बैठक के दौरान यह पाया गया कि कुछ कार्यालयों में सीडब्ल्यूजेसी और एमजेसी से संबंधित लंबित मामलों की संख्या अधिक थी, जिसके लिए जिलाधिकारी ने खेद जताया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को एसओएफ (स्टेटमेंट ऑफ फैक्ट) तैयार कर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया, ताकि इन मामलों का जल्द निपटारा हो सके। इसके अलावा, कार्यालय के सभी पंजी, जैसे क्रम पुस्तिका, इंडेक्स रजिस्टर, और प्राप्त पत्र पंजी को व्यवस्थित रखने का आदेश भी दिया गया। जिलाधिकारी ने लंबित पत्रों को जल्द से जल्द निष्पादित करने पर जोर दिया। बैठक में विभिन्न विभागों के प्रधान सहायक, प्रभारी स्थापना उप समाहर्ता धर्मेंद्र कुमार, और सामान्य शाखा प्रभारी रत्ना प्रियदर्शनी भी उपस्थित थे। यह बैठक प्रशासनिक कार्यों को सुव्यवस्थित करने और पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण साबित हुई। इस तरह की मासिक बैठकों का आयोजन अधिकारियों को नियमित रूप से उनके कार्यों की जिम्मेदारी का एहसास कराता है, और शासन-प्रशासन के कार्यों में गति और गुणवत्ता को बनाए रखने में सहायक होता है।

डीएम की अध्यक्षता में तकनीकी विभागों की समीक्षा बैठक

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

समाहरणालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में तकनीकी विभागों द्वारा कार्यान्वित योजनाओं एवं विशेष कार्यों की समीक्षा की गई, जिनमें एससीए और एडीपी के तहत किए जा रहे कार्यों पर चर्चा की गई। बैठक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य प्रमंडल औरंगाबाद और दाउदनगर तथा कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल औरंगाबाद एवं राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद के अभियंताओं को निर्देश दिया गया कि वे आगामी दुर्गा पूजा के अवसर पर पथों की नियमित मरम्मति सुनिश्चित करें। यह निर्देश इस संबंध में बेहद महत्वपूर्ण है ताकि जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

कार्यपालक अभियंता जल संसाधन विभाग को निर्देश दिया गया कि वे नहर, पईन और अन्य जलाशयों में मूर्ति विसर्जन के लिए सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करें। इसके लिए उन्हें वैरिकेटिंग लगाने के साथ-साथ नियमित रूप से भ्रमण कर मॉनिटरिंग करने का भी आदेश दिया गया। साथ ही, जलाशयों के किनारे गहराई से संबंधित सूचना बोर्ड की व्यवस्था करने की भी बात कही गई।

बैठक में विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को दुर्गा पूजा के दौरान विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने के विशेष निर्देश दिए गए। इसके अलावा, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, औरंगाबाद को जिले के सभी वार्डों में नल-जल व्यवस्था को दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया। इसके साथ ही, महादलित टोला में निर्मित सामुदायिक भवन-सह-वर्क शेड की गुणवत्ता की जांच एक सप्ताह के भीतर कराने के लिए भी कार्यपालक अभियंता को आदेश दिया गया। बैठक में विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों जैसे कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल और अन्य एजेंसियों से कहा गया कि वे सभी योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित समय के भीतर पूरा करें। जिन योजनाओं में अभी तक निविदा निष्पादित नहीं हुई है, उन पर भी शीघ्र कार्रवाई करने की बात कही गई।

बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, प्राचार्य महिला आईटीआई, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, कार्यपालक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, लघु सिंचाई प्रमंडल, सर्व शिक्षा अभियान सहायक अभियंता और अन्य महत्वपूर्ण अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस बैठक के माध्यम से प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिया कि वे सभी योजनाओं की गति को तेज करने और गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के प्रति गंभीर हैं। इस प्रकार, यह बैठक स्थानीय विकास और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

एससी-एसटी अत्याचार निवारण समिति की बैठक संपन्न

औरंगाबाद(का.सं.)। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार अधिनियम, 1989 के अंतर्गत जिला स्तर पर साक्षरता एवं अनुश्रवण समिति की इस वर्ष की दूसरी बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी ने की, जिन्होंने समिति के सदस्यों को संबोधित करते हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में हत्या के पीड़ित के आश्रित को चतुर्थ स्तर की सरकारी नौकरी मिलने पर सभी ने प्रसन्नता व्यक्त की। यह निर्णय पीड़ित परिवार के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आ सकता है। बैठक में एडीएम, जिला कल्याण पदाधिकारी, तथा समिति के सदस्य मघेश्वर पासवान, राजेश्वर पासवान, कुटुंबा विधायक प्रतिनिधि, गोह विधायक प्रतिनिधि आदि भी उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा पर औरंगाबाद पुलिस का जागरूकता अभियान

दानी बिगहा स्थित डीएवी स्कूल के छात्रों को ट्रैफिक नियमों की दी गई अहम जानकारी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शनिवार को औरंगाबाद के दानी बिगहा स्थित डीएवी स्कूल में औरंगाबाद पुलिस द्वारा ट्रैफिक नियमों और सड़क सुरक्षा से संबंधित एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और छात्राओं को यातायात के नियमों की जानकारी देना और उन्हें सड़क पर सुरक्षित रहने के तरीके सिखाना था। अभियान के दौरान, पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को ट्रैफिक नियमों के पालन की अनिवार्यता के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ ही, उन्होंने छात्रों को बताया कि सड़क सुरक्षा का पालन न करने से क्या-क्या गंभीर हादसे हो सकते हैं और इसका जीवन पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। सड़क पर चलते वक्त सावधानी और नियमों के पालन की कितनी जरूरत होती है, इसे समझाने के लिए पुलिस ने लाइव डेमो के जरिए छात्रों को वास्तविक परिस्थितियों का अनुभव करवाया। कार्यक्रम में यातायात नियमों के साथ-साथ सड़क पर पैदल चलने, साइकिल चलाने, वाहन चलाने, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, और ओवरस्पीडिंग जैसे खतरों पर भी विशेष ध्यान दिया गया। छात्रों को यह बताया गया कि सुरक्षित यातायात के तरीके अपनाने से दुर्घटनाओं की संख्या को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

इस दौरान पुलिस की टीम ने रोड सेफ्टी से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और छात्रों को इंटरैक्टिव सेशन्स के माध्यम से यातायात के नियमों से अवगत कराया। छात्र-छात्राओं ने इस दौरान अपनी जिज्ञासाएं भी साझा कीं और अधिकारियों ने उन्हें उनके सवालों के उत्तर देकर ट्रैफिक नियमों को सही ढंग से समझने में मदद की। इसके अलावा, कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। इन प्रतियोगिताओं में ट्रैफिक नियमों से जुड़े प्रश्नों के उत्तर देने और सही तरीके से यातायात के पालन पर आधारित गतिविधियां शामिल थीं। औरंगाबाद पुलिस द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित भी किया गया। यह अभियान केवल एक औपचारिक कार्यक्रम न होकर, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में एक सार्थक कदम साबित हुआ। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के जागरूकता अभियानों का उद्देश्य केवल बच्चों को शिक्षित करना ही नहीं, बल्कि उनके माध्यम से पूरे समाज तक यातायात नियमों की जानकारी पहुंचाना है। क्योंकि जब बच्चे सही नियमों को जानेंगे और अपनाएंगे, तो वे अपने परिवार और समाज को भी जागरूक करेंगे।

9 अक्टूबर को डांडिया सह गरबा उत्सव का होगा आयोजन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

सामाजिक संस्था तत्पर युवा मंच औरंगाबाद के द्वारा अपने जिले में लगातार पांचवीं बार डांडिया सह गरबा उत्सव का आयोजन करवाने जा रही है जो इस बार 9 अक्टूबर नवरात्रि की सप्तमी को रखा गया है। गुजरात, राजस्थान, पुणे, दिल्ली, हरियाणा के तर्ज पर अपने बिहार के औरंगाबाद में नवरात्रि के अवसर पर ऐसा आयोजन संगठन के द्वारा आयोजित होते आ रहा है। इस कार्यक्रम में अत्यधिक संख्या महिलाओं और बच्चों की होती है। कुछ समय के लिए पूरा शहर एक साथ मौजूद रहता है और बड़े शहरों की तरह अलग–अलग पोषक में पहुंच कर लोग कार्यक्रम में चार चांद लगाते है। समाज के हर वर्ग का साथ और सहयोग इस कार्यक्रम को मिलते आ रहा है। इसी कारण 5वीं बार इसकी सफल आयोजन के लिए कार्यकर्ता लग चुके है। यह कार्यक्रम शहर के बंधन रिसोर्ट में संध्या में आयोजित होगी। कार्यक्रम प्रमुख आर्यन राज, सह प्रमुख सोनू योगी, लक्की सिन्हा को बनाया गया है। संगठन की तरफ से आए हुए लोगों को सारी सुविधा प्रदान की जाती है। फास्टिंग को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम सप्तमी को रखा गया है फिर भी जो लोग फास्ट पर पूरे नवरात्र रहते है उनके लिए फल, खीर की व्यवस्था संगठन करेगा। संरक्षक सतीश कुमार सिंह, मार्गदर्शक धीरज अजनबी, शिव गुप्ता, अजीत चंद्रा, पंकज वर्मा, मरगूब आलम ने संगठन के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का गुरु मंत्र और आशीर्वाद दिया। प्रमुख आर्यन राज ने आग्रह किया कि हम सभी लोग 9 अक्टूबर को एक साथ एक अलग अंदाज में अनुभव प्राप्त करने के लिए अपने परिवार के साथ सभी समाज के लोग मौजूद रहेंगे।

प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी की ग्रामीणों ने कराई शादी

निज संवाददाता | फेसर (औरंगाबाद)

जिले के फेसर थाना क्षेत्र के परसी गांव में एक अनोखी शादी की घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। शनिवार को प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को लड़की के घरवालों और ग्रामीणों ने पकड़ लिया और उनकी मौके पर ही शादी करवा दी। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो ग्रामीणों ने बनाया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रेमी जोड़े की पहचान बारुण थाना क्षेत्र के डेगंरा गांव निवासी संदीप कुमार और फेसर थाना क्षेत्र के परसी बिगहा निवासी अमृता कुमारी के रूप में हुई है। ग्रामीणों के मुताबिक, दोनों के बीच पिछले चार सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। संदीप अक्सर अमृता से मिलने उसके घर आया करता था। कभी वे गांव के बाहर खेतों में मिलते थे, तो कभी अमृता के घर पर। इसी तरह शुक्रवार की रात भी संदीप अपनी प्रेमिका से मिलने पहुंचा था, लेकिन इस बार उसके आने की भनक अमृता के परिजनों को लग गई।

परिजन और ग्रामीणों ने बिना देर किए निर्णय लिया कि दोनों की शादी करवा दी जाए। आनन-फानन में गांव के सूर्य मंदिर में शादी की तैयारी की गई और देर रात ही दोनों की शादी संपन्न हो गई। शादी के दौरान दोनों ने एक-दूसरे के साथ रहने की कसमें खाईं। इस अनोखी शादी को देखने के लिए गांव के लोग बड़ी संख्या में इकट्ठा हो गए थे। इस अनोखी शादी का वीडियो अब सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। ग्रामीणों द्वारा बनाई गई इस वीडियो को लोग तेजी से शेयर कर रहे हैं और इस घटना को लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।

पंजाब नैशनल बैंक ने महिलाओं को स्वरोजगार की ओर बढ़ाया कदम

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शनिवार पंजाब नैशनल बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान औरंगाबाद में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महिला कपड़ा सिलाई के सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र और प्रशिक्षण टूल किट का वितरण किया गया। इस समारोह में वरीय उप समाहर्ता (बैंकिंग), श्वेता प्रियदर्शी, मंडल कार्यालय पंजाब नैशनल बैंक औरंगाबाद के मंडल प्रमुख प्रवीण कुमार, मुख्य प्रबंधक अजीत हर्षवर्धन और निदेशक आर सेटी, राजकुमार सिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्वेता प्रियदर्शी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कपड़ा सिलाई और ड्रेस डिजाइनिंग का व्यवसाय अपनाकर महिलाएँ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकती हैं। उन्होंने कहा, 'महिलाओं को हमेशा सीखते रहने की आदत को अपने दैनिक जीवन में शामिल करना चाहिए। उन्होंने बताया कि आज के बाजार में प्रतिदिन नए परिधान और नए डिज़ाइन का विकास हो रहा है, इसलिए महिलाओं को समय के अनुसार नए-नए सिलाई कौशल सीखते रहना आवश्यक है। श्वेता प्रियदर्शी ने स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता पाने के लिए महिलाओं को प्रेरित करते हुए शुभकामनाएँ भी दीं। उन्होंने कहा कि 'स्वरोजगार न केवल आर्थिक सुरक्षा देता है, बल्कि यह महिलाओं को अपने सपनों को साकार करने का भी अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम के दौरान, श्वेता प्रियदर्शी ने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, औरंगाबाद के भवन का अवलोकन किया और वहां चल रहे विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने संस्थान के कार्यों की सराहना की और प्रशिक्षकों की मेहनत को भी मान्यता दी। इस समारोह में मंडल प्रमुख प्रवीण कुमार ने अभ्यर्थियों को बताया कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 'जीविका दीदीयों को लखपति दीदी बनाने' की योजना चलायी जा रही है। उन्होंने कहा कि दृढ़ इच्छाशक्ति से व्यवसाय करने की जरूरत है। जीवन यापन के लिए छोटे स्तर से ही व्यवसाय की शुरुआत की जा सकती है। उन्होंने अभ्यर्थियों को व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यकता अनुसार ऋण मुहैया कराने का आश्वासन दिया, ताकि वे अपने सपनों को पूरा कर सकें।

युवक की अचानक हुई मृत्यु से बारुण में छाया रहा मातम

निज संवाददाता | बारूण (औरंगाबाद)

बारुण थाना क्षेत्र के खेमदा निवासी रमेश सिंह के पुत्र और न्यूज यूट्यूबर श्रवण यादव के 27 वर्षीय छोटे भाई, बसंत कुमार की अचानक मृत्यु ने पूरे गांव में मातम का माहौल बना दिया है। बसंत की मृत्यु की खबर ने गांव के लोगों को गहरा सदमा पहुंचाया है, और चारों ओर शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार, बसंत कुमार रात को एनपीजीसी से काम करके घर लौटे थे। अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई, जिससे परिवार में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। बसंत के दो छोटे-छोटे पुत्र हैं, जो अब अपने पिता के बिना जीवन की कठिनाइयों का सामना करेंगे।

बसंत की मृत्यु की खबर लगते ही बारुण और आसपास के लोग उनके घर पर इकट्ठा होने लगे। इस दुखद मौके पर कई स्थानीय गणमान्य व्यक्ति भी वहां पहुंचे। विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह, चेयरमैन इंदू देवी, राजद जिला उपाध्यक्ष डॉ. चंदन कुमार, जनकल्याण सेवा समिति के संस्थापक नीरज गुप्ता और अध्यक्ष विकास कुमार सहित समाजसेवी अर्जुन सिंह, बाबूधन यादव, पूर्व मुखिया लक्ष्मण सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रंजीत चौधरी, शिक्षक कृष्ण कुमार, सुशिल यादव, पार्षद सुरेंद्र यादव, मानवाधिकार के जिलाध्यक्ष संजय तिवारी और धीरज गुप्ता जैसे कई स्थानीय नेता और समाजसेवी मृतक के स्वजनों को सांत्वना देने पहुंचे और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

मां दुर्गा क्लब गांधीनगर में भव्य सत्संग और भजन संध्या का आयोजन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शुक्रवार की देर शाम मां दुर्गा क्लब गांधीनगर औरंगाबाद द्वारा एक भव्य सत्संग और भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय समाज के विभिन्न वर्गों के लोग सम्मिलित हुए। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य नवरात्र के पावन अवसर पर मां दुर्गा की उपासना और भक्तों में धार्मिक चेतना का संचार करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवियों और क्लब के पदाधिकारियों आचार्य पंडित विनय तिवारी, अध्यक्ष चुलबुल सिंह, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह, सचिव छोटेलाल सिंह, फौजी अभिषेक कुमार और कार्यकारिणी सदस्य जीतेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम की शुरुआत भजन गायक डी. आनंद ने गुरु वंदना से की। उन्होंने अपने प्रवचन में गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'जिसके जीवन में गुरु नहीं होता, उसका जीवन शुरू नहीं होता।' उन्होंने आगे बताया कि नवरात्र का पवित्र महीना शक्ति की उपासना के लिए समर्पित होता है और मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना से जीवन में समृद्धि और सुख की प्राप्ति होती है। डी. आनंद द्वारा प्रस्तुत 'देवी पचरा' और 'देवी भईली डुमरी के फूल' जैसे भक्तिमय गीतों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्तगण देर तक भक्ति संगीत की धुनों पर झूमते रहे। इस विशेष अवसर पर मां दुर्गा क्लब गांधी नगर ने डी. आनंद को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। पूजा समिति के सदस्यों ने कहा कि लावारिस दिव्यांग जनों के लिए भोजन वितरण और नारायणी गंडकी महा आरती का आयोजन एक ऐतिहासिक पहल है, जिसके लिए डी. आनंद की सेवाओं की जितनी सराहना की जाए, वह कम है।

डी. आनंद ने अपने प्रवचन में शाकाहार को अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि जैसा अन्न हम खाते हैं, वैसा ही हमारा मन हो जाता है। उन्होंने औरंगाबाद पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन की तारीफ करते हुए देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी, जिसमें 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से पूरा कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। स्थानीय युवाओं की भी इस कार्यक्रम में विशेष भागीदारी रही, जिससे आयोजन में उत्साह का संचार हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष चुलबुल सिंह और समाजसेवी प्रकाश यादव ने बताया कि आने वाले वर्ष में दुर्गा मंदिर का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा और मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा को स्थापित किया जाएगा। आचार्य पंडित विनय तिवारी ने दुर्गा सप्तशती के पाठ का महत्व बताते हुए कहा कि नवरात्र के अवसर पर मां के 108 नामों का जाप विशेष रूप से कल्याणकारी होता है।

विधिक संघ के भवन निर्माण हेतु सांसद निधि से देंगे 15 लाख : अभय कुशवाहा

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शनिवार को जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में सांसद अभय कुशवाहा का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला विधिक संघ औरंगाबाद के उपाध्यक्ष उदय कुमार सिन्हा और संचालन महा सचिव जगनरायण सिंह ने किया, मीडिया प्रभारी अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि उपाध्यक्ष उदय कुमार सिन्हा और महासचिव ने सांसद अभय कुशवाहा को बुके देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात कार्यकारणी सदस्य और अधिवक्ताऔ ने माला पहनाकर सांसद महोदय का स्वागत किया, सांसद अभय कुशवाहा ने उपस्थित सभी अधिवक्ताओं को मिठाई खिलाकर अधिवक्ता समाज को अपने जीत में भागीदार बताया। स्वागत भाषण विधिक संघ औरंगाबाद के उपाध्यक्ष उदय कुमार सिन्हा के द्वारा किया गया, महासचिव जगनरायण सिंह ने सांसद महोदय को अधिवक्ता समाज के हितैषी बताया और कहा कि अधिवक्ता कल्याण के लिए वें आगे भी प्रयासरत रहेंगे। सांसद ने सांसद बनने पर अधिवक्ता समाज का आभार जताया और कहा कि सांसद निधि से जिला विधिकज्ञ संघ औरंगाबाद के भवन निर्माण के लिए 15 लाख रुपए देने की घोषणा करते हैं और कहा कि अधिवक्ता समाज की भारतीय लोकतंत्र में काफी उच्चतम स्थान है ये समाज और लोकतंत्र के प्रहरी है। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि गरीबों के कल्याण में अधिवक्ता समाज आगे आए।

पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने लोजपा महासचिव के पुत्र के निधन पर जताया शोक

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने हाल ही में डेंगू से निधन होने की सूचना पर लोजपा बिहार प्रदेश महासचिव कमलेश शर्मा के गया स्थित आवास पर जाकर उनके परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। इस दुखद मौके पर उन्होंने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और कहा कि ईश्वर परिवार को इस विपदा को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

सुशील कुमार सिंह ने अपनी भावनाएँ व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुःख की घड़ी में मैं परिवार के साथ हूँ। मैं प्रार्थना करता हूं कि ईश्वर इस कठिन समय में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करे। उन्होंने इस घटना को अत्यंत दुखद बताया और कहा कि इस घटना से मैं बहुत दुःखी हूं। मैं नम आंखों से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।

इस शोकसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेता, कार्यकर्ता और समाजसेवी भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कमलेश शर्मा के पुत्र को श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार के प्रति समर्थन व्यक्त किया। इस कठिन समय में सुशील कुमार सिंह का यह कदम उनके मानवता के प्रति गहरे संवेदनशीलता को दर्शाता है।

राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने खारिज की अपील

एसवीवी संवाददाता |औरंगाबाद

राज्य उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, बिहार ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण मामले में अपनी टिप्पणी के साथ एक अपील को खारिज कर दिया है। इस मामले में आवेदिका रूणा देवी ने जिला उपभोक्ता अदालत में एक शिकायत दायर की थी, जिसमें उन्होंने चिकित्सक डॉ. मो परवेज अख्तर पर लापरवाही का आरोप लगाया था। आवेदिका ने अपनी शिकायत में कहा कि 24 अप्रैल 2008 को डॉ. मो परवेज अख्तर ने बिना वरिष्ठ चिकित्सक की सलाह के और बीमारी की गंभीरता बताए बिना पेट का ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद, उन्हें 4 मई 2008 तक अपने ही क्लिनिक में भर्ती रखा गया। बाद में उन्हें इंदिरा गांधी चिकित्सा विज्ञान संस्थान, पटना के लिए रेफर किया गया, जिसमें बताया गया कि पथरी फंसी हुई है और इस कारण उसे नहीं निकाला जा सका। रूणा देवी ने इस मामले में 18,000 रुपये ऑपरेशन खर्च और शारीरिक एवं मानसिक उत्पीड़न के लिए 1.5 लाख रुपये मुआवजे की मांग की थी। जिला उपभोक्ता अदालत के सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने इस मामले में निर्णय सुनाते हुए डॉ. मो परवेज को 35 दिनों के अंदर 20,000 रुपये मुआवजा और 13,000 रुपये उपचार राशि वापस करने का आदेश दिया। आदेश के अनुसार, यदि ऐसा नहीं किया गया, तो 9% ब्याज भी लगेगा।

हालांकि, डॉ. मो परवेज अख्तर का 21 अप्रैल 2021 को निधन हो गया।